वर्ष-21 ■ अंक-300
■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00

दिल्ली (राष्ट्रीय संस्करण)

■ बुधवार ■ 18 दिसंबर 2024

पौष कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत्-2081

E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

दैनिक
# समय जगत



दिल्ली, भोपाल, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

देश की राजधानी से प्रकाशित होकर विभिन्न प्रदेशों में प्रसारित

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in

# प्रधानमंत्री ने पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना का किया शिलान्यास

## मोदी ने कहा– राजस्थान के 100 फीसदी घरों में नल से पहुंचेगा जल




**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार (17 जनवरी) को जयपुर में पार्वती-कालीसिंध-चंबल ईआरसीपी परियोजना का शिलान्यास किया। भजनलाल सरकार के एक वर्ष पूरा होने के कार्यक्रम में पहली बार राजस्थान-मध्य प्रदेश की परियोजना के समझौते को भी सार्वजनिक किया गया। पीएम ने इस परियोजना में देरी के लिए पूर्व की कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समाधान की बजाय राज्यों के बीच जल विवाद को ही बढ़ावा देती रही। मोदी ने कहा कि इस परियोजना के समझौते पर हस्ताक्षर वाली मप्र और राजस्थान के सीएम की फोटो कोई सामान्य नहीं है। आने वाले सालों में देशभर के लोग ये फोटो दिखाकर उनके राजनेताओं से पूछेंगे कि आप पानी पर राजनीति ही करते रहे। पानी समुद्र में बह गया, लेकिन एक कागज पर दस्तखत क्यों नहीं कर पाए। इस मौके पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि ये 20 साल पुराना झगड़ा था। दोनों प्रदेश में ये जल की सौगात पीएम मोदी की वजह से ही पूरी हो पाई है। वहीं, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इस परियोजना से राजस्थान के 21 जिलों का फायदा होगा। यहां की 2.5 लाख हेक्टेयर भूमि पर भी सिंचाई हो सकेगी। इस दौरान पीएम ने केंद्र और राज्य की 46 हजार करोड़ से ज्यादा योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास भी किया। प्रधानमंत्री ने ईआरसीपी और पहले के जल विवादों को लिए कांग्रेस को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि लोग उनसे जरूर पूछेंगे कि कौनसे कर्म की वजह से ईआरसीपी समझौता नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि आज जो हुआ है वो बहुत ही असाधारण घटना है। मैं जब गुजरात का मुख्यमंत्री था तब हमने बिना किसी झगड़े के नर्मदा का पानी राजस्थान को दिया। उस समय भैरोंसिंह जी-जसवंत सिंह जी मिलने के लिए आए थे। भैरोंसिंह जी की तो उंगली पड़कर हम कई लोग बड़े हुए हैं। वह आकर मेरे सामने बैठे नहीं, वह मेरा सम्मान करना चाहते थे, मैं यह देखकर मैं अवाक था। ताजा समझौते से राजस्थान को पानी मिलने का दावा भी किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान के 100 फीसदी घरों में नल से जल पहुंचेगा। केंद्रीय जल मंत्री इस अभियान को हाथ में ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि रूफटॉप सोलर स्कीम में भी राजस्थान को फायदा हुआ है। पेपरलीक राजस्थान की पहचान बन चुका था। युवाओं को नौकरियां नहीं मिल रही थीं। भाजपा सरकार आने के बाद परिस्थितियां बदली हैं। पेट्रोल-डीजल भी सस्ता मिल रहा है।


## पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो अभियान से संपूर्ण पश्चिमी मध्यप्रदेश होगा लाभान्वित: मुख्यमंत्री

### डॉ. यादव ने कहा- प्रधानमंत्री की पहल पर मिली सौगात है महत्वपूर्ण

**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मंगलवार का दिन मध्यप्रदेश और राजस्थान के लिए ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पार्वती, चंबल और कालीसिंध नदी जोड़ो अभियान के लिए त्रि-पक्षीय अनुबंध होने वाला है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर केन्द्र सरकार द्वारा मध्यप्रदेश और राजस्थान को 72 हजार करोड़ रुपये की अद्भुत परियोजना की बड़ी सौगात दी जाएगी। इससे मध्यप्रदेश के 13 जिलों में न केवल पीने के पानी की बल्कि सभी प्रकार की सिंचाई की व्यवस्था भी होगी। जल, भगवान की देन है लेकिन जल का सद्उपयोग सरकार के माध्यम से समाज के हित में होता है। गत 20 वर्ष से किसी न किसी कारण से राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच होने वाला समझौता टला। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में यह बदलाव का दौर है। इस परियोजना से श्योपुर, भिंड, मुरैना, शिवपुरी, गुना, अशोक नगर सहित आगर, इंदौर, धार, उज्जैन, शाजापुर, राजगढ़, सीहोर इत्यादि संपूर्ण पश्चिमी मध्यप्रदेश में पीने के पानी और सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा राजस्थान के ग्राम दादिया (जयपुर) में पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना के कार्यक्रम केलिये रवाना होने के पहले जारी अपने संदेश में यह बात कही। इस परियोजना से प्रदेश के 3217 ग्रामों को लाभ मिलेगा। मालवा और चंबल क्षेत्र में 6 लाख 13 हजार 520 हेक्टेयर में सिंचाई होगी और 40 लाख की आबादी को पेयजल उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त लगभग 60 वर्ष पुरानी चंबल दाई मुख्य नहर एवं वितरण-तंत्र प्रणाली के आधुनिकीकरण कार्य से भिंड, मुरैना एवं श्योपुर जिले में कृषकों की मांग अनुसार पानी उपलब्ध कराया जाएगा। पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना की अनुमानित लागत 72 हजार करोड़ है, जिसमें मध्यप्रदेश 35 हजार करोड़ और राजस्थान 37 हजार करो? रूपये व्यय करेगा। केन्द्र की इस योजना में कुल लागत का 90 प्रतिशत केन्द्रांश और 10 प्रतिशत राज्यांश रहेगा। परियोजना की कुल जल भराव क्षमता 1908.83 घन मीटर होगी। साथ ही 172 मिलियन घन मीटर जल, पेयजल और उद्योगों के लिये आरक्षित रहेगा। परियोजना अंतर्गत 21 बांध/बैराज निर्मित किये जाएंगे।

# समाज के सभी वर्गों को मजबूत बनाना है जरूरी: भागवत

## आरएसएस प्रमुख ने कहा- ईश्वर देता है समाज सेवा की प्रेरणा



**पुणे।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने सोमवार को कहा कि व्यक्ति को अहंकार से दूर रहना चाहिए नहीं तो वह गड्ढे में गिर सकता है। पुणे में हुए कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए समाज के सभी वर्गों को मजबूत बनाना जरूरी है। संघ प्रमुख भागवत ने कहा कि हर व्यक्ति में एक सर्वशक्तिमान ईश्वर होता है, जो समाज की सेवा करने की प्रेरणा देता है, लेकिन अहंकार भी होता है। राष्ट्र की प्रगति केवल सेवा तक सीमित नहीं है। सेवा का उद्देश्य नागरिकों को विकास में योगदान देने में सक्षम बनाना होना चाहिए। भागवत ने कहा कि सभी को लगता है समाज में सब कुछ गलत हो रहा है, लेकिन हर नकारात्मक पहलू के लिए समाज में 40 गुना ज्यादा अच्छी और शानदार सेवा की जा रही है। इस बारे में लोगों को बताना जरूरी है। इंसान सुपरमैन, फिर भगवान बनना चाहता है- प्रगति का कोई अंत नहीं है। इंसान पहले सुपरमैन, फिर देवता और उसके बाद भगवान बनना चाहता है, लेकिन अभी यह नहीं समझना चाहिए कि बस अब हो गया। उन्हें लगातार काम करते रहना चाहिए, क्योंकि विकास का कोई अंत नहीं है। कांग्रेस ने भागवत के इस बयान को प्रधानमंत्री मोदी के लिए बताया था। संघ चुनाव नतीजों के एनालिसिस में नहीं उलझता- चुनाव के बाद बाहर का माहौल अलग है। नई सरकार भी बन गई है। ऐसा क्यों हुआ, संघ को इससे मतलब नहीं है। संघ नतीजों के विश्लेषण में नहीं उलझता। लोगों ने जनादेश दिया है, सब कुछ उसी के अनुसार होगा। क्यों? कैसे? संघ इसमें नहीं पड़ता। दुनियाभर में समाज में बदलाव आया है, जिससे व्यवस्थागत बदलाव हुए हैं। यही लोकतंत्र का सार है। मर्यादा का पालन करें, अहंकार न करें- जो अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए मर्यादा की सीमाओं का पालन करता है, जो अपने काम पर गर्व करता है, फिर भी अनासक्त रहता है, उसमें अहंकार नहीं होता है - ऐसा व्यक्ति वास्तव में सेवक कहलाने का हकदार है।

3 बच्चे पैदा करने चाहिए- समाज नष्ट न हो इसलिए सभी को कम से कम 3 बच्चे पैदा करना जरूरी है। देश की जनसंख्या नीति 1998-2002 में तय की गई थी। इसके मुताबिक जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 से नीचे नहीं होनी चाहिए। अगर ऐसा होता है, तो समाज अपने आप नष्ट हो जाएगा। अब कोई इंसान 0.1 पैदा तो नहीं होता... इसलिए यह कम से कम तीन होना चाहिए। मणिपुर जल रहा, इस पर कौन ध्यान देगा- एक साल से मणिपुर शांति की राह देख रहा है। इससे पहले 10 साल शांत रहा और अब अचानक जो कलह वहां पर उपजी या उपजाई गई।

# ब्लास्ट में रूसी न्यूक्लियर प्रोग्राम चीफ की हुई मौत

**मास्को।** रूस के न्यूक्लियर प्रोग्राम के चीफ इगोर किरिलोव की मॉस्को के एक धमाके में मौत हो गई है. वह राष्ट्रपति पुतिन के बेहद करीबी माने जाते थे. यह धमाका राष्ट्रपति भवन से मात्र सात किलोमीटर की दूरी पर हुआ है. यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस ने दावा किया है कि उन्होंने इस घटना को अंजाम दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इगोर किरिलोव अपने अपार्टमेंट से बाहर निकल रहे थे कि तभी पास ही पार्क एक स्कूटर में ब्लास्ट हो गया. इस घटना में इगोर किरिलोव के साथ-साथ उनके असिस्टेंट की भी मौत हो गई है।

बता दें कि यह धमाका राष्ट्रपति भवन से महज सात किलोमीटर की दूरी पर हुआ है. कहा जा रहा है कि धमाके के लिए 300 ग्राम टीएनटी का इस्तेमाल किया गया था. इस संबंध में आपराधिक हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। सोशल मीडिया पर वायरल इस घटना के वीडियो में देखा जा सकता है कि इमारत का मलबा पड़ा हुआ है और खून से सने हुए दो शव मलबे के बीच पड़े हुए हैं. पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर दी है। कहा जा रहा है कि ये धमाका इतना तेज था कि इससे इमारत पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है. किरिलोव की मौत के बाद रूसी संसद के डिप्टी स्पीकर ने कहा है कि बेहद सोच-समझकर प्लानिंग के तहत इस घटना को अंजाम दिया गया है।

## उप मुख्यमंत्री ने कहा- प्रदेश के विकास के लिये कर्ज लेना है जरूरी

# कटोरा लेकर विधानसभा पहुंचे कांग्रेस विधायक

**समय जगत, भोपाल।** शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन की शुरुआत भी हंगामे के साथ हुई। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा लगातार लिए जा रहे कर्ज के विरोध में मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक हाथों में कटोरा लेकर विधानसभा पहुंचे। विधानसभा परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने जमकर नारेबाजी की। उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने कहा- ये कटोरा दिखा रहा है कि भाजपा सरकार मध्यप्रदेश को भिखारियों का प्रदेश बनाने की ओर ले जा रही है। एमपी में प्रत्येक व्यक्ति पर कर्ज करीब 50 हजार रुपए हो चुका है। इस कर्ज से सरकार की सुख सुविधाएं पूरी हो रही हैं। कांग्रेस के इस प्रदर्शन पर डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि कांग्रेस के लोग गुमराह कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि प्रदेश की तरक्की के लिए कर्ज लेना बेहद जरूरी है। एमपी में हमने जो कर्ज लिया है वो तीन फीसदी से कम लिया है। डिप्टी सीएम ने कहा कि कांग्रेस को जब मौका मिला था, उसने प्रदेश को बीमारू बनाया था। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा- लोकतंत्र के चार स्तंभों में सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ विधानसभा ही है। इसी के माध्यम से जनता की समस्याओं का निराकरण हो सकता है। धीरे-धीरे हमारे प्रति विश्वास घट रहा है क्योंकि लोकसभा-विधानसभा में हंगामे बढ़ रहे हैं। सदन को इस पर सोचना चाहिए। जनता की समस्या हल करने पर अधिक से अधिक फोकस किया जाना चाहिए।




विधानसभा के स्थापना दिवस पर चर्चा में पूर्व उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिंह ने कहा- सरकार को विधायकों के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए। शिकायत आ रही है कि भाजपा विधायकों को विकास कार्यों के लिए 15-15 करोड़ रुपए दिए जाते हैं। यह भेदभाव नहीं होना चाहिए। कांग्रेस के विधायकों को भी जनता ने ही चुना है। उन्होंने कहा- पहले सालभर में 55 से 60 दिन तक विधानसभा की कार्यवाही चलती थी और अब 20 से 22 दिन ही चल पा रही है। बैठकों का समय बढ़ाया जाना चाहिए।

इससे पहले विधानसभा के 67 साल पूरे होने पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी निभा चुके विधायकों ने मांग की कि सत्रों का समय बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष में समन्वय के साथ विधानसभा अध्यक्ष को पहल करना चाहिए। जिससे जनता के बीच से आने वाली समस्याओं का निराकरण किया जा सके। इस पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि विधानसभा के स्थापना दिवस पर जो सुझाव आए हैं, उन पर विचार किया जाएगा। विधानसभा के भीतर प्रश्नोत्तर काल से कार्यवाही शुरू हुई। इसमें महिला सशक्तिकरण के नाम पर शुरुआती 7 सवाल महिला विधायकों ने किए। पहला सवाल सीधी विधायक रीति पाठक ने किया। उन्होंने सीधी विधानसभा में दो पुलिस चौकियां खोलने की मांग की।

## महाकुंभ में नहीं होगी शौचालय की असुविधा, सार्वजनिक शौचालय की जिओ टैगिंग हुई शुरू

**वाराणसी।** महाकुंभ 2025 में श्रद्धालु प्रयागराज के बाद वाराणसी आएंगे। श्रद्धालुओं की सबसे बड़ी समस्या साफ-सुथरे शौचालय मिलने की होती है। सड़क पर पड़ने वाले सार्वजनिक शौचालय का पता करना मुश्किल होता है। वाराणसी जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की इस समस्या का समाधान करने के लिए प्रयागराज से वाराणसी के सभी रास्तों पर सार्वजनिक शौचालय की जिओ टैगिंग शुरू कर दी है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि नगर निगम के तर्ज पर ग्रामीण इलाकों में मौजूद सार्वजनिक शौचालय की जिओ टैगिंग का काम शुरू कर दिया गया है। ग्रामीण इलाकों में वर्तमान में 700 से ज्यादा सार्वजनिक शौचालय हैं। इनकी साफ-सफाई के लिए जिम्मेदार सफाईकर्मी की जिओ टैगिंग के जरिये निगरानी की जा रही है। सर्च इंजन गूगल पर इन सभी सार्वजनिक शौचालय की लोकेशन रहेगी। कोई भी गूगल मैप के जरिये अपने आसपास मौजूद सार्वजनिक शौचालय का पता लगा सकता है। शौचालयों को गूगल मैप पर पिन किया जा रहा। जिलाधिकारी ने महाकुंभ के दौरान मार्ग पर खुले में मीट की बिक्री होने पर संबंधित विभाग के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है। किसी की धार्मिक भावनाएं आहत न हो।

**आयोजन** | खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री सारंग ने की समारोह पूर्व समीक्षा

# आज होगा खेल प्रतिभाओं का सम्मान एवं प्रोत्साहन समारोह



**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 18 दिसम्बर को दोपहर 12. 30 बजे तात्या टोपे खेल स्टेडियम में मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व के उपलक्ष्य में खेल प्रतिभाओं का सम्मान एवं प्रोत्साहन समारोह होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग करेंगे। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मध्यप्रदेश के श्रेष्ठ खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिये यह आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा।

इस परिप्रेक्ष्य में मंत्री श्री सारंग ने विधानसभा स्थित अपने कक्ष में खेल अधिकारियों के साथ समारोह पूर्व समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि समारोह गरिमापूर्ण एवं भव्य हो। समारोह में खिलाड़ियों को किट वितरण, श्रेष्ठ खिलाड़ियों का सम्मान और खेल प्रोत्साहन की अन्य गतिविधियों को शामिल किया जाये। इसमें उत्कृष्ट खिलाड़ी, कोच एवं स्थानीय जन-प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाये। स्पोर्ट्स एक्टिविटी में शामिल लोगों का सहयोग लिया जाये। कार्यक्रम की ब्रॉण्डिंग एवं बोर्डिंग की व्यवस्थाएँ भी सुनिश्चित हो। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि खेल छात्रवृत्ति में स्वर्ण जीतने वाले बच्चों को प्रतीकात्मक रूप से चेक वितरण किया जाये। समारोह में खिलाड़ियों को किट वितरण, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि, प्रशिक्षण केन्द्र संचालन को प्रोत्साहन राशि आदि का वितरण भी सुनिश्चित हो। उपलब्धियों पर आधारित शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन भी समारोह में किया जाये। बैठक में संचालक रवि कुमार गुप्ता, संयुक्त संचालक बी.एल. यादव, उप सचिव संजय जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जनजातीय छात्रावासों में 138 करोड़ रूपये से अधिक के अधोसंरचना सुधार जारी: शाह



**समय जगत, भोपाल।** जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों के लिये प्रदेश के 89 जनजातीय विकासखंडों में विभिन्न श्रेणी के छात्रावासों का संचालन किया जा रहा है। इन छात्रावासों में सभी बुनियादी एवं आधुनिक सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 में सभी जनजातीय छात्रावासों में 138 करोड़ 52 लाख रूपये की लागत से अधोसंरचना सुविधाओं का सुधार एवं विस्तार किया जा रहा है। प्रदेश के 89 जनजातीय विकासखंडों एवं विशेष रूप से कमजोर एवं पिछड़े जनजातीय समूह (पीवीटीजी) बहुल 6 जिलों में कुल 380 छात्रावास एवं आश्रम शालाएं बारहमासी संस्थाओं के रूप में स्वीकृत होकर संचालित की जा रही हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 312 संस्थाओं में बीते ग्रीष्मकाल के दौरान 11 हजार 420 से अधिक विद्यार्थियों ने इन संस्थाओं में प्रवेशित रहकर अध्ययन कार्य किया। जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने बताया कि छात्रावासों की व्यवस्थाओं में सुधार एवं मॉनिटरिंग राज्य स्तर से की जा रही है। इसके लिए राज्य शासन के सचिव स्तर के अधिकारियों की छात्रावास निरीक्षण ड्यूटी लगाई गई है। जिला स्तर एवं संभाग स्तर से भी छात्रावासों के सतत् निरीक्षण के लिये निरीक्षण दल गठित कर सभी छात्रावासों का निरंतर निरीक्षण कराया जा रहा है। साथ ही विद्यार्थियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से सम्पूर्ण स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों का वर्ष में कम से-कम एक बार सम्पूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है।

मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि कन्या छात्रावासों के लिए महिला अधिकारियों का निरीक्षण दल जिला स्तर से गठित कर कन्या छात्रावासों का बारीकी से निरीक्षण कराकर बालिकाओं की काउंसलिंग भी कराई जा रही है।

# विधायक ने नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की उठाई मांग

**समय जगत, खिरकिया।** हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने द्वारा मध्य प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधानसभा सदन में सरकार से शराब ठेकों से प्राप्त राजस्व एवं अवैध शराब बिक्री के संबंध में जानकारी मांग कर हरदा जिले में नशीले पदार्थों की बिक्री एवं खुले आम चल रहे जुए और सट्टे के कारोबार पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की गई एवं अन्य जनहितसी मुद्दे विधानसभा में उठाएं। हरदा विधायक द्वारा यह प्रश्न किया गया कि हरदा जिले में शासन के निर्धारित मापदंड अनुसार कुल कितनी शराब दुकान संचालित है। इससे शासन को कितना राजस्व प्राप्त होता है, हरदा जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में बिक रही अवैध शराब को रोकने के लिए विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई है और अवैध शराब बिक्री से शासन को सालाना कितने राजस्व की हानि होती है। हरदा जिले में एम.डी. ड्रग अफीम गांजा एवं अन्य प्रकार के नशीले मादक पदार्थों की बिक्री व जुआ सट्टे का कारोबार असामाजिक तत्वों द्वारा खुले आम चलाया जा रहा है, जिससे हरदा जिले एवं पुलिस प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है साथ ही सरकार की कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठ रहे है। जिससे क्षेत्रवासियों में काफी रोष व्याप्त है। नशीले पदार्थों का सेवन करने व जुआ सट्टा खेलने वाले लोगों के घर बर्बाद हो जाते है एवं युवा इसके आदी होते जा रहे है। इस हेतु में मांग करता हूं कि हरदा जिले में नशीले मादक पदार्थों की बिक्री एवं जुए व सट्टे को प्रतिबंधित कर इन कार्यों में संलग्न असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए।



हरदा विधायक द्वारा हरदा जिले में भवन विहीन आंगनवाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण के संबंध में प्रश्न कर यह पूछा गया कि हरदा जिला अंतर्गत कुल कितने आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत है व ऐसे कितने आंगनबाड़ी केंद्र हैं जो की भवन विहीन है। हरदा जिले में जो आंगनबाड़ी केंद्र भवन विहीन है उनका संचालन कहां और किस प्रकार किया जा रहा है। हरदा जिला अंतर्गत भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण कार्य कराए जाने के संबंध में क्या योजना प्रचलन में है। इसके साथ ही शिक्षा विभाग में कार्यरत आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटर को अंडरटेकिंग कर पारिश्रमिक का विभाग द्वारा भुगतान कराये जाने की मांग की गई। हरदा विधायक डॉ दोगने द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटर का वेतन भुगतान विभाग द्वारा कंपनी के माध्यम से किया जाता है। जिससे कि कर्मचारियों को समय सीमा में वेतन का भुगतान नहीं हो पता है और विभाग द्वारा कंपनी को कर्मचारियों के वेतन हेतु अधिक राशि का भुगतान किया जाता है परन्तु कंपनी द्वारा उक्त राशि में से मोटा मुनाफा काटकर कर्मचारियों को भुगतान किया जाता है साथ ही कर्मचारियों के वेतन में से कंपनी द्वारा बीमा राशि, पीएफ राशि काटी जाती है परंतु उसकी सही जानकारी कर्मचारियों को उपलब्ध नहीं कराई जाती है। जिसके कारण वह बीमा व पीएफ की राशि की आवश्यकता होने पर उपयोग नहीं कर पाते है। यदि इसके संबंध में कर्मचारियों द्वारा जानकारी मांगी जाती है, तो उनकी सेवा समाप्त करने की बात कही जाती है जो कि अनुचित है उक्त समस्त कर्मचारी भी शासकीय कर्मचारियों की भाती शासन के लिए कई वर्षों से कार्य कर रहे है। इस हेतु उनके साथ हो रहे अन्याय पूर्ण व्यवहार को बंद किया जाना अति आवश्यक है परंतु विभाग द्वारा इस और ध्यान नही दिया जा रहा है। जिससे मध्य प्रदेश के समस्त आउटसोर्स कर्मचारी में काफी रोष व्याप्त है। इस हेतु मैं मांग करता हूं कि शिक्षा विभाग में कार्यरत समस्त कंप्यूटर ऑपरेटर का विभाग में संविलियन कर उन्हें विभाग द्वारा सीधे वेतन भुगतान कराया जावे साथ ही उनके वेतन से की जाने वाली कटौती बीमा और पीएफ राशि की जानकारी भी उन्हें उपलब्ध कराई जावे ताकि वह जरूरत के समय उस राशि का उपयोग कर सके।

हरदा विधायक द्वारा अवैध शराब के प्रश्न पर वाणिज्य कर मंत्री द्वारा यह जवाब दिया गया कि हरदा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बिक रही अवैध मदिरा को रोकने के लिए विभाग द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर स्वतः संज्ञान से विभाग के कार्यपालिक बल द्वारा अवैध मदिरा विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण तथा विक्रय के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के सुसगत धाराओं के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की की जा रही है। महिला बाल विकास मंत्री द्वारा यह जवाब दिया गया कि हरदा जिले में 699 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। जिसमें से 412 विभागीय भावनाओं में 163 अन्य शासकीय भवनों में एवं 124 आंगनबाड़ी केंद्र किराए के भावनो में संचालित है। भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्य कराए जाने के लिए वर्तमान में कोई योजना प्रचलन में नहीं है। विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भवन निर्माण की स्वीकृति वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर राज्य मद की योजना 5360 अंतर्गत जारी की जाती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य आयोजना मद अंतर्गत जिला हरदा के तीन आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण की स्वीकृति जारी की गई है।

## सार-समाचार

### लुकवासा भाजपा मंडल अध्यक्ष रघुवंशी का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत




**समय जगत, कोलारस।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा कोलारस के 6 मंडल अध्यक्षों में से खरई लुकवासा खतौरा बदरवास मंडल के अध्यक्षों की विगत दिवस भाजपा प्रदेश कार्यालय से सूची जारी हो चुकी है जिनमें लुकवासा मंडल अध्यक्ष हरिओम रघुवंशी को नियुक्त किया गया है उनकी इस नियुक्ति पर लुकवासा नगर वासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं मित्रों ने उनका माला पहनकर शॉल उड़ाकर मिठाई खिलाकर किया भव्य स्वागत एवं बधाई दी बधाई देने वालों में विधायक महेंद्र सिंह यादव जनपद पंचायत अध्यक्ष भरत सिंह चौहान योगेंद्र रघुवंशी बंटी भैया विपिन खेमरिया अरुण शर्मा सतीश भार्गव देवेंद्र गर्ग प्रमोद मिश्रा हप्पू सिंहल परमेंद्र गुड्डा राव दीपक जैन प्रवीण कटारे विवेक बैरागी देवेंद्र रघुवंशी विनोद रघुवंशी बिल्लू पटेल साहब परमाल सिंह रघुवंशी पप्पू परिहार पूनप अ रविंद्र शिवहरे सोनू राजावत हरिशंकर धाकड़ सोनू जैन विनोद सिकरवार विपिन मित्तल दीपक वत्स भाजपा मीडिया प्रभारी अनंत सिंह जाट सहित ग्रामीण जनों ने दी बधाई शुभकामनाएं।

### महिला सुरक्षा को लेकर कार्यक्रम किया आयोजित



**समय जगत, जौरा।** शासकीय स्नातक महाविद्यालय में महिला सुरक्षा एवं लैंगिक समानता को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 17 दिसंबर को शासकीय स्नातक महाविद्यालय में महिला सुरक्षा एवं लैंगिक समानता को लेकर आयोजित कार्यक्रम में उप निरीक्षक श्रीमती ममता गुर्जर ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष आंकड़े एवं जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है कार्यक्रम में उपस्थित प्रोफेसर एस एन शुक्ला ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान हम सभी की जिम्मेदारी है महिलाओं की सुरक्षा एवं लैंगिक समानता विषय को लेकर विस्तृत चर्चा भी की गई कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर प्रीति यादव ने किया जबकि आभार सुधीर पाठक ने व्यक्त किया मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती ममता गुर्जर उपस्थिति रही।

### अपर कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी 124 आवेदनकर्ताओं की फरियाद



**समय जगत, मुरैना।** सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार प्रत्येक मंगलवार को पूर्वान्ह 11 से दोपहर 01 बजे तक जिला, खंड, नगरीय निकाय, पंचायत स्तर पर हर कार्यालय में जनसुनवाई करने के निर्देश हैं। निर्देशों के तहत जिला मुख्यालय पर कलेक्टर अंकित अस्थाना के निर्देश पर अपर कलेक्टर सीबी प्रसाद ने 124 आवेदनकर्ताओं को जनसुनवाई के दौरान सुना। जनसुनवाई के दौरान 124 आवेदनों में से 04 आवेदन ऐसे पाये गये है, जिनका टीएल में निराकरण संभव था। उन आवेदनों को उत्तरा पोर्टल पर दर्ज किया गया। जनसुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री आरबी नाडिया, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मेघा तिवारी, श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा, रामनिवास सिकरवार, तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे। इसी प्रकार अम्बाह मुख्यालय पर एसडीएम अरविन्द माहौर ने जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने जरूरतमंद लोगों के आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुये उन्हें लाभ दिलाने का आश्वासन भी दिया।

### अमानक बीज पाये जाने पर 10 फर्मों के बीज विक्रय तथा स्थानांतरण पर तत्काल प्रभाव से लगा प्रतिबंध

**समय जगत, मुरैना।** कलेक्टर अंकित अस्थाना ने जिले में बीज विक्रय दुकानों पर निरीक्षण करने के निर्देश उप संचालक कृषि पीसी पटेल को दिये थे। निर्देशों के तहत खंड स्तर के अधिकारियों द्वारा भ्रमण कर विभिन्न दुकानों पर छापामार कार्यवाही कर सेम्पल लिये। प्रयोगशाला में 10 फर्मों के बीच अमानक पाये गये। उन सभी 10 फर्मों के बीज विक्रय तथा स्थानांतरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध कर दिये हैं। जिनमें पचौरी बीज भंडार कन्याशाला रोड अंबाह, रोहित खाद बीज भंडार सब्जी मंडी अम्बाह, रामकृपा कृषि सेवा केन्द्र पोरसा, न्यू राम बीज भंडार अटेर रोड पोरसा, जयगुरुदेव बीज भंडार जौरा, आईएफएफडीसी कृषक सेवा केन्द्र एबी रोड बानमोर, न्यू समाधिया एग्रो एजेन्सी एबी रोड बानमोर, महाकाल कृषि सेवा केन्द्र वाटरवक्स रोड अंबाह, सौरभ बीज भंडार जग्गा चौराहा अंबाह और गांधी बीज भंडार जीवाजी गंज मुरैना के नाम शामिल हैं।

### नगरीय निकायों में आज लगेंगे इन स्थानों पर मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर

**मुरैना।** प्रदेश सरकार द्वारा नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 11 दिसंबर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर लगाये जा रहे हैं। कलेक्टर अंकित अस्थाना के मार्गदर्शन में मुरैना जिले के समस्त नगरीय निकायों में 18 दिसंबर को 8 स्थानों पर मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर लगेंगे। पीओ डूडा सुश्री मेघा तिवारी ने बताया कि 18 दिसंबर को नगर निगम मुरैना के चंद्रशेखर वार्ड, महाकाल वार्ड, जौरा नगर पंचायत में टैगोर वार्ड, बानमौर नगर पंचायत में रविदास वार्ड, कैलारस नगर पंचायत में चंद्रशेखर आजाद वार्ड, नगरपालिका सबलगढ़ में सुभाष वार्ड, नगरपालिका पोरसा में सुभाष चंद्र बोस वार्ड और नगरपालिका अंबाह में बाबा दशरथ वार्ड में कैंप आयोजित किये जायेंगे।

# शहर को विकसित करने के लिए 2035 तक का मास्टर प्लान बनकर तैयार : आयुक्त

## सतेन्द्र धाकरे ने कहा - जल्द ही अतिक्रमण मुक्त होगा शहर

**समय जगत, मुरैना।** शहर के लिए 2035 तक का मास्टर प्लान बनकर तैयार है जो ग्वालियर एक्सटेंशन साडा और मुरैना के कई गांवों को जोड़कर बनाया गया है। जिसे अनुशंसा हेतु भेजा गया है। इसके अलावा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाना और साफ-सुथरा बनाना ,नगर निगम का मुख्य उद्देश्य रहेगा। नये जुनून के साथ मुरैना को विकास के पटल नं 1वनाने के लिए नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र धाकरे ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि शहर भ्रमण के दौरान जो सबसे ज्यादा समस्याऐं दिखाई दी वह नाले-नालियों की है जो ज्यादातर चौक बने हुए हैं।



ऐसा नहीं है कि इन नालों की साफ-सफाई न की जाती है लेकिन लोगों द्वारा इसमें प्लास्टिक, पॉलिथिन और डिस्पोजल ग्लास जैसी चीजें डाल दी जाती हैं जिस कारण नाले-नालियां जाम हो जाते हैं और पानी की निकासी नहीं हो पाती। इसके लिए नगर निगम द्वारा सभी नालों को हर महीने साफ करने की व्यवस्था की गई है इसके अलावा लोगों से भी यह अपील की है कि नाले-नालियों में किसी भी तरह की ऐसी चीजें न डालें जिससे नाले-नालियां जाम हो जायें। आयुक्त ने बताया कि शहर के बड़े नालों का ढाल बनाकर उन्हें क्वारी नदी की तरफ मोढ़ने का प्लान तैयार किया जा रहा है। अतिक्रमण पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि अतिक्रमण से सड़कें संकुचित हो जाती हैं। यह अतिक्रमण दो प्रकार के होते हैं एक तो पुराने शहर में लोगों द्वारा अपनी दुकानों के आगे सामान रखकर कब्जा किया हुआ है और कुछ लोगों द्वारा सड़क किनारे गुमठी रखकर सड़क कब्जा रखा है। इसके अलावा कई लोगों द्वारा अवैध कॉलोनियां बनाकर सड़कों को संकुचित कर दिया गया है जहां नाले-नालियों की व्यवस्था कतई नहीं होती। इसके लिए सभी लोगों से आग्रह है कि अगर कोई नया घर निर्माण करता है तो वह नगर निगम से अनुमति ले जिससे नाले-नालियों और सडकों के लिए जगह छोड़ी जा सके। जबकि लोग ऐसा नहीं करते और नाले-नालियों के ऊपर ही अपने घर का चबूतरा बना देते हैं जिससे नाले-नालियां तो जाम होती ही हैं साथ ही सडक भी संकुचित हो जाती है। मास्टर प्लान की बात की जाये तो इसके तहत सड़कें कितनी चौड़ी होंगी, कहां-कहां पार्क बनाये जायेंगे, स्कूलों के लिए कहां जगह देनी है। उद्योगिक क्षेत्र व कॉमर्शियल जगह कहां होगी, हॉस्पीटल कहां होंगे यह सब मास्टर प्लान के तहत आते हैं जिसको तैयार कर लिया गया है। आयुक्त ने बताया कि 2035 तक का मास्टर प्लान बनकर तैयार है जिसमें ग्वालियर एक्सटेंशन के साडा सिटी के तहत आने वाले कुछ गांव और मुरैना जिले के गांवों शामिल हैं जिन्हें मिलाकर यह मास्टर प्लान तैयार किया गया है। जब आयुक्त से पूछा गया कि शहर के ज्यादातर पार्क अतिक्रमण की चपेट में हैं उनके लिए नगर निगम द्वारा क्या कार्यवाई की जा रही है। इस पर आयुक्त ने बताया कि शहर में जितने भी नगर निगम के पार्क हैं वहां सौन्दर्यीकरण तो किया ही जायेगा साथ ही अगर किसी पार्क में अतिक्रमण है तो उसे तुरंत हटाने की कार्यवाई भी नगर निगम द्वारा की जायेगी। शहर में मैरिज गार्डन में पार्किंग न होने से यातायात बाधित होता है इस सवाल पर आयुक्त धाकरे ने बताया कि शासन द्वारा इस ओर भी नियम बनाये गये हैं। जिसके तहत सभी मैरिज गार्डन के पास उचित रूप से पार्किंग व्यवस्था होनी चाहिए अगर कोई मैरिज गार्डन संचालक ऐसा नहीं करता है तो उसे पहले तो नोटिस दिया जायेगा और बाद में उसके खिलाफ उचित कार्यवाई की जायेगी। आयुक्त धाकरे द्वारा शहर के लोगों से अपील की है कि कचरा हमेशा कचरा वाहन में ही डालें जिससे आस-पास गंदगी नहीं फैलेगी। अगर शहर साफ स्वच्छ होगा तो लोगों को पहचान उससे की जायेगी। शहर आपको है इसे कैसा रखना है यह जनता के हाथ में है जन सहयोग मिलता रहा तो मुरैना को विकास के पटल पर नं1बनाने का हमारा प्रयास और अधिक प्रबल होगा।

# एसएएफ के जवान राजेंद्र चौगढ़ ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

**अल्ताफ खान**
**समय जगत धार।** वर्तमान समय मे जहां आज लोग पैसो की लूट खसोट मे लगे है और पैसो के लिए कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं ,आज के दौर मे लोगो का ईमानदारी से विश्वास उठता ही जा रहा है। ऐसे मे वही एक ईमानदारी की मिसाल 34 बटालियन धार मे पदस्थ आरक्षक राजेंद्र चौगढ़ ने पेश की है। दरअसल आरक्षक राजेंद्र चौगढ़ ने बताया की मे बच्चों की फीस भरने कैलाश नगर की एक आनलाइन दुकान पर गए जहां ऑनलाइन दुकान वाले के पास पैसा नही होने के कारण दुकानदार ने नगद पैसा लाने का बोला वही नजदीक एस बी आई के ए टी एम पर जब मे पैसा निकालने गया तो वह ए टी एम के निकासी जहां से पैसा निकलता है तो वहा पर पांच सो के चार पाँच नोट निचे गिरे हुए पड़े नजर आये,ऐसे मे आरक्षक वही रुक गए , ए टी एम से ऑटो मेटिक लोडिंग हो रही है।और ए टी एम ऐसी चल रही है जैसे कोई ए टी एम कार्ड से पैसा निकाल रहा हो, जब आरक्षक ने देखा तो एक पांच सो का नोट ए टी एम निकासी पर फसा हुआ नजर आया। आरक्षक ने उन नोटों को हाथ तक नही लगाया और नही ही किसी को भी ए टी एम के पास आने जाने नही दिया।



उन्होंने मामला देख तुरंत अपने वरिष्ठ अधिकारी सब इंस्पेक्टर आशीष वाखला व सचिन पटेल को सूचना दी, उन्होंने तुरंत ही एस बी आई शाखा के मैनेजर को जानकारी दी,जानकारी मिलते ही एरिया विजिट टीम को भेजा जब तक आरक्षक वही ए टी एम के बहार खड़े रहे और 6 हजार रुपये जो ए टी एम से निकले थे उनको वापस लौटाए। आरक्षक की ईमानदारी देखकर स्टॉफ व एस बी आई के स्टॉफ द्वारा प्रंशसा की जारी है।

**क्या हो सकता है मामला:** क्या कोई ए टी एम से पैसे निकालने गया था ? उस समय पैसे नही निकले होगे ? तो वह चला गया होगा ? या फिर ए टी एम ने ऑटोमेटिक पैसे निकाल दिये? क्या ए टी एम मशीन खराब हो रही है।? क्या यह जांच का विषय है। ऐसे मे कोई बड़ी राशि का नुकसान हो सकता था यह तो उस आरक्षक की ईमानदारी रही की उसने तुरंत सूचना देकर बड़ी राशि का नुकसान होने से एस बी आई या फिर जो पहले पैसा निकालने गया होगा उसका नुकसान होने से बचा लिया।

# वार्ड पांच में चली नपा की जेसीबी

**जौरा।** चार दिन बाद फिर से नगर पालिका की जेसीबी वार्ड पांच मे चली इस वार्ड में नवीन सड़क निर्माण एवं नालियों का निर्माण होना है इसके लिए नालियों के आगे ऊपर किए गए अस्थाई अतिक्रमण को जेसीबी की सहायता से हटाया गया नगर पालिका अध्यक्ष अखिल महेश्वरी के निर्देशन में नगर विकास के कई कार्य कराए जा रहे हैं वार्ड पांच में भी नवीन डामरीकरण सड़क एवं नालियों का निर्माण कराया जाना है नाली एवं सड़क निर्माण में बाधक अस्थाई अतिक्रमण को 17 दिसंबर को सीएमओ वीरेंद्र सिंह रावत उप यंत्री ऋषिकेश शर्मा स्वच्छता निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा सफाई दरोगा महेश त्यागी की देखरेख एवं मौजूदगी में जेसीबी की सहायता से मदाखलत टीम द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश मित्तल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शारदा मित्तल के मकान के छज्जे रैंप को तोड़ने की कार्रवाई की गई इसी क्रम में जेसीबी से छन्नू मंगल नरेश मंगल बनवारी लाल मंगल सहित अन्य नागरिकों के भी नालियों के आगे रैंप सीढ़ियां छज्जे जेसीबी की सहायता से तोड़े गए अभियान के दौरान तीन-चार जगह विवाद की भी स्थिति बनी नागरिकों का कहना था कि हम स्वयं ही अपने हाथों से नालियों के आगे से जो भी अस्थाई अतिक्रमण है उसे खुद ही हटा लेंगे जेसीबी से नुकसान अधिक होगा नागरिकों एवं निगाहें कर्मचारियों के बीच तीन चार जगह काफी गरमा गरमी हॉट टॉक भी होता रहा एक जगह काफी विवाद की स्थिति भी बन गई लेकिन सीएमओ एवं उपयंत्री द्वारा नागरिकों को समझाने से स्थिति को मुश्किल से संभाला गया राजेंद्र गोयल के मकान के छज्जे तोड़ने से एक बार तो ऐसा लगा कि इनका मकान ही ना गिर जाए राजेंद्र गोयल का कहना था कि नगर पालिका के कर्मचारी अपनी मनमानी एवं दादागिरी से जेसीबी चला कर नागरिकों का नुकसान कर रहे हैं नागरिकों का यह भी कहना था कि नगर पालिका के जिम्मेदार कर्ताधर्ता अतिक्रमण हटाने के अभियान में भेदभाव एवं पक्षपात भी कर रहे हैं।



# युवा नेता कुलदीप सिंह कैलारस तो दिलीप धाकड़ बने पहाड़गढ़ के भाजपा मंडल अध्यक्ष

**समय जगत, कैलारस।** मुरैना जिले में हाल में ही संपन्न हुए मंडल अध्यक्षों के चुनाव में कैलारस भाजपा मंडल अध्यक्ष की कमान युवा नेता कुलदीप सिंह भदौरिया एवं पहाड़गढ़ भाजपा मंडल की कमान दिलीप धाकड़ को सोफी गई ,, कार्य शैली संगठन आत्मक कौशल और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें कैलारस पहाड़गढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है वही भाजपा मंडल की लिस्ट जारी होते ही शुभकामनाओं का तांता कुलदीप सिंह को मंडल अध्यक्ष बनने पर उनके रिश्तेदारों मित्रों एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से बधाई और शुभकामनाएं मिल रही हैं समर्थकों का कहना है कि उनके नेतृत्व में कैलारस एवं पहाड़गढ़ भाजपा मंडल के सिद्धांतों और संगठन आत्मक लक्ष्य को मजबूती से आगे बढ़ाएगी भविष्य की योजनाएं एवं नवनियुक्त कैलारस मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने अपने चयन के लिए पार्टी के नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे भाजपा के युवा नेता कुलदीप सिंह को कैलारस भाजपा मंडल अध्यक्ष बनाना पार्टी में युवा नेतृत्व को प्रोत्साहित करने का संकेत है उनके अनुभव और उत्साह से पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की उम्मीद है। बधाई देने वालों में जिला महामंत्री अरविंद्र सिंह सिकरवार,, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बनवारी धाकड़,जिला मंत्री राजेंद्र शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता रविंद्र सिंह सिकरवार,, पूर्व महामंत्री केशव पाराशर, पूर्व अध्यक्ष हेमंत धाकड़, दीपक गौड, राहुल बंसल, अनिल जादौन, अरविंद्र सिंह सिकरवार,महेंद्र सिंह सिकरवार,महेंद्र शर्मा,कल्लू कुशवाह, असलम खान, हनीफ पेंटर, सहित सैकड़ों समर्थक मौजूद रहे।



## बैंक मैनेजर ने 75 वर्षों की विकास यात्रा के संबंध में दी विस्तृत जानकारी

# धूमधाम से मनाया सहकारी बैंक का 76वां स्थापना दिवस

**समय जगत, खरगोन।** प्रदेश के अग्रणी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खरगोन का 76वां स्थापना दिवस खरगोन एवं बडवानी जिलों में स्थित समस्त 69 शाखाओं में बडी धूमधाम के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम खरगोन स्थित बैंक प्रधान कार्यालय मे मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर बैंक प्रबंध संचालक पीएस धनवाल के द्वारा बैंक स्थापना दिनांक 16 दिसम्बर 1949 से लेकर आज तक की 75 वर्षों की विकास यात्रा के संबंध में संक्षेप में प्रकाश डालते हुए बैंक के समस्त अंशधारी सदस्यों, अमानतदारों, ग्राहको जिनके अटूट विश्वास तथा बैंक के भूतपूर्व एवं वर्तमान कर्मचारियों जिनके अथक प्रयासो के परिणामस्वरूप बैंक यह मुकाम हासिल कर सकी है, को बधाई देते हुए उनका आभार व्यक्त किया गया। प्रबंध संचालक के द्वारा वर्ष 2025 की थिम 'विश्वास के साथ - बेहतर कल की बात' देते हुए सभी बैंक कर्मचारियों से आव्हान किया गया है कि हमे अपने ग्राहको, अमानतदारों तथा अन्नदाताओं के साथ विश्वास पर आधारित बैंकिंग प्रणालियों का सुचारू रूप से संचालन किया जाना चाहिये। 76वें स्थापना दिवस के अवसर पर बैंक की 'रूफ टॉप सोलर ऋण योजना' का विमोचन कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के करकमलो से किया गया। प्रबंध संचालक के द्वारा 'रूफ टॉप सोलर ऋण योजना' के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना अन्तर्गत रूपये 7 लाख तक का ऋण न्यूनतम ब्याज दर पर तथा बहुत ही आसान दस्तावेजीकरण कर प्रदाय किया जाएगा। बैंक के स्थापना दिवस के अवसर पर समस्त बैंक कर्मचारियों को सौगात के रूप में सीयूजी प्लान अन्तर्गत मोबाईल कनेक्शन दिया गया। इससे बैंक के समस्त कर्मचारियों में अपार हर्ष व्याप्त है। कार्यक्रम में बैंक के वरिष्ठ अमानतदार अनिल रघुवंशी, चतुर्भुज गोयल, श्री राजाराम यादव, केडी यादव, सतीश ताम्रकर, मनोहर राठौड, सत्यनारायण सौलंकी, श्रीराम दांगी, श्याम रघुवंशी को शॉल श्रीफल देकर उनको सम्मानित किया गया। उनसे बैंक के साथ उनके अनुभव को साझा करने हेतु अनुरोध किया गया। अमानतदार जयंत कुमार मांडलिक द्वारा लगभग 20 वर्षो से बैंक के साथ उनके अनुभव बताते हुए कहा गया कि सहकारी बैंक के कर्मचारियों की मिलनसारिता के कारण वह बहुत प्रभावित रहे हैं तथा उन्हे कभी भी बैंक के साथ लेनदेन करने में असुविधा नही हुई। अनिल रघुवंशी द्वारा सुझाव दिया गया कि छोटे अमानतदारों के लिये भी कोई उपहार योजना लागू की जानी चाहिए जिससे वह बैंक के प्रति आकर्षित हो सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक मनोज टाक के द्वारा बैंक प्रबंधन के कार्यो की प्रसंशा करते हुए कहा गया, कि त्वरित एवं नियमनिष्ठ कार्य सम्पादित करने के कारण ही जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक खरगोन प्रदेश में प्रथम पायदान पर है। बसंत यादव, सहकारिता निरीक्षक द्वारा बैंक का वर्तमान में जो मुकाम है वह बैंक के भुतपूर्व अध्यक्ष, संचालक, अधिकारी एवं कर्मचारियों के सद्प्रयासों का ही परिणाम है। उन्होंने उपस्थित सभी अमानतदारों तथा कर्मचारियों से आव्हान किया कि हमें उस परम्परा का भविष्य में भी निर्वहन करना चाहिए।



## संपादकीय

# जाकिर हुसैन ने विश्व में बढ़ाया भारत का मान

मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन का 73 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने अमेरिका के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। जाकिर हुसैन के दिल का अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में उपचार चल रहा था। वही इस गंभीर बीमारी के कारण उनकी मौत हो गई। मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन को हृदय संबंधी समस्याओं के बाद अमेरिकी शहर सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। उस्ताद अल्ला रक्खा कुरैशी जो कि अपने जमाने के मशहूर तबला वादक थे, ने तबले के यही बोलधाति धागे नधा तिरकिट धाति धागे धिना गिना, ताति ताके नता तिरकि धाति धागे धिना गिनाअपने डेढ़ दिन के बेटे जाकिर हुसैन के कान में कहे थे,उन्होंने कहा था कि मैं तबले की ही इबादत करता रहा हूं, यही एक बंदगी मैं जानता हूं और यही मेरा आशीर्वाद भी है जाकिर हुसैन के लिए। उस्ताद अल्ला रक्खा कुरैशी का यह बेटा तबले के उस्ताद के नाम से मशहूर हुआ। शायद पैदाइशी के समय कान में जो मंत्र रूपी ताल फूंकी गई, वही उनकी जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान बन गई।सन 1990 के दशक में दूरदर्शन पर अमर गीत मिले सुर मेरा तुम्हारा और दूसरा एक चाय का विज्ञापन बहुत मशहूर रहा ,जिसमे यमुना नदी का किनारा, ताजमहल का बैकग्राउंड और मुहब्बत की निशानी के सामने बैठा एक नौजवान, जिसकी उंगलियां तो तबलों पर थिरकती ही थीं, बाल भी उसी गति से हवा से बातें करते हुए, क्या ही गजब लहराते थे, ये विज्ञापन भले ही चाय का रहा हो, लेकिन उस्ताद जाकिर हुसैन साहब इसके जरिए हर घर में मशहूर हो गए थे। तबले की थाप से भारतीय शास्त्रीय संगीत को पूरी दुनिया में एक नई पहचान दिलाने वाले उस्ताद जाकिर हुसैन का नाम हर संगीत प्रेमी के दिल में बसा है।9 मार्च सन 1951 को मुंबई में जन्मे जाकिर हुसैन ने संगीत की दुनिया में अपनी अनोखी छाप छोड़ी। बचपन से ही वे अपने पिता के साथ तबले की साधना में जुट गए थे।जाकिर हुसैन ने सेंट माइकल्स हाई स्कूल मुंबई से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। इसके बाद उन्होंने मुंबई के सेंट जेवियर कॉलेज से ग्रेजुएशन किया था। वे पढ़ाई के साथ-साथ संगीत साधना में भी लगे रहे। जाकिर हुसैन ने अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ वॉशिंगटन में भी पढ़ाई की। यहां वे संगीत और विश्व सांस्कृतिक धरोहर के आदान-प्रदान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बने। उनका यह सफर उन्हें बतौर ग्लोबल आर्टिस्ट स्थापित करने में मददगार साबित हुआ।जाकिर हुसैन ने मात्र 12 साल की उम्र में मंच पर तबला बजाना शुरू कर दिया था।पिता उस्ताद अल्ला रक्खा की छत्रछाया में उन्होंने तबले की बारीकियां सीखीं और अपने हुनर को निखारा। उन्होंने बॉलीवुड, फ्यूजन और इंटरनेशनल म्यूजिक में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उन्होंने वेस्टर्न और इंडियन म्यूजिक के संगम को बेहतरीन तरीके के पेश किया था। जाकिर हुसैन ने वैश्विक स्तर पर भारत का मान बढ़ाया था। क्यों कि उन्हें अमेरिका तक में सम्मानित किया जा चुका है।

# गिग अर्थव्यवस्था में बढ़ते जॉब्स

**डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

इन दिनों पूरे देश में गिग अर्थव्यवस्था में नौकरियां एक बड़ी चुनौती के रूप में दिखाई दे रही हैं। हाल ही में फोरम फॉर प्रोग्रेसिव गिग वर्कर्स द्वारा भारत की गिग अर्थव्यवस्था पर आयोजित एक वेबिनार में भारत की गिग अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र प्रकाशित किया गया है। इसमें कहा गया है कि भारत में गिग अर्थव्यवस्था वर्ष 2024 तक 17 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़कर 455 अरब डॉलर के स्तर तक पहुंचने की उम्मीद है। श्वेत पत्र के अनुसार भारत के जीडीपी में गिग अर्थव्यवस्था का योगदान वर्ष 2030 तक 1.25 प्रतिशत के स्तर पर होगा। गौरतलब है कि देश में सरकारी क्षेत्र की नौकरियों में कमी आ रही है, लेकिन गिग अर्थव्यवस्था में रोजगार के मौके छलांगें लगाकर बढ़ रहे हैं। गिग अर्थव्यवस्था का मतलब है अनुबंध आधारित या अस्थायी रोजगार (गिग वर्क) वाली अर्थव्यवस्था। गिग अर्थव्यवस्था के तहत गिग वर्कर प्रोजेक्ट-दर-प्रोजेक्ट आधार पर काम करते हैं और सेवाएं देते हैं। कोविड-19 के बाद डिजिटलीकरण के प्रसार ने गिग अर्थव्यवस्था को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। जहां शहरी क्षेत्रों में गिग वर्कर को अभी तक कंस्ट्रक्शन, मैन्यूफैक्चरिंग, डिलिवरीज जैसे श्रम आधारित और कम योग्यता आधारित कार्यों से जोड़कर देखा जाता रहा है, वहीं अब गिग वर्किंग के मौके व्हाइट कॉलर जॉब में भी बढ़ रहे हैं, जहां उच्च स्तर के कौशल और शिक्षा की जरूरत होती है। काम के ऐसे मौके ई-कॉमर्स, फिनटेक, हेल्थटेक, लॉजिस्टिक्स, आतिथ्य, बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रहे हैं। खास बात यह कि गिग अर्थव्यवस्था के तहत अब महिलाएं भी पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ावा मिल रहा है। महिलाओं की भागीदारी गिग अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में दिख रही है। चाहे मार्केटिंग हो या फाइनेंस, महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं। महिलाएं इस समय फ्रीलांसिंग में भी सबसे ज्यादा दिलचस्पी दिखा रही हैं।

उल्लेखनीय है कि गिग अर्थव्यवस्था में रोजगार के मौके बढ़ने के संबंध में नीति आयोग के आंकड़े भी महत्वपूर्ण हैं। नीति आयोग के मुताबिक देश में इस समय 77 लाख गिग कर्मी हैं। ऐसे कर्मियों की संख्या तेजी से बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। इसका कारण है कि गिग कर्मियों की व्यवस्था फिलहाल केवल शहरी क्षेत्र में ही है और मुख्य रूप से ये सेवा क्षेत्र में सक्रिय हैं। मगर अब इनका दायरा बढ़ेगा तो गिग कर्मियों की संख्या में भी बढ़ोतरी होगी। नीति आयोग के आकलन के अनुसार भारत में गिग वर्कर्स की संख्या 2030 तक बढ़कर करीब 2.3 करोड़ हो जाएगी। देश में टियर-2 और टियर-3 शहरों में गिग अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। खासतौर से मुंबई, दिल्ली, पुणे, बेंगलूरु, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, इंदौर और चेन्नई सहित देश के छोटे-बड़े शहरों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष गिग नौकरियां निर्मित होती दिखाई दे रही हैं। देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और रोजगार से संबंधित विषयों पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि देश में गिग अर्थव्यवस्था के कारण विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर में तेजी से कमी आ रही है और रोजगार के मौके बढ़ रहे हैं। चूंकि गिग कर्मचारी अक्सर संगठित और असंगठित श्रम के बीच ग्रे जोन में आते हैं, जिससे लाभ और संसाधन प्रभावित होते हैं, इसलिए प्लेटफॉर्म कंपनियां तेजी से गिग श्रमिकों के लिए बेहतर कामकाजी परिस्थितियों को प्राथमिकता दे रही हैं। इसके तहत मॉनसून के दौरान टिकाऊ रेनकोट प्रदान करने से लेकर आराम करने के क्षेत्र की स्थापना और गर्मी के मौसम के दौरान पानी की सुविधा शामिल हैं। खासतौर से अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, ज़ोमैटो और स्विगी जैसी कंपनियां अपने कर्मचारियों के कल्याण के परिप्रेक्ष्य में सक्रिय रूप से व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए दिखाई दे रही हैं। फिर भी अभी देश में गिग वर्कर्स की सामाजिक सुरक्षा पर पूर्ण रूप से ध्यान दिया जाना होगा। खासतौर से हमें गिग-वर्कर्स के लिए भविष्य निधि और पेंशन और बीमा संबंधी कवरेज और लाभों के बारे में सोचना होगा। इस परिप्रेक्ष्य में नीति आयोग ने 'इंडियाज बूमिंग गिग एंड प्लेटफॉर्म इकोनॉमी' शीर्षक से जो रिपोर्ट लॉन्च की है, उसके तहत अन्य बातों के साथ ही गिग वर्कर्स और उनके परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा उपायों का विस्तार करने की सिफारिश की गयी, जिसमें बीमा और पेंशन जैसी योजनाएं शामिल हैं। यद्यपि देश में गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 (संहिता) अधिनियमित हो चुकी है लेकिन अभी तक प्रभावी नहीं है। यह संहिता सरकार को जीवन और विकलांगता कवर, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य और मातृत्व लाभ, वृद्धावस्था सुरक्षा और क्रेच लाभ प्रदान करने के लिए गिग श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाएं तैयार करने में सक्षम बनाती है। देश में गिग वर्कर्स के लिए ऐसी योजनाएं-नीतियां बीमा कंपनियों के साथ साझेदारी में आगे बढ़ानी होंगी, जिसमें एक फर्म या सरकार के सहयोग द्वारा विशिष्ट रूप से ऐसा डिजाइन हो, जैसा कि सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के तहत परिकल्पित है। कई देशों में गिग वर्कर्स को 'वर्कर्स' के रूप में वर्गीकृत करके जो मॉडल स्थापित किया गया है, उस पर ध्यान दिया जाना होगा।

# प्रयागराज महाकुंभ मेला 2025 के सामाजिक-सांस्कृतिक मायने

## नजरिया

**प्रयागराज में कुंभ मेले के दौरान दीप दान की रस्म पवित्र नदियों को एक मंत्रमुग्ध कर देने वाले दृश्य में बदल देती है। श्रद्धालु कृतज्ञता के रूप में त्रिवेणी संगम के बहते जल में हजारों प्रज्ज्वलित मिट्टी के दीपक (दीये) पानी में प्रवाहित करते हैं। अमूमन गेहूं के आटे से बने और तेल से भरे ये दीपक दिव्य चमक पैदा करते हैं। यह दिव्य प्रतिभा को दर्शाता है, जो आध्यात्मिकता और भक्ति का प्रतीक है। मेले की पृष्ठभूमि में नदी पर टिमटिमाते दीयों का दृश्य, वातावरण को धार्मिक उत्साह और एकता की गहरी भावना से भर देता है, जो तीर्थयात्रियों पर एक अमिट छाप छोड़ता है। तीर्थयात्रियों को प्राचीन पद्धतियों से फिर से जोड़ने के लिए प्रयागराज की परिक्रमा करने की ऐतिहासिक परंपरा को पुनर्जीवित किया गया है। इस यात्रा में सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए आध्यात्मिक पूर्णता प्रदान करने वाले द्वादश माधव और अन्य महत्वपूर्ण मंदिरों जैसे पवित्र स्थल शामिल हैं। इसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को इस महत्वपूर्ण आयोजन की समृद्ध सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक विरासत से जुड़ने और उसकी सराहना करने का अवसर प्रदान करते हुए एक ऐतिहासिक अनुष्ठान को पुनर्जीवित करना है। महाकुंभ मेले के अनुष्ठानों और परंपराओं के अलावा कई अन्य आकर्षण हैं जो 2025 के आयोजन को और भी उल्लेखनीय बनाते हैं। गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम के रूप में अपने पवित्र महत्व के लिए जाना जाने वाला प्रयागराज तीर्थयात्रियों के लिए एक प्रमुख स्थान है। मेले में आने वाले भक्तों को श्रद्धेय त्रिवेणी संगम, जहां तीन नदियां मिलती हैं वहां अवश्य जाना चाहिए।**

**कमलेश पांडे**

महाकुंभ मेला अनुष्ठानों का एक भव्य आयोजन है, इन सभी में स्नान सबसे महत्वपूर्ण है। त्रिवेणी संगम पर आयोजित इस पवित्र समागम में भाग लेने के लिए लाखों तीर्थयात्री एकत्रित होते हैं, जो इसमें विश्वास रखते हैं कि पवित्र जल में डुबकी लगाने से व्यक्ति सभी पापों से मुक्त हो सकता है। दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम के रूप में मनाया जाने वाला महाकुंभ मेला सनातनी आस्था, संस्कृति और प्राचीन परंपरा का अद्भुत और बेमिसाल मिश्रण है। हिंदू पौराणिक कथाओं में वर्णित यह पवित्र त्योहार बारह वर्षों में चार बार मनाया जाता है, जो भारत के चार प्रतिष्ठित शहरों हरिद्वार, उज्जैन, नासिक एवं प्रयागराज में बहने वाली सबसे पवित्र नदियों, गंगा, शिप्रा और गोदावरी के बीच घूमता है। कहना न होगा कि इनमें से प्रत्येक शहर सबसे पवित्र नदियों गंगा, शिप्रा, गोदावरी और खासकर प्रयागराज (पूर्वनाम इलाहाबाद) गंगा, यमुना एवं पौराणिक सरस्वती के संगम के किनारे स्थित हैं।

आगामी 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज एक बार फिर इस शानदार उत्सव का केंद्र बन जाएगा, जो लाखों तीर्थयात्रियों और आगंतुकों को भक्ति, एकता और भारत की आध्यात्मिक विरासत की जीवंत अभिव्यक्ति को देखने के लिए आकर्षित करेगा। इसलिए इसके राजनीतिक प्रभावों से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। इस मौके पर यदि हमारा नेतृत्व संवैधानिक राज के साथ-साथ सनातनी राज जैसी जनभावनाओं का भी बीजारोपण करे, तो यह भारत भूमि/आसेतु हिमालय के लिए बहुत बड़ा उपकार होगा। क्योंकि हमारी धर्मनिरपेक्ष नीतियां हीं हमारे बन्धु-बांधवों के दमन और उत्पीड़न की पर्याय बनती जा रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि आसेतु हिमालयी देशों में हिन्दू जनमानस प्रताड़ित हो रहा है और हमारे नागा साधु भी इस स्थिति से उन्हें निजात नहीं दिलवा पा रहे हैं। भारत सरकार भी स्पष्ट और आक्रामक नीति से बच रही है, क्योंकि उसकी धर्मनिरपेक्षता ने हिन्दू उत्पीड़न को अघोषित गारंटी प्रदान करती जा रही है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। इस पर हमारे साधु-संतों को गम्भीर होना होगा और धर्मनिरपेक्ष सरकार पर दबाव बनाना होगा। विश्व जनमानस




पर भी इसका दबाव पड़े, यह चिंतन व अभिव्यक्ति शैली भी हमें विकसित करनी होगी। अतिक्रमित हिन्दू मंदिरों के पुनरुद्धार का मसला भी यहां उठना चाहिए, ताकि सबके बीच एक सकारात्मक संदेश जाए। इतिहास के पापों के प्रक्षालन का और कोई विकल्प नहीं हो सकता है। इसके अलावा, और भी मुद्दे हैं, जिन पर इसी बहाने एक सकारात्मक बहस छिड़नी चाहिए। वैसे तो इस भव्य आयोजन में धार्मिक अनुष्ठानों से परे खगोल विज्ञान, ज्योतिष, सामाजिक-सांस्कृतिक परंपराओं और आध्यात्मिक ज्ञान का समृद्ध मिश्रण शामिल है। क्योंकि इस अवसर पर लाखों भक्त, तपस्वी और तपस्वी त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान सहित पवित्र अनुष्ठानों में भाग लेने के लिए एकत्र होते हैं। इसलिए सनातनी हितों के सवाल पर भी यहां मौखिक विमर्श शुरू होना चाहिए। यहां आने वाले लोग सनातन धर्म के कट्टर अनुयायी होते हैं, इसलिए सनातनी संवेदनाओं को समझते उन्हें देर नहीं लगेगी। जब वो समझेंगे, तभी औरों को भी समझा पाएंगे।यह पुण्य कार्य होगा। यहां आने वाले भक्तों का भी मानना है कि महाकुंभ स्नान से उनके पाप धुल जाते हैं और उन्हें आध्यात्मिक मुक्ति मिलती है। इस प्रकार महाकुंभ मेला न केवल भारत की गहरी जड़ें जमा चुकी विरासत का प्रतिनिधित्व करता है बल्कि आंतरिक शांति, आत्म-बोध और सामूहिक एकता की शाश्वत मानवीय खोज को भी प्रदर्शित करता है। महाकुंभ मेला अनुष्ठानों का एक भव्य आयोजन है, इन सभी में स्नान सबसे महत्वपूर्ण है। त्रिवेणी संगम पर आयोजित इस पवित्र समागम में भाग लेने के लिए लाखों तीर्थयात्री एकत्रित होते हैं, जो इसमें विश्वास रखते हैं कि पवित्र जल में डुबकी लगाने से व्यक्ति सभी पापों से मुक्त हो सकता है। माना जाता है कि शुद्धिकरण का यह कार्य व्यक्ति और उनके पूर्वजों दोनों को पुनर्जन्म के चक्र से मुक्त कर देता है, जिससे अंततः मोक्ष या आध्यात्मिक मुक्ति मिलती है।

स्नान अनुष्ठान के साथ-साथ तीर्थयात्री पवित्र नदी के किनारे पूजा-पाठ में भी शामिल होते हैं और साधुओं एवं संतों के नेतृत्व में ज्ञानवर्धक प्रवचनों में भाग लेते हैं, जिससे जीवन के अनुभव में आध्यात्मिक गहराई जुड़ जाती है। वैसे तो पूरे प्रयागराज महाकुंभ के दौरान पवित्र जल में डुबकी लगाना पवित्र माना जाता है, लेकिन कुछ तिथियां विशेष महत्व रखती हैं, जैसे पौष पूर्णिमा (13 जनवरी), मकर संक्रांति (14 जनवरी) आदि। इन तिथियों पर संतों, उनके शिष्यों और विभिन्न अखाड़ों (आध्यात्मिक क्रम में) के सदस्यों के साथ भव्य जुलूस निकलते हैं, जो शाही स्नान या च्राजयोगी स्नानज्के नाम से जाने जाने वाले भव्य अनुष्ठान में भाग लेते हैं। यह महाकुंभ मेले की आधिकारिक शुरुआत का प्रतीक है और इस आयोजन का मुख्य आकर्षण है। शाही स्नान की परंपरा इस विश्वास पर आधारित है कि जो लोग अनुष्ठान में भाग लेते हैं उन्हें पवित्र जल में डुबकी लगाने पर पुण्य कर्मों का आशीर्वाद मिलता है और उनसे पहले आए संतों का गहन ज्ञान प्राप्त होता है। नदी के किनारों पर मंत्रमुग्ध कर देने वाला गंगा आरती समागम में आए लोगों के लिए एक अविस्मरणीय क्षण होता है। इस पवित्र अनुष्ठान के दौरान पुजारी जगमगाते दीपक पकड़कर दृश्य अभिनय प्रस्तुत करते हुए कठिन धर्मक्रिया करते हैं। गंगा आरती हजारों भक्तों को आकर्षित करती है, जिससे पवित्र नदी के प्रति गहरी भक्ति और श्रद्धा जागृत होती है। कल्पवास महाकुंभ उत्सव का एक गहरा लेकिन कम ज्ञात पहलू है, जो साधकों को आध्यात्मिक अनुशासन, तपस्या और उच्च चेतना के लिए समर्पित एक अनुष्ठान प्रदान करता है। संस्कृत से उत्पन्न कल्प का अर्थ है ब्रह्मांडीय युग और वास का अर्थ है निवास, जो गहन आध्यात्मिक अभ्यास की अवधि का प्रतीक है। कल्पवास में भाग लेने वाले तीर्थयात्री सादगी का जीवन अपनाते हैं, सांसारिक सुख-सुविधाओं का त्याग करते हैं और ध्यान, प्रार्थना और धर्मग्रंथ अध्ययन जैसे दैनिक अनुष्ठानों में व्यस्त रहते हैं। कल्पवास में वैदिक यज्ञ और होम, पवित्र अग्नि अनुष्ठान जो दिव्य आशीर्वाद का आह्वान करते हैं और सत्संग, बौद्धिक एवं भक्ति विकास के लिए आध्यात्मिक प्रवचन भी शामिल हैं। यह गहन अनुभव बड़े तीर्थयात्रा के भीतर गहरी भक्ति और आध्यात्मिक परिवर्तन को बढ़ावा देता है। माना जाता है कि श्रद्धालु कुंभ के दौरान संगम पर आने वाले देवताओं के सम्मान में देव पूजन करते हैं। श्राद्ध (पूर्वजों को भोजन और प्रार्थना करना) और वेणी दान (गंगा में बाल चढ़ाना) जैसे अनुष्ठान त्योहार के अभिन्न अंग हैं, जो समर्पण और शुद्धि का प्रतीक हैं। सत्संग या सत्य के साथ जुड़ना एक और मुख्य अभ्यास है जहां भक्त संतों और विद्वानों के प्रवचन सुनते हैं। ज्ञान का यह आदान-प्रदान आध्यात्मिकता की गहरी समझ को बढ़ावा देता है और उपस्थित लोगों को उच्च आत्म-साक्षात्कार के लिए प्रेरित करता है। कुंभ के दौरान परोपकार का बहुत महत्व होता है। दान के कार्य जैसे गौ दान (गायों का दान) वस्त्र दान (कपड़ों का दान) द्रव्य दान (धन का दान) और स्वर्ण (सोना) दान को सराहनीय माना गया है।

# सरकारी दक्षता विभागः आर्थिक बचत और प्रगति की नई परिभाषा


**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

सरकार का कुशल प्रबंधन और संसाधनों का सही उपयोग किसी भी राष्ट्र के विकास की नींव होती है। आज जब पूरी दुनिया आर्थिक अस्थिरता के दौर से गुजर रही है, तब आर्थिक स्थिरता और कुशल शासन के लिए नए विचारों और रणनीतियों की आवश्यकता और भी प्रबल हो गई है। अमेरिका में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी - सरकारी दक्षता विभाग की परिकल्पना एक ऐसी ही क्रांतिकारी सोच का परिणाम है, जिसका उद्देश्य है सरकार की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, कम खर्चीला और पारदर्शी बनाना। इसके तहत एलन मस्क और विवेक रामास्वामी जैसे दूरदर्शी और अनुभवी व्यक्तित्वों को शामिल करना इस बात को दर्शाता है कि इस अभियान की नींव गहरी सोच और तकनीकी दक्षता पर आधारित है।

मस्क, जो टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कंपनियों के जरिए तकनीकी क्रांति का चेहरा बने हैं, और विवेक रामास्वामी, जो एक सफल उद्यमी और विचारक हैं, दोनों ही इस बात के प्रतीक हैं कि नवाचार और प्रबंधन का मेल किसी भी सरकारी व्यवस्था को नया आयाम दे सकता है। यह पहल न केवल अमेरिका बल्कि हर उस राष्ट्र के लिए प्रेरणा है, जो कुशल शासन और आर्थिक स्थिरता के साथ प्रगति की राह पर चलना चाहता है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान यह वादा किया था कि उनकी सरकार छोटी सरकार, बड़े परिणाम के सिद्धांत पर काम करेगी।

उनके अनुसार, एक छोटी लेकिन प्रभावी सरकार न केवल खर्चों में कटौती कर सकती है, बल्कि जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव भी ला सकती है। डो? की यह पहल अस्थायी एजेंसी के तौर पर कार्य करेगी, जिसका उद्देश्य सरकारी खर्चों का विश्लेषण करना, अनावश्यक व्यय की पहचान करना, और संसाधनों का कुशलता से प्रबंधन करना है। हालांकि इसे कानूनी अधिकार नहीं दिया गया है, लेकिन इसका लक्ष्य प्रशासन को दिशा और मार्गदर्शन प्रदान करना है। यह विचार विशेष रूप से उन देशों के लिए उपयोगी हो सकता है, जहां सरकारी खर्चों में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी है।

भारत जैसे देश में, जहां लाखों करोड़ रुपये का वार्षिक बजट विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं में खर्च किया जाता है, डो? जैसा मॉडल अत्यधिक प्रासंगिक हो सकता है। सरकारी



योजनाओं में अक्सर दोहरे कार्य का दुष्प्रभाव देखने को मिलता है, जहां एक ही प्रकार के कार्यों के लिए कई मंत्रालय और एजेंसियां काम करती हैं। यह दोहराव न केवल संसाधनों का अपव्यय करता है, बल्कि प्रशासनिक जटिलताओं को भी बढ़ाता है। अगर भारत में भी एक सरकारी दक्षता विभाग की स्थापना की जाए, तो यह नीतियों की समीक्षा, खर्चों की पारदर्शी रिपोर्टिंग, और अनावश्यक खर्चों को खत्म करने में अहम भूमिका निभा सकता है। सरकारी खर्चों की समीक्षा और फिजूलखर्ची पर अंकुश लगाने का सबसे बड़ा लाभ यह है कि बचाई गई राशि का उपयोग जनता के कल्याण के लिए किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, यदि भारत अपने कुल बजट का केवल 5 प्रतिशत भी बचा ले, तो यह लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये के बराबर होगा।

इतनी बड़ी राशि से गांवों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का सशक्तिकरण किया जा सकता है, नई स्कूल और अस्पतालों का निर्माण संभव है, और डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाया जा सकता है। यह पहल देश के ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में विकास की गति को कई गुना तेज कर सकती है। डोनाल्ड ट्रंप के छोटी सरकार, बड़े परिणाम के सिद्धांत में एक और महत्वपूर्ण संदेश छिपा हुआ है। उनका मानना है कि सरकार का कार्य नीतियां बनाना और उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होना चाहिए, न कि हर छोटे-बड़े कार्य को अपने हाथ में लेना। यदि सरकारी एजेंसियां मार्गदर्शक की भूमिका निभाएं और निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा दें, तो न केवल काम की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि लागत में भी कमी आएगी। यह दृष्टिकोण भारत जैसे विकासशील देश के लिए अत्यधिक उपयुक्त है, जहां आज भी करोड़ों लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। सरकारी खर्चों में सुधार लाने में तकनीकी दक्षता भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। डिजिटल तकनीक के माध्यम से योजनाओं की निगरानी, उनके परिणामों का आकलन, और खर्चों की हर गतिविधि का विश्लेषण किया जा सकता है। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा। अमेरिका में इसी प्रकार की तकनीकी दक्षता का उपयोग कर सरकारी परियोजनाओं की लागत में कटौती की गई है। भारत भी इसी दिशा में आगे बढ़कर अपनी सरकारी प्रणाली को आधुनिक बना सकता है।

भारत जैसे देशों के लिए, जहां संसाधनों की कमी नहीं बल्कि उनके प्रबंधन में सुधार की आवश्यकता है, इस प्रकार के मॉडल से बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

उदाहरण के तौर पर, जनधन योजना और आधार के माध्यम से सब्सिडी का सीधा हस्तांतरण एक सफल कदम साबित हुआ है, जिसने भ्रष्टाचार को कम किया और सरकारी खर्चों को कुशल बनाया। यदि इसी प्रकार की तकनीकी दक्षता अन्य सरकारी योजनाओं में लागू की जाए, तो विकास की प्रक्रिया और अधिक तेज हो सकती है। सरकारी खर्चों की दक्षता केवल आर्थिक स्थिरता का साधन नहीं है, बल्कि यह शासन की जवाबदेही और जनता के विश्वास को भी मजबूत बनाता है। जब नागरिक यह देखते हैं कि उनका कर (टैक्स) सही दिशा में और सही उद्देश्य के लिए उपयोग हो रहा है, तो सरकार और जनता के बीच का विश्वास और भी गहरा हो जाता है। इसके साथ ही, देश के आर्थिक ढांचे में सुधार होने से विदेशी निवेशकों का विश्वास भी बढ़ता है, जो किसी भी देश की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है।

डोनाल्ड ट्रंप की डोज पहल केवल अमेरिका तक सीमित नहीं है। यह एक वैश्विक संदेश देती है कि सरकारें कैसे कम खर्च में अधिक प्रभावी हो सकती हैं। यह पहल भारत जैसे विकासशील देशों के लिए भी एक सबक है। आज समय की मांग है कि भारत भी न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन के सिद्धांत को अपनाए। सरकारी खर्चों की समीक्षा, पारदर्शिता की गारंटी, और संसाधनों का कुशल प्रबंधन न केवल जनता की समस्याओं को सुलझाने में मदद करेगा।

# दहेज उत्पीड़न के मामलों की सच्चाई

**प्रियंका सौरभ**

पुरुषों के अधिकारों से तात्पर्य कानूनी और सामाजिक अधिकारों से है, जो ख़ास तौर पर पुरुषों के सामने आने वाली समस्याओं को सम्बोधित करते हैं। भारत में, जबकि महिला सशक्तिकरण पर ध्यान देना ज़रूरी है, पुरुषों की चुनौतियों पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता है, जैसे कि धारा 498ए आईपीसी के तहत घरेलू हिंसा के मामलों में झूठे आरोप, मानसिक स्वास्थ्य सहायता की कमी और सीमित पैतृक अधिकार। साझा पालन-पोषण कानूनों के इर्द-गिर्द हाल की बहसें लैंगिक न्याय के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता को उजागर करती हैं। भारत में पुरुषों के अधिकारों को अक्सर लैंगिक समानता पर व्यापक चर्चा में कम ध्यान दिया जाता है। घरेलू दुर्व्यवहार के शिकार के रूप में पुरुषों को कानूनी मान्यता नहीं मिलती है, जिससे सुरक्षा की मांग करना या दुर्व्यवहार के मामलों की रिपोर्ट करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। जीवनसाथी द्वारा भावनात्मक, वित्तीय या शारीरिक शोषण के शिकार पुरुषों को सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ता है और घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम, 2005 जैसे मौजूदा ढाँचों के तहत कानूनी सहारा नहीं मिलता है। पुरुषों से भावनाओं को दबाने की सामाजिक अपेक्षाएँ उनके मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा करती हैं, जिससे आत्महत्या की दर और अनुपचारित मनोवैज्ञानिक समस्याएँ बढ़ती हैं। 2022 के एनसीआरबी के आंकड़ों से पता चलता है कि आत्महत्या के 72.5 प्रतिशत मामले पुरुषों के हैं, जो लिंग-संवेदनशील मानसिक स्वास्थ्य नीतियों की आवश्यकता पर बल देता है। तलाक या अलगाव कानून मातृ हिरासत का पक्ष लेते हैं, पिता की भूमिका को हाशिए पर डालते हैं और बच्चे के पालन-पोषण में उन्हें समान अधिकारों से वंचित करते हैं। अभिभावक और वार्ड अधिनियम, 1890, मातृ हिरासत को प्राथमिकता देता है जब तक कि माँ को अयोग्य नहीं माना जाता है, जिससे माता-पिता की भागीदारी के लिए पिता के अवसर सीमित हो जाते हैं। धारा 498ए (दहेज उत्पीड़न) जैसे लिंग-विशिष्ट कानूनों का कभी-कभी दुरुपयोग किया जाता है, जिससे निर्दोष पुरुषों को प्रतिष्ठा, वित्तीय और भावनात्मक नुक़सान होता है। राजेश शर्मा बनाम यूपी राज्य (2017) में, सुप्रीम कोर्ट ने धारा 498ए के दुरुपयोग को नोट किया और झूठे आरोपों के खिलाफ सुरक्षा उपाय पेश किए।

पुरुषों के पास शिकायतों को दूर करने के लिए समर्पित संस्थान या हेल्पलाइन का अभाव है सामाजिक रूढ़िवादिता पुरुषों को अपराधी के रूप में चित्रित करती है, संस्थागत दृष्टिकोण को प्रभावित करती है और कार्यस्थल पर दुर्व्यवहार या यौन उत्पीड़न जैसे मामलों में उचित उपचार को सीमित करती है। विशाखा दिशा-निर्देश केवल महिलाओं के लिए कार्यस्थल पर उत्पीड़न को कवर करते हैं, जिससे पुरुष पीड़ितों को भारतीय कानून के तहत समान सुरक्षा नहीं मिलती है। यौन शोषण के वयस्क पुरुष उत्तरजीवी कानूनी ढांचे में अपरिचित रहते हैं, जिससे उन्हें वैधानिक उपचार या संस्थागत सहायता से वंचित रखा जाता है। उदाहरण के लिए, आईपीसी की धारा 375 बलात्कार को केवल एक महिला के दृष्टिकोण से परिभाषित करती है, जिससे यौन उत्पीड़न के पुरुष उत्तरजीवी बिना किसी सहारे के रह जाते हैं। लिंग-तटस्थ कानूनों के लिए लिंग न्याय के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए नीति सुधार। घरेलू हिंसा अधिनियम और आईपीसी की धारा 498ए जैसे मौजूदा कानूनों को संशोधित करके उन्हें लिंग-तटस्थ बनाया जाए, जिससे घरेलू हिंसा और झूठे आरोपों के खिलाफ पुरुषों के लिए समान सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कनाडा और यूके जैसे देशों में, घरेलू हिंसा कानून लिंग-तटस्थ हैं यह पैतृक शिकायतों को सम्बोधित करते हुए बच्चे के सर्वोत्तम हितों को बढ़ावा देता है। साझा पालन-पोषण की अवधारणा ऑस्ट्रेलिया में अच्छी तरह से स्थापित है, जो हिरासत के निर्णयों में दोनों माता-पिता के लिए समान विचार को अनिवार्य बनाती है। कार्यस्थल कल्याण कार्यक्रमों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को एकीकृत करके और जागरूकता अभियान बनाकर पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने वाली समर्पित नीतियाँ स्थापित करें। जापान ने तनाव कम करने को लक्षित करते हुए कार्यस्थल मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू किए हैं।

# पीसीएस परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराने निरंतर करें भ्रमण : जिलाधिकारी

## जनपद में सेक्टर/स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की कड़ी निगरानी में संपन्न होगी पीसीएस परीक्षा



**समय जगत, ललितपुर।** जनपद में प्रस्तावित पीसीएस (प्रांतीय सिविल सेवा) की परीक्षा को सूचितापूर्ण व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने समस्त सेक्टर/स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र प्रभारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परीक्षा शुरू होने से डेढ़ घंटे पूर्व परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं।

परीक्षा केंद्र पर प्रवेश से पूर्व अभ्यर्थियों की गहनता से तलाशी ली जाए। इसके बाद ही अंदर प्रवेश दिया जाए। परीक्षा के लिए एक कंट्रोल रूम बनाया जाए, जहां जिला प्रशासन के आलाधिकारी परीक्षा के दौरान लगातार भ्रमणशील रहकर परीक्षा सहित सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहेंगे। किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। जिला विद्यालय निरीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में जनपद में पीसीएस की परीक्षा 22 दिसंबर को दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 9.30 बजे से 11.30 बजे तक एवं दूसरी पाली दोपहर 2.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक चलेगी। परीक्षा का समय दो घंटे का रहेगा। पीसीएस (प्रांतीय सिविल सेवा) परीक्षा 7 परीक्षा केंद्रों पर 7 सेक्टर और 7 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में कराई जाएगी। इनमें राजकीय इंटर कॉलेज ललितपुर, नेहरू महाविद्यालय ब्लॉक-ए, नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज, रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय, श्रीवर्णी जैन इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर, नेहरू महाविद्यालय ब्लॉक-बी शामिल हैं। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया जाएगा। इन सातों परीक्षा केंद्रों पर 2880 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा केंद्रों पर शामिल होने वाली परीक्षार्थियों की संख्या को भी निर्धारित कर दिया गया है। परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जा रही हैं। परीक्षा की निगरानी के लिए सात सेक्टर और सात स्टेटिक मजिस्ट्रेट को नामित कर दिया है। परीक्षा के दौरान ये अधिकारी निगरानी करेंगे। परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराने के लिये पुलिस द्वारा सुरक्षा के सभी इंतजाम किए जा रहे है। परीक्षा केंद्रों के आसपास व आने-जाने वाले रास्तों पर भारी पुलिस फोर्स तैनात किया जाएगा।

बैठक में पुलिस अधीक्षक मो.मुस्ताक, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, अपर एसडीएम मो.नासीर, डीआईओएस ओपी सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

# कीर्तिशेष महेन्द्र सतभैयाजी की पुण्य स्मृति में नेत्र शिविर का हुआ आयोजन



### 37 मरीजों के हुए नि :शुल्क ऑपरेशन
### गौना स्थित इण्टर कॉलेज में लगा शिविर

**समय जगत, ललितपुर।** दादा बाबूलाल सतभैया मेमोरियल सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज गौना नाराहट में निरूशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन चंदा आई हॉस्पिटल द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें करीब 200 मरीजों ने अपना नेत्र परीक्षण कराया था। इस दौरान 37 मरीज मोतियाबिंद के ऑपरेशन योग्य थे, जिन्हें निजी वाहनों द्वारा ललितपुर लाया गया था और 17 दिसम्बर 2024 को सभी का सफलता पूर्वक ऑपरेशन कराकर वापिस नाराहट भिजवा दिया गया है। वरिष्ठ चिकित्सक डा.राजकुमार जैन ने सभी मरीजों एवं उनके परिजनों को इस भागदौड की जिंदगी में अपना खान पान सही रखना एवं बीमारियों से बचनें तथा स्वस्थ्य रहनें के लिए कुछ प्रमुख बातों से अवगत कराया। उक्त मौके पर अशोक रावत, डा.राजकुमार जैन, डा.अमित वर्मा, डा.नवदीप रावत, राजेन्द्र सिंह यादव, आनंद प्रकाश गुप्ता, अंकित सतभैया, शुभम जैन, नयन सतभैया, समकित जैन, देवप्रकाश गौतम, नागेश यादव, अमित नामदेव, रविदास, दयाराम, अमन तिवारी, मोहन कुशवाहा, अनिल कुशवाहा, पृथ्वीराज, विजय सेन, रिया जैन, अपेक्षा कटारे, अनामिका कटारे, रजनी, महेश राठौर, प्रशांत राठौर, रमेश यादव, सौरभ घोषी आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं/बालिकाओं की शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने हेतु पुलिस अधीक्षक ने दिए आदेश




**समय जगत, झांसी।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक डॉ. राय सिंह नरवरिया द्वारा लगातार प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। जनसुनवाई की शिकायतों के बैधानिक निराकरण हेतु शिकायतकर्ता से प्रत्यक्ष संवाद किया। पुलिस अधीक्षक ने आज दिनांक 17-12-2024 मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आम व्यक्ति एवं जन सामान्य की लंबित शिकायतों की भी समीक्षा कर तत्काल थाना प्रभारियों से संपर्क कर वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई की लंबित शिकायतो की समीक्षा हेतु समस्त थाना प्रभारियों को शीघ्र निराकरण हेतु आदेश जारी किए ।

जनसुनवाई में फरियादियों की शिकायतों में उल्लेखित विवरण अनुसार कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने आज सामान्य शिकायतों के अतिरिक्त सी0एम0 हेल्प लाईन पोर्टल पर लंबित शिकायतो का भी निरीक्षण किया। आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई शिविर में फरियादी अपनी शिकायत लेकर उपस्थित हुये जिनको पुलिस अधीक्षक ने स्वयं सुना एवं बैधानिक कार्यवाही करने का अश्वासन दिया।

## जब कोई रास्ता दिखाई ना दे तब सब प्रभु पर छोड़ दें : शंभू शरण लाटा



**समय जगत, झांसी।** श्री रामराजा सरकार सेवा समिति के तत्वाधान में श्री पठलेश्वर महादेव मंदिर नगरा में श्री राम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास शंभू शरण लाटा द्वारा शिव पार्वती विवाह के मनोहरी कथा प्रसंग सुना कर श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कथा के प्रारंभ में मुख्य यजमान श्रीमती ममता व सत्य प्रकाश शर्मा द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन एवं महा आरती कर श्री राम कथा का शुभारंभ किया गया, तत्पश्चात कथा व्यास शंभू शरण लाटा ने श्री शिव पार्वती विवाह के गूढ़ रहस्यों को समझाते हुए कहा कि मंगल आचरण ही मंगलाचरण है अमंगल व्यवहार करने वाला मंगल आचरण का अर्थ कैसे जाने, जीवन में जब कोई रास्ता दिखाई ना दे तब सब प्रभु पर छोड़ दें। जिस दुख को हमने मान्यता दी है उसे हमें ही मिटाना होगा। प्रभु भी नहीं मिटा सकते घर में शांति के लिए गृह लक्ष्मी जी की जिद माननी चाहिए। शिवजी ने गृह लक्ष्मी की जिद मान कर पिता के घर जाने की अनुमति दी जबकि वह इसका परिणाम जानते थे इसलिए गृह शांति जिद में नहीं समझौते में है। उन्होंने शिव उमा विवाह से पूर्व उमा के उत्पत्ति, हिमाचल घर एवं उमा के द्वारा शिव प्राप्ति हेतु किए तप का महत्व बताया, तप ही प्रभु प्राप्ति का मार्ग है। कहा कि भीतर की आंख खुले तो कामना भस्म हो जाती है।

इस अवसर पर शशि भूषण कनकने एड, जगदीश कौशल, हेमंत बड़ोनिया, अनिल सिंह, रवि शर्मा, राजेश साहू, चंद्र शर्मा, सुरेंद्र पांडे, हरि कृष्ण चतुर्वेदी, सुनील अग्रवाल, शक्ति शर्मा आदि उपस्थित रहे। कथा के तीसरे दिन बुधवार को रामजन्म एवं बाल चरित्र की कथा दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी।

# पौधशाला , वृक्षारोपण एवं वानिकी कार्यों पर कार्यशाला संपन्न



**समय जगत, ललितपुर।** अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक योजना एवं कृषि वानिकी लखनऊ के आदेशानुसार प्रत्येक प्रभाग में 15 से 20 दिसम्बर 2024 के मध्य पौधशाला, वृक्षारोपण एवं वानिकी कार्यों से सम्बन्धित गोष्ठी/कार्यशाला का आयोजन गोविन्द सागर पौधशाला में वन संरक्षक/क्षेत्रीय निर्देशक, बुन्देलखण्ड वृत्त झांसी महावीर कौजालगी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डीएफ्ओ गौतम सिंह ने उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को विस्तृत जानकारी से अवगत कराते हुये आगामी वृक्षारोपण हेतु माईक्रोप्लानिंग, स्थल चयन तथा स्थल के अनुरूप पौधों की प्रजाति का चिन्हीकरण एवं ग्राम पंचायत/स्थानीय नगर निकाय की सहभागिता से भी अवगत कराया। इसके उपरान्त नर्सरी में पौध उगान के सम्बंध में उप प्रभागीय वनाधिकारी महरौनी सतेन्द्र सिंह तोमर द्वारा जानकारी दी गयी। अग्रिम मृदा कार्य के सम्बंध में क्षेत्रीय वन अधिकारी, महरौनी द्वारा विस्तार से सभी उपस्थित कर्मचारियो को अवगत कराया। क्षेत्रीय वन अधिकारी गौना द्वारा वृक्षारोपण की सुरक्षा एवं देख-रेख पर अपने विचार, सुझावों से अवगत कराया। प्रभाग में अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में सिल्वी कल्चर ऑपरेशन, कटान के लाटों की मार्किंग व पातन में सावधानियों व वन्य एवं वन्य जीवों की सुरक्षा, मानव वन्य जीव संघर्ष आदि विषयों पर उप प्रभागीय वनाधिकारी महरौनी द्वारा विस्तार से जानकारी दी। सभी विषयों की समीक्षा पर मुख्य अतिथि वन संरक्षक/ क्षेत्रीय निदेशक झांसी द्वारा अपने विचार व सुझाव उपस्थित सभी वन अधिकारी/कर्मचारियों को अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया। गोष्ठी में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल, उप प्रभागीय वनाधिकारी डा.शिरीन, उप प्रभागीय वनाधिकारी महरौनी सतेन्द्र सिंह तोमर, क्षेत्रीय वन अधिकारी महरौनी सरोज कुमार, क्षेत्रीय वन अधिकारी बार अरूण कुमार अवस्थी, क्षेत्रीय वन अधिकारी गौना सुवाष, क्षेत्रीय दन अधिकारी भोला सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी तालबेहट प्रभुदयाल यादव, क्षेत्रीय वन अधिकारी माताटीला रमेश कुमार पनौरिया, क्षेत्रीय वन अधिकारी जखौरा शहजादा स्माईल उददीन, प्रतिनिधि उच्च शिक्षा विभाग डा.रीतेश खरे, प्रतिनिधि बीएसए शिवम अग्निहोत्री, स्वास्थ्य विभाग से डा.राजेश भारती, सिंचाई विभाग से भूपेश कुमार, एआरटीओ सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि, मीडिया, एन.जी.ओ. के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## समस्याओं के निराकरण पर होगा हर संभव प्रयास : डीएम

**समय जगत, ललितपुर ।** ग्राम दैलवारा स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी । प्राचार्य हुपेंद्र शर्मा द्वारा विद्यालय की विभिन्न समस्याओं जैसे चाहरदीवारी की ऊंचाई बढ़ाने, आतंरिक सड़क का पुनर्निर्माण, 65 के.वी.ए जनरेटर व्यवस्था, शहरी बिजली फीडर न होना, विद्यार्थियों के स्वास्थ्य जांच के लिये शिविर आयोजन, सौर उर्जा संचालित गीजर उपलब्ध कराने इत्यादि समस्याओं के बारे में बताया गया । जिलाधिकारी ने समस्त समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना एवं समस्याओं के निराकरण हेतु हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया गया । इस अवसर पर समिति सदस्य के रूप में प्राचार्या केंद्रीय विद्यालय ललितपुर, वरिष्ठ शिक्षक/उप-प्राचार्य ज.न.वि. ललितपुर, ग्राम प्रधान दैलवारा, मुख्य चिकित्साधिकारी, अधिशासी अभियंता (निर्माण) लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता (विद्युत) उ.प्र. दक्षिणांचल विद्युत वि.ख.नि.लि, अभिभावक (पु.) आनंद कुमार प्रजापति एवं अभिभावक महिला सविता लोधी उपस्थित रहे ।

## नशे में धुत्त होकर तलवार मारने का आरोप

**समय जगत, ललितपुर ।** निकटवर्ती ग्राम रजवारा निवासी महेन्द्र राठौर पुत्र कैलाश नारायण राठौर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते सोमवार को रात करीब 9.30 बजे वह अपने घर में था । तभी उसका छोटा भाई अंगद उर्फ करण राठौर शराब के नशे में धुत्त होकर आया और गालियां देने लगा । विरोध करने पर उसने धारदार लोहे की तलवार मार दी, जिससे उसके हाथ के कंधे में चोट आ गयी । पुलिस ने महेन्द्र राठौर की तहरीर पर अंगद उर्फकरण राठौर के खिलाफबीएनएस की धारा 352 व 118 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी ।

## मां-बेटा-बेटी को तेज रफ्तार ऑटो ने मारी टक्कर

**समय जगत, उरई ।** सोमवार रात को बंगरा मार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ । बाइक से जा रहे मां-बेटा-बेटी को तेज रफ्तार ऑटो ने टक्कर मार दी, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए । घटना के बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों की भीड़ मौके पर जुट गई, जिन्होंने पुलिस को सूचित किया और घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन में भर्ती कराया ।घायलों की हालत नाजुक होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें उरई के हायर सेंटर रेफर कर दिया । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें तत्काल रेफर किया गया । हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की कोशिश की, लेकिन घायलों की स्थिति गंभीर बनी रही ।यह हादसा जालौन कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बंगरा मार्ग स्थित साईं मंदिर के पास हुआ । कुसमरा के रहने वाले अंकित (30 वर्ष), अपनी मां सियारानी (60 वर्ष) और बहन कोमल (16 वर्ष) के साथ बाइक से घर लौट रहे थे । जैसे ही वे साईं मंदिर के पास पहुंचे, तेज रफ्तार ऑटो ने बाइक को टक्कर मार दी । टक्कर के बाद बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए ।हादसा होते ही स्थानीय लोगों और राहगीरों ने घटनास्थल पर पहुंचकर तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन में भेजा । चिकित्सकों ने सभी का प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उन्हें उरई के हायर सेंटर रेफर कर दिया । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

## वृद्धाश्रम का एडीजे/सचिव ने किया निरीक्षण

**समय जगत, ललितपुर ।** जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक कुमार पाराशर के निर्देशानुसार एडीजे/सचिव यशवन्त कुमार सरोज ने पं.दीनदयाल उपाध्याय वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण किया गया । एडीजे/सचिव यशवन्त कुमार सरोज ने वृद्ध पुरूष व महिला कक्षों, भोजन-शाला का निरीक्षण किया । वृद्धजनों से वार्तालाप किया गया तथा उनसे किसी भी प्रकार की समस्या की शिकायत के बारे में पूंछा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि कुछ वृद्धजनों ने स्वास्थ्य हेतु मेडीकल कैम्प की मांग की जिससे सभी वृद्धजनों का मेडीकल चेक अप हो सकें । उक्त के संदर्भ में मुख्य चिकित्साधिकारी को अन्दर सप्ताह मेडीकल कैम्प आयोजित कराने हेतु पत्राचार किया गया तथा कुछ वृद्धजनों ने अलाव की मांग की गयी । प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि अलाव हेतु नगर पालिका से पत्राचार किया गया । जल्द ही लकडियां उपलब्ध हो जायेगी । भोजनशाला में साफ-सफाई पायी गयी तथा मीनू के अनुसार राजमा की सब्जी चावल रोटी की परोसी गयी । पं.दीनदयाल उपाध्याय वृद्धाश्रम की विजिट के दौरान केयरटेकर/प्रबन्धक मनीष पाठक, सेवादार स्नेहलता निगम, रूपेश, अजय बहादुर, ज्योति, शमा बानो नर्स, उर्मिला सहायक रसोईया, सुनीता रसोईया एवं न्यायालय से रोहित राठौर, विकास कुशवाहा उपस्थित रहे ।

## फेफड़ों से बलगम बीओप्सी निकालने की अत्याधुनिक मशीन ब्रोंकोस्कोपी मिली जीएमसी को

**समय जगत, उरई।** राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई की बड़ी उपलब्धि फेफड़ो से बलगम बीओप्सी निकालने की अत्याधुनिक मशीन ब्रोंकोस्कोपी का उद्धघाटन हुआ। अब लंग्स ( फेफड़े ) की कैंसर की जाँच बीओप्सी , न्युमोनिआ की फेफड़े से बलगम निकल कर कल्चर ,वायरस ,फंास जैसे घातक जीवाणुओं की जांच संभव होगी . ब्रोंकोस्कोपी दूरबीन की जाँच है जो फेफड़े के अंदर जाकर बलगम और बीओप्सी निकला जा सकता है।

डॉ विक्रम गौतम विभाग्याध्यक्ष पल्मोनरी मेडिसीन ( टीबीसीडी ) चेस्ट विभाग ने सारा श्रेय प्रिंसिपल साहब डॉ अरविन्द त्रिवेदी को दिया और डॉ प्रशांत निरंजन सीएमएस के पूर्ण सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए बताया ये जाँच आस पास के कई जिलों और शहरों में मौजूद नहीं है इस जांच के शुरू होने पर आसपास के 50 जिलों के मरीज़ो को लाभ मिलेगा . उद्धघाटन करने पहुंचे प्रिंसिपल साहब डॉ अरविन्द त्रिवेदी और डॉ प्रशांत निरंजन साथ में डॉ शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने पल्मोनरी मेडिसिन के विभाग्याध्यक्ष डॉ विक्रम गौतम की अथक प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा की उरई मेडिकल कॉलेज का चेस्ट विभाग नयी उपलब्धिया और नई जाँच शुरू कर के उरई मेडिकल कॉलेज को नयी ऊंचाइयों पे ले जाकर बड़े बड़े अस्पतालों को टकर दे रहा है ।

## चौकी दैलवारा का एसपी ने किया औचक निरीक्षण

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने चौकी दैलवारा का आकस्मिक निरीक्षण किया। एसपी ने निरीक्षण के दौरान चौकी कार्यालय, परिसर, आरक्षी बैरक व सीसीटीवी कैमरों आदि का निरीक्षण किया गया तथा सम्पूर्ण चौकी परिसर में समुचित लाइट का प्रबन्ध करना एवं स्वच्छता रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। चौकी पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को प्राथिमिकता के तौर पर चौकी प्रभारी द्वारा स्वयं सुनकर उनका उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध शत-प्रतिशत निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया।

## छतरपुर से निमंत्रण में आये युवक पर हमला

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला छतरपुर अन्तर्गत थाना मातगुवां के ग्राम रगौली निवासी शिवदयाल सिंह लोधी पुत्र बाबूलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि ललितपुर के ग्राम चौकी में वह अपने रिश्तेदार आनंद प्रधान के यहां निमंत्रण में आया हुआ था। बताया कि सोमवार की सुबह करीब 7 बजे पास के गांव गुन्दरापुर में कलारी के पास सड़क पर आग से ताप रहा था। तभी ग्राम गुन्दरापुर निवासी कैलाश नारायण यादव पुत्र कुदऊ यादव आया और गालियां देने लगा। आरोप है कि जब उसने गालियां देने से मना किया तो उक्त द्वारा पास में पड़े डण्डे से उसके साथ मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर जब उसके रिश्तेदार ने उसे ललकारा तो उक्त व्यक्ति जान से मारने की धमकी देते हुये गांव की तरफभाग गया।

## व्यापारियों की बैठक मे मौनी मंदिर के सामने लगने वाली सब्जी रामकुंड के पीछे भेजने के डीएम ने दिये निर्देश

**समय जगत, उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला स्तरीय व्यापार बन्धु की बैठक आयोजित कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर व्यापार बंधुओं द्वारा उठायी जाने वाली समस्याओं से अवगत होने के बाद जिलाधकारी ने उनकी समस्याओं को गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश संबन्धित अधिकारियों को दिये। उक्त बैठक में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई, जिसमें मौनी मन्दिर के पास पड़ने वाली सब्जी मण्डी में प्रायः अधिक भीड़ होने के कारण उक्त सब्जी मण्डी का स्थानान्तरण शीघ्र ही रामकुण्ड उरई के पीछे किये जाने के निर्देश दिये गये, विद्युत पोल पर खुले हुए विद्युत कनेक्शन बॉक्स को शीघ्र रिपेयर करने के निर्देश दिये, तथा मुख्य बाजार से बन रही सड़क के दोनों ओर इण्टरलॉकिग शीघ्र लगाने हेतु लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करने का समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये गयें। तथा समस्त व्यापारियों को मार्ग से अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दियें। उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी उरई सिटी मजिस्ट्रेट उरई, सीओ नगर उरई, उपायुक्त राज्य कर उरई तथा अन्य अधिकारीगण एवं व्यापार मण्डल के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# आमजन को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने हेतु जिलाधिकारी की पहल हो रही साकार

### - मेडिकल कॉलेज में वार्डो का नवीनीकरण कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण, 20 दिसम्बर को होगा हैण्डओवर
### - महिला चिकित्सालय वार्डो का भी होगा नवीनीकरण, कार्यदायी संस्था की हैण्डओवर की तैयारी
### - जिलाधिकारी ने पुनः निरीक्षण कर देखा कार्य, 20 दिसम्बर तक हैण्डओवर करने के निर्देश



**समय जगत, ललितपुर।** आमजन को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने की जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की मुहिम साकार होने वाली है, जिसके अंतर्गत राजकीय मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए वार्डो व शौचालयों का नवीनीकरण कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है और 20 दिसम्बर को शत-प्रतिशत पूर्ण कर कार्यदायी संस्था द्वारा विभाग को हैण्डऑवर कर दिया जाएगा। यह सब जिलाधिकारी के कुशन निर्देशन में मुमकिन हो सका है। इसके लिए जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग और कार्यदायी संस्था को एक साथ लाकर कार्य को गति प्रदान की और निरंतर निरीक्षण कर कार्य को समय से पूर्ण कराया। जिलाधिकारी ने आज मंगलवार को पुनरू राजकीय मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर वार्डो के नवीनीकरण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने सभी तलों पर चल रहे कार्य को देखा और निर्देश दिये कि प्रत्येक दशा में कार्य पूर्ण कराकर 20 दिसम्बर तक विभाग को हैण्डऑवर कर दिया जाए, 20 तारीख को पुनरू निरीक्षण किया जाएगा। इसके उपरान्त महिला चिकित्सालय के वोर्डो में भी नवीनीकरण कार्य का प्रारंभ कराया जाए। निरीक्षण के दौरान शौचालय आदि की स्थिति संतोषजनक पायी गई, कोई भी मरीज गैलरी में उपचार लेता हुआ नहीं मिला। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिये कि कोई भी मरीज बाहर वार्ड के बाहर उपचार लेता हुआ न पाया जाए, अन्यथा सम्बंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी ने अपर उप जिलाधिकारी मो.नासिर को सभी वार्डो के कार्य की निगरानी कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिये। मौके पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग भवन विंग दीपांकर चौधरी ने बताया कि जिला चिकित्सालय में वार्डो व शौचालयों के नवीनीकरण का कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है, इसमें वार्डो में टाइल्सीकरण, मरम्मत, शौचालयों का नवीनीकरण आदि शामिल है, प्राईवेट वार्ड के 02 शौचालयों पर कार्य चल रह है जो 02 दिनों में पूर्ण हो जाएगा और 20 तारीख को हैण्डऑवर कर दिया जाएगा।

प्राचार्य ने बताया कि जिला चिकित्सालय में कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, इसके बाद महिला चिकित्सालय में भी कार्य रिनोवेशन किया जाना है, जिसके लिए आगामी दिनों में कार्यदायी संस्था का वार्ड हैण्डऑवर कर दिये जायेंगे। इन वार्डो के नवीनीकरण से लगभग 130 मरीजों को भर्ती करने की क्षमता बढ़ जाएगी। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य के अलावा सीएमएस डा.मीनाक्षी सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग भवन विंग दीपांकर चौधरी, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि एवं अन्य उपस्थित रहे।

## परीक्षकों की नियुक्ति के पहले जांच कर लें : डीआईओएस

**ललितपुर।** जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश ने माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज सचिव के पत्र का हवाला देते हुये बताया कि वर्ष 2025 की हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट परीक्षा का परीक्षा कार्यक्रम घोषित किया जा चुका है। परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र व्यवस्थापकों, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापकों, कक्ष निरीक्षकों तथा प्रयोगात्मक परीक्षा व मूल्यांकन कार्य के लिये परीक्षकों की नियुक्ति की जानी है।

इस हेतु समस्त प्रधानाचार्यो द्वारा अपने-अपने विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के अपलोड कराये गये विवरणों का एक बार पुनरू पूरी सतर्कता एवं गहनता से जांच कर लें। विशेषकर शिक्षकों के नाम जन्मतिथि, नियुक्ति तिथि, पंजीकरण संख्या एवं अध्यापन का विषय, अर्हता एवं हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट के जिस विषय के अध्यापन हेतु उनकी नियुक्ति की गयी है। उस विषय का विषय कोड एवं विषय के नाम की सावधानीपूर्वक जांच कर ली जाय, जिससे कोई भी शिक्षक किसी गलत विषय में परीक्षक नियुक्त न हो सके और न ही कोई अनर्ह शिक्षक परीक्षक नियुक्त हो सके।

# लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा को निष्पक्ष पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराया जाए संपन्नः डी एम



**समय जगत, महोबा।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय सभागार में लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा-2024 की तैयारियों के सम्बन्ध में सेक्टर/स्टैटिक/जोनल मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापक के साथ बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि लोक सेवा आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। आयोग द्वारा प्रतिबन्धित सामग्री कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र के अन्दर लेकर न जाने पाये। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जायेंगी। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के निर्देश दियें।

जिला विद्यालय निरीक्षक गिरधारी लाल कोली ने बताया कि लोक सेवा आयोग द्वारा पीसीएस परीक्षा-2024 दिनांक 22 दिसम्बर 2024 को जनपद के 10 परीक्षा केन्द्रों यथा- वीर भूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ब्लॉक ए, वीर भूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ब्लॉक बी, राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, डीएवी इंटर कॉलेज, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज महोबा, राजकीय इंटर कॉलेज श्रीनगर, राजकीय गंगा सिंह इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चरखारी में आयोजित की जा रहीं है। परीक्षा में कुल 4128 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा दो पालियों प्रथम पाली-प्रातः 09:30 से 11:30 एवं द्वितीय पाली की परीक्षा अपरान्ह 02:30 बजे से सायं 04:30 बजे तक आयोजित की जायेंगी।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# युवा वर्ग नशे से रहे दूरः टीनू सोगरवाल

## प्रत्युष मुखर्जी बने मिस्टर शरद धौलपुर



**धौलपुर ।** नगर परिषद धौलपुर द्वारा आयोजित शरद महोत्सव 2024 के अंतर्गत पहली बार शहर के युवा बॉडी बिल्डर के लिए शरद धौलपुर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 8 दर्जन से अधिक बॉडी बिल्डर ने भागीदारी निभाई । इस अवसर पर युवाओं को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए जिला यातायात प्रभारी टीनू सोगरवाल ने कहा कि युवा वर्ग सकारात्मक सोच के साथ देश के उत्थान के लिए कार्य करें उन्होंने कहा कि आज युवा वर्ग नशे की आगोश में अपने आप को जकड़े हुए हैं । होना ये चाहिए कि वह नशे का त्याग करें और अपने शरीर को सुडौल और स्वस्थ रखें । इस अवसर पर उन्होंने युवाओं से वाहन चलाते समय यातायात नियमों की पालना की भी बात कही । उप जिला शिक्षा अधिकारी खेलकूद विजय उदैनिया ने कहा कि धौलपुर में बॉडी बिल्डिंग के अच्छे खिलाड़ी है जो की राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम गौरांवित कर रहे हैं आगे भी खिलाड़ी जिले का नाम राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी गौरवित करेंगे उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। और कहा कि मोटरसाइकिल चलाते समय युवा वर्ग और सभी अच्छे हेलमेट का प्रयोग करें युवा हमारे देश का भविष्य है विजय उदैनिया मुख्य निर्णायक के रूप में उपस्थित थे । शरद धौलपुर 2024 विजेता प्रत्यूष मुखर्जी द्वितीय स्थान आशू कुमार व तृतीय जेनिश खान रहे। मंच का संचालन अनिल मिश्रा द्वारा किया गया । इस अवसर पर एडवोकेट एमके सिंह ,आकाश चंदेला, शरद मेला प्रभारी मोहित शर्मा ,नीरज शर्मा, विशाल गुर्जर, भरत सिंह परमार, नसीम खान, बबलू किंग खान मुख्य रूप से उपस्थित थे। म्यूजिक की धुन पर फ्री पोज रहा आकर्षण का केंद्र प्रतियोगिता के दौरान प्रत्येक बॉडीबिल्डर को म्यूजिक की धुन पर फ्री पोस्ट देने का अवसर मिला। जिस पर उन्होंने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। समर्थकों की रही भीड़ कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक बॉडी बिल्डर के समर्थक अपने खिलाड़ी के समर्थन में नारेबाजी करते हुए नजर आए और अपने खिलाड़ी को उत्साहित करते दिखे और पूरा पंडाल युवाओं से भरा नजर आया। देर रात तक चले कार्यक्रम में युवाओं ने लुफ्त उठाया और नगर परिषद द्वारा आयोजित इस आयोजन की भरपूर सराहना की और निकट भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन आयोजित करने के लिए नगर परिषद से आग्रह किया।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला वार्ड की बिल्डिंग में से नहीं हटाया मधुमक्खी का छत्ता

**कुलपहाड़ ( महोबा )** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुलपहाड़ के महिला वार्ड की विल्डिंग में मधुमक्खी के प्रकोप के भय से अस्पताल आने बाले मरीजों में दहशत का माहौल बना हुआ है ज्ञात हो कुलपहाड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के महिला वार्ड के मैंन गेट के बाहरी हिस्से में ऊपर कि तरफ मधुमक्खी के दो बड़े-बड़े छत्ते लगे हुए हैं जिसमें से अक्सर मधुमक्खी उड़कर महिला मरीजों के वार्ड में घुस कर मरीजों पर आक्रमण कर देती हैं जिससे कई बार भारी दुर्घटना होते-होते बची है इस संबंध में कई बार नगर वासियों ने तथा मरीज के अभिभावकों ने विभागीय अधिकारियों से तथा प्रभारी चिकित्साधिकारी से मधुमक्खियो का छत्ता हटाने की मांग की है परंतु छत्ता नहीं हटाया गया पिछले 6 महीने पूर्व एक बार छत्ता को हटाया गया था परंतु फिर से एक की जगह दो बड़े-बड़े मधुमक्खी के छत्ता लग गये है और मरीजों एवम तीमारदारों मे भय का माहोल बना हुआ है।

### सुदृढ़ यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रत्येक ई-रिक्शा के मालिक/चालकों का होगा सत्यापन

**समय जगत, महोबा।** जनपद में यातायात पुलिस टीम द्वारा परिवहन विभाग से समन्वय स्थापित कर सभी ई-रिक्शा मालिक/चालकों के सत्यापन की कार्यवाही की जानी है, जिससे जनपद महोबा में यातायात व्यवस्था के साथ ही सुरक्षा/कानून व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखा जा सके।इस प्रक्रिया से जनपद महोबा में केवल पात्र, कानूनन मान्य और विश्वसनीय व्यक्ति ही ई-रिक्शा चला सकें।ई-रिक्शा से सम्बन्धित चोरी, लूट, छेडखानी और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए यह सत्यापन प्रक्रिया शुरु की जा रही है। सत्यापन से यह सुनिश्चित होगा कि केवल वे ही चालक ई-रिक्शा चलायेंगे, जिनका चरित्र प्रमाणित हो और जो सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हों। इससे शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में सहायता मिलेगी।अत : सभी रिक्शा मालिकों एवं चालकों को सूचित किया जाता है कि यातायात पुलिस जनपद महोबा द्वारा सभी ई रिक्शों का सत्यापन किया जा रहा है जिसमें शत प्रतिशत रिक्शों का सत्यापन होना अनिवार्य है, इसलिए आप सभी से अनुरोध/अपील है कि अगले 07 दिवस के अंदर समस्त ई रिक्शा मालिक/चालक अपने अपने रिक्शे का सत्यापन परमानंद चौक पर पहुंचकर कराना सुनिश्चित करें अन्यथा बिना सत्यापन के रिक्शा पाए जाने पर नियमानुसार वाहन सीज की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी ।

### अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने बैठक कर साइबर ठगी से बचने के प्रति किया गया जागरुक

**महोबा ।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने मुख्यालय के एकता पैलेस में जागरण अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान दूर दूर से आए लोगो को साइबर ठगी से बचने को लेकर जागरूक किया। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के लोगो ने साइबर थाना प्रभारी की उपस्थिति मे ग्राहक जागरण अभियान के अतंर्गत एकता पैलेस में बैठक कर साइबर ठगी से बचने के के गुण बताकर जागरूक किया ।इस मौके पर जितेन्द्र शुक्ल, कुलदीप नगायच, विकास सिंह, शुभम सिंह, माधव खरे, प्रदीप शर्मा, अवनीश सोनी, एके त्रिपाठी आदि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के सदस्य तथा साइबर थाना प्रभारी फईम तथा नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी सहित काफी संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

### गरीब असहाय, जरूरतमंदों को लेखपाल और प्रधान ने वितरित किए कम्बल

**समय जगत, महोबा ।** हांडकपाऊ सर्दी में रूरीकला ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजीव गुप्ता एवं लेखपाल जितेंद्र राजपूत सचिव रामआसरे यादव के द्वारा सचिवालय में गरीब बेसहारा वृद्ध महिलाओं आदि को कम्बल वितरण किए गए।
विगत पांच छ : दिनों से शीत लहर का प्रकोप बढ़ गया है द्य गरीब असहाय बेसहारों को ऐसी कड़ाकेदार सर्दी से बचने के लिए आग ही सहारा हैं।वही ग्राम पंचायत रुरी कलां सचिवालय में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजीव गुप्ता ने गांव के वृद्ध महिलाओं ,बुजुर्गों सहित 50 लोगों को कम्बल वितरित किए।कम्बल पाकर सभी के चेहरे खिल उठे।इस मौके ग्राम पंचायत सचिवालय में सचिन राम आसरे यादव टीए जेई, पंचायत मित्र देवेंद्र पटेल पंचायत सहायक कु0 सोनम सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### चोरो का डेढ़ माह बाद भी नहीं लगा सुराग, एसपी ऑफिस पहुंचे पीड़ित

**समय जगत, खरगोन।** जिले के करही थानाक्षेत्र के ग्राम भामपुरा में करीब डेढ़ माह पहले एक वृद्धा के सूने मकान में हुई चोरी मामले में अब तक कोई सुराग नही लगने से नाराज परिवार मंगलवार को एसपी ऑफिस पहुंचा। पीड़ित परिवार ने एसपी से मामले में हस्तक्षेप कर जांच तेज कराने की मांग की।पीड़ित के मुताबिक उनके घर से करीब 10 लाख रुपए मूल्य के आभूषण एवं नकदी चोरी हुए है, इस मामले में कुछ संदेहियो के नाम भी पुलिस को बताए, लेकिन पुलिस अब तक कोई सुराग नही लगा पाई। एसपी ऑफिस पहुंची 60 वर्षीय फुंदाबाई ने बताया कि वह भामपुरा निवासी होकर अकेले रहती है, घर के सामने ही बेटा परिवार सहित रहता है।5 नवंबर को वह घर पर ताला लगाकर अपने रिश्तेदारें के यहां पिपल्याबुजुर्ग गई थी।7 नवंबर की सुबह पोते अतुल ने घर पर लगा ताला खुला देखा।इसके बाद मेरा बेटा मदन और पोता अतुल मेरे घर में आए और झांककर देखा तो सारा सामान बिखरा था।मेरे लौटने पर देखा कि घर में रखी लकड़ी अलमारी से 2 सोने की चेन, छोटा पेंडल, सोने की झूमकी एक जोडी, चांदी का कंदोरा, चांदी की पायजेब, पैर के चांदी के कडे के अलावा करीब 3 लाख रुपए नकद नदारत थे।इसकी शिकायत करही थाने पर भी दर्ज कराई गई। कुछ संदिग्धों के नाम भी बताए थे लेकिन अब तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नही कि।यादव परिवार के अनुसार उनके घर से करीब 10 लाख रुपए मूल्य के आभूषण एवं नकदी चोरी हुए है।घनी आबादी वाले गांव में हुई इस तरह की चोरी से गांव में दहशत का माहौल है।

# किसानों को बायोचार बनाने का दिया प्रशिक्षण



**खरगोन।** कृषि के क्षेत्र में जागरुकता का कार्य कर रही संस्था निरंजनलाल अग्रवाल फाउंडेशन ने काला सोना (बायोचार) प्रशिक्षण शिविरों की शुरुआत की है, जिसमें किसानों को अपने खेतों में ही बायोचार बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्था के बैनर तले ग्राम किरगांव में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें दिल्ली की संस्था बीटल रीजन ओर सिंगापुर की सिर्कोनॉमी संस्था की मदद से किसानो को बायोचार बनाने की विधि बताई गई। सिर्कोनॉमी केके ने बताया कि काठी से बायोचार बनाना बहुत हीआसान प्रकिया है। यदि किसान इस प्रकिया को करते हैं ओर अपनी फसल में गोबर खाद के साथ बायोचार भी डालते है तो उत्पादन बढ़ेगा, इसके लिए कुछ कंपनिया किसानो को आर्थिक मदद भी करती हैं। इसके अलावा संस्था सीआईटीआई, सीआरडीए के नितिन तोमर ने किसानों को अपनी संस्था की जानकारी देते हुए बताया कि यदि हम पुनर्याजी पद्धति से कपास फसल में प्रति एकड़ पौध संख्या बढ़ाएंगे तो उत्पादन भी बढ़ेगा साथ ही साथ बायोचार बनाने के लिए कपास काठी भी अत्यधिक मात्रा में किसानो को उपलब्ध रहेंगी। निरंजनलाल अग्रवाल फाउंडेशन के प्रीतेश अग्रवाल ने बताया किसानो के लिए प्रशिक्षण में बताई गई तकनिक से खेत पर बायोचार आसानी से बनाया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान आभार संस्था के मुकेश सिंह चौहान ने माना।

# टोकसर में महिलाओं को नहीं मिल रहा लाडली बहना योजना का लाभ, तीसरा चरण शुरू करने की उठी मांग



**समय जगत, खरगोन।** प्रदेश सहित जिले में लाड़ली बहना योजना की पात्र महिलाओं को नियमित रूप से शासन स्तर पर 1250 रुपये मिल रहे है।ऐसे में इस योजना से जो महिलाएं वंचित रह गई है वह भी इस योजना का लाभ पाने के लिये तीसरा चरण शुरु करने की मांग कर रही है। मंगलवार को जिले के ग्राम टोकसर से सैकड़ों महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंची।यहां कलेक्टर के नाम मांगपत्र में रचना, सुनीता, नर्मदा, ममताबाई आदिं ने बताया कि गांव में योजना के सम्बंध में कोई प्रचार-प्रसार नही हुआ, इतना ही नही समय पर या नियमित पंचायत भी नही खुलती, जिससे गांव की करीब 250 महिलाएं योजना में आवेदन करने से वंचित रही गई है, केवल चुनिंदा महिलाओं को योजना का लाभ मिल रहा है। हमारी मांग है कि हमें भी योजना का लाभ दिया जाय, एवं तीसरा चरण शुरु होने पर गांव में शिविर लगाकर आवेदन लिए जाएं।

# बिजली के शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग

**कुलपहाड़( महोबा )** बिजली के शॉर्ट सर्किट से मुख्य बाजार में स्थित मकान में आग लग गई जिससे लगभग 5 लख रुपए का नुकसान हो गया सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी पहुंच गई इसके पूर्व ही घरवालों व पड़ोसियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग़ पर काबू पाया घर में रखे गैस सिलेंडर तक आग न पहुंचने से बड़ा हादसा होने से टल गया ।मिली जानकारी के अनुसार कुलपहाड़ के मुख्य बाजार में नारायण सिंह यादव का मकान है वह रिटायर्ड पुलिसकर्मी है सुबह लगभग 11-00 घर से धुआं निकलने पर पड़ोसियों ने उन्हें इसकी सूचना दी जिस पर अंदर जाकर देखा तो ड्राइंग रूम के सोफे में आग लगी हुई थी और ऊपर से बिजली की वायरिंग से चिंगारी उठ रही थी देखते ही देखते आग ने विशाल रूप ले लिया और कमरे में रखा एक एलईडी डबल बेड सोफा पलंग कपड़े में आग लग गई पड़ोसियों और घर के लोगों ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया इसी बीच फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई फायर ब्रिगेड के पहुंचने की पूर्व ही सभी के सहयोग से आज पर काबू कर लिया गया ।मकान मालिक नारायण सिंह ने बताया कि आग़ ड्राइंग रूप से अंदर भंडार गृह और किचन तक पहुंच गई थी लेकिन समय पर काबू पा लिया गया जिससे किचन में रखे सिलेंडरों में आग़ नहीं पहुंच सकी और बड़ा हादसा बच गया उन्होंने बताया कि लगभग ?5 लाख का नुकसान हुआ है जिसकी सूचना उन्होंने तहसील कर्मियों को दे दी है।

# कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में 10 बच्चियों को वितरित किए गए बेबी किट




**समय जगत, पनवाड़ी (महोबा)** ब्लाक पनवाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज 5 के अंतर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 10 बच्चियों को बेबी किट उपहार स्वरूप वितरण किया गया। वन स्टाप सेन्टर से केन्द्र प्रशासक क्षमा द्वारा वन स्टॉप सेंटर की कार्य प्रणाली ,कन्या सुमंगला , चाइल्डलाइन, बाल सेवा योजना और स्पॉन्सरशिप योजना, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्प लाइन 181, चाइल्ड लाइन 1098 के बारे में बताया गया। मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता पूर्णिमा द्वारा महिला पावर लाइन 1090, आपातकालीन 112 , एंबुलेंस सेवा 108 ,1076, घरेलू हिंसा दहेज प्रथा लैंगिक उत्पीड़न के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर से केस वर्कर अर्चना, डॉक्टर मयूर, वीना, सरिता, वसीम वेग, बच्चियों के परिजन आदि सम्मिलित रहें।

# पेंशनर दिवस पर सैकड़ों पेंशनरों ने अपने अधिकारों के प्रति उठाई आवाज




**समय जगत, महोबा।** पेंशनर दिवस पर सैकड़ो पेंशनरों द्वारा अपने अधिकारों के प्रति जहां आवाज उठाई गई तो वहीं सजग होकर अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति पर्यावरण को निजी मुद्दा मानते हुए पर्यावरण संरक्षण किए जाने हेतु शपथ ली। कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी न्यायिकशिशिर यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुए पेंशनर दिवस पर जनपद के पेंशनर अपनी समस्याओं के प्रति कम पर्यावरण को लेकर गंभीर दिखे। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक पेंशन सेवा संस्थान के महामंत्री बीके तिवारी ने कहा कि महोबा जनपद के पेंशनरों की पर्यावरण संरक्षण की यह पहल जलवायु परिवर्तन की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगी। तिवारी ने बताया कि जलवायु परिवर्तन से खाद्यान्न में कम हो रहे पोषण तत्वों के साथ भारत सहित पूरे विश्व में बाढ़, कहीं सूखा, कृषि संकट एवं बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। वही जलवायु परिवर्तन के कारण कृषि उत्पादन में कमी, तापमान में अनियमितता और वर्षा के बदलाव देखने को मिल रहे हैं। तिवारी ने कहा कि जिला प्रशासन से यह काम बगैर सहयोग के आगे नहीं बढ़ सकता।

पेंशनर दिवस के अवसर पर वरिष्ठ नागरिक पेंशन सेवा संस्थान के मंडलीय अध्यक्ष ओपी सिंह ने जनपदके अधिकारियों से 2016 के पूर्व सेवानिवृत्त एवं पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन पुनरीक्षण किए जाने के साथ जिला चिकित्सालय में तैनात सभी चिकित्सकों से रोस्टर के अनुसार ओपीडी एवं इमरजेंसी में कार्य कराई जाने सहित प्राइवेट प्रैक्टिस बंद न करने वाले चिकित्सकों को मिलने वाला नॉन प्रेक्टिस भत्ता बंद करने की मांग रखी। शिवकुमार त्रिपाठी ने इस बात को लेकर जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया कि शहर में कोई ऐसा कोई स्थान विकसित नहीं है जहां वृद्धजन सुबह घूम सके। सड़कों पर घूमने पर भारी वाहनों से हो रही घटनाओं के प्रति चिंता प्रकट करते शहर से होकर जाने वाले प्रमुख मार्गो पर भारी वाहनों को प्रतिबंधित करने की मांग की। वही राम सजीवन गुप्ता ने सामाजिक सरोकार के कार्यक्रमों गोष्ठियों जैसे सड़क सुरक्षा की बैठकों, कृषि गोष्ठी, स्वास्थ्य संबंधी गोष्ठियों में पेंशनर संगठन के प्रतिनिधियों को आमंत्रित करने की मांग की। इस मौके पर जगदीश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के आदेशों के बाद भी खाद्य पदार्थो में धडल्ले से मिलावट का कार्य चल रहा है जो वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। वहीं जनपद के आमजन टीवी, ब्रोनटाइटिस के शिकार हो रहे हैं।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर यादव ने जनपदीय अधिकारियों से पेंशनरों की समस्याओं को समयबद्ध रूप से निस्तारित किए जाने का बल दिया ओर कहा कोई ऐसी समस्या नही है जो निस्तारित न की जा सके उन्होनै जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे बैठक कराकर निस्तारण का आश्वासन दिया वही पर्यावरण संरक्षण के कार्य में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। शिवकुमार त्रिपाठी, नुसरत उल्ला, देवेंद्र सक्सेना, सुनील शर्मा, राम सजीवन गुप्ता, जगदीशकुमार लल्लू राम, पुष्पा सक्सेना, राजेश्वरी देवी, रामदीन साहू, राकेश थापक, श्रीपत कुशवाहा सहित आधा सैकड़ा पेंशनरों को अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ कोषाधिकारी देव कुमार यादव ने कहा कि पेंशनरों की समस्याओं के प्रति प्रशासन संवेदनशील है और वह किसी भी समय सीधे संपर्क कर सकते हैं। उनके लिए दरवाजे 24 घंटे खुले हैं।

# कार्यदायी संस्था द्वारा कछुआ गति से कराया जा रहा है रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य



**समय जगत, महोबा।** झांसी मानिकपुर रेल लाइन पर स्थित कुलपहाड़ रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 1 से 2 पर जाने के लिए रेलवे द्वारा फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य कराया जा रहा।ओवर ब्रिज का काम कार्यदाई संस्था द्वारा कछुआ गति से कराया जा रहा है जिससे यात्री बेहद परेशान है।प्लेटफॉर्म दो मे जाने के लिए यात्रीयो को पटरी से होकर जाना पड़ता है।किसी दिन यात्री बड़ी घटना के शिकार हो सकते है।रेल यात्रियों ने कुलपहाड स्टेशन मे चल रहे फुट ओवर ब्रिज जल्द से जल्द बनवाने की रेल प्रशासन से लगातार मांग करते चले आ रहे है। आपको बता दे कि पिछले 2 महीने से चल रहे धीमी गति से कार्य को देखकर ऐसा लग रहा है कि ओवर ब्रिज वर्षों में पूरा हो पाएगा द्य ज्ञात हो प्लेटफार्म नंबर एक पर विभाग द्वारा बुकिंग विंडो बनाई गई है द्य महोबा से चलकर झांसी जाने वाली यात्रियों को प्लेटफार्म नंबर दो पर ट्रेन का इंतजार करना पड़ता है जबकि झांसी से महोबा जाने वाले यात्रियों को प्लेटफार्म नंबर एक पर ट्रेन का इंतजार करना पड़ता है द्य प्लेटफार्म नंबर एक से टिकट खरीद कर यात्रियों को प्लेटफार्म नंबर दो पर जाने के लिए यात्रियों को रेल लाइन पार करनी पड़ती है जिससे कभी भी ट्रेन की चपेट में आने का खतरा बना हुआ रहता है कई बार तो महिलाएं बुजुर्ग यात्री गिरकर घायल होते-होते बचे है द्य कई बार नगरवासियों ने रेलवे विभाग के उच्च अधिकारियों से फुट ओवर ब्रिज शीघ्र निर्माण करने की मांग की है परंतु लापरवाह ठेकेदार की लापरवाही की वजह से ओवर ब्रिज का काम अभी तक नाम मात्र का हुआ हैद्य रेलवे स्टेशन पर मौजूद कई यात्री ठेकेदार पर बहुत ही धीमी गति से काम करने का आरोप लगा रहे है।महिला यात्री राम सखी बृजरानी ने कहा है कि फुट ओवर ब्रिज के निर्माण करने की ठेकेदार की लापरवाही से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है ।

# नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष का नगर में हुआ स्वागत समारोह



**बिस्टान।** नवनिर्वाचित बिस्टान मंडल अध्यक्ष बंटी राठौर जी का नगर बिस्टान में स्वागत किया गया। जिसमें पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रवीण जी कुशवाह , जिला उपाध्यक्ष सुगनकोर जाधव, राजू कोलिया, महिला मोर्चा की भगवती कुशवाह, दीपक जी सोनी , एवं नगर के वरिष्ठ एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई संपन्न




**समय जगत, चित्रकूट।** जिलाधिकारी ने ऋण जमा अनुपात की समीक्षा एवं उनमें सुधार, जनपद की विभिन्न योजनाओं में ऋण की स्थिति, विभिन्न योजनाओं में एनपीए ऋण में जारी आरसी एवं वसूली, वार्षिक ऋण योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, आधार फीडिंग, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना आदि विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए बैंक के अधिकारियों को निर्देश दिए की जो शासकीय योजनाओं में लाभार्थियों को लाभ दिया जाना है उनमें जो आवेदन पत्र आपके बैंकों में लंबित है उनमें प्रगति कराई जाए तथा जो सीडी रेशियों 40 प्रतिशत से कम है वह बैंक सीडी रेशियों को बढ़ावा दें उपयुक्त जिला उद्योग केंद्र को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में प्रगति कराए उन्होंने अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक श्री अनुराग शर्मा से कहा कि जो प्राइवेट बैंक खुले हैं और उनके द्वारा शासकीय योजनाओं का लाभ लोगों को नहीं दिया जा रहा है उन बैंकों के खिलाफ कार्यवाही हेतु पत्र शासन को भेजा जाए, उन्होंने कहा कि जो आरसी वसूली हेतु लंबित है उन पर भी प्रगति कराई जाए तथा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के माध्यम से तहसील बार समीक्षा कराकर बैंकों से मिलान भी कराया जाए, डीसी एनआरएलएम को निर्देश दिए कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जोड़कर बैंकों के माध्यम से अधिक से अधिक ऋण मुहैया कराया जाए ताकि गांव की महिलाएं अपना रोजगार कर सके तथा जिन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा विभिन्न उद्योग स्थापित करके सामग्रियों का निर्माण कर रही हैं उनको प्रोत्साहन देकर मेला कैंपों आदि कार्यक्रमों में स्टॉल लगवा कर उन्हें प्रमोट किया जाए ताकि वह रोजगार से जुड़कर अपनी आमदनी बढ़ा सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चन्द्र, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र एस के केसरवानी, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं बैंक के अधिकारी मौजूद रहे।

# चिलाचोंद गांव के पास सड़क हादसा टेंपो पलटने से कई लोग हुए घायल

## दो गंभीर घायलों को जिला अस्पताल किया गया रेफर



**विजय शर्मा- समय जगत, धौलपुर।** उपखंड से गुजर रहे हाईवे 11बी पर चिलाचोंद गांव के पास सड़क हादसा हुआ है। आगरा देवली से आंगई गांव स्थित बाबा भैरवनाथ के दर्शन करने जा रहे आधा दर्जन लोग टेंपो पलटने से घायल हुए है। जिनमें महिलाओं की संख्या ज्यादा है। सभी घायलों को सूचना पर पहुची हाईवे एंबुलेंस 1033 से बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां से दो घायलों को गंभीर हालत होने पर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। जानकारी के अनुसार आगरा जिले के देवरी थाना दालतनगर निवासी कुछ लोग टेंपो से आंगई गांव के पास स्थित बाबा भैरवनाथ की जात करने सोमवार की शाम आगरा से निकले थे। जो रात करीब 8 से 9 बजे के करीब जब हाइवे पर चिलाचोंद गांव के पास पहुंचे तो अचानक से चालक टेंपो से संतुलन को बैठा और टेंपो सड़क किनारे पलट गया। आसपास के लोगों को जब दुर्घटना की सूचना मिली तो उन्होंने हाईवे एंबुलेंस 1033 को जानकारी दी। जिस पर एंबुलेंस से सभी घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां मौके पर मौजूद चिकित्सक डॉ आनंद वर्मा ने दो घायलों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। बाकी घायलों का उपचार बाड़ी अस्पताल में जारी है।डॉ आनंद वर्मा ने बताया की हाइवे पर चिलाचोंद गांव के पास टेंपो पलटने से आधा दर्जन लोग घायल हुए है। जिनको सोमवार की रात बाड़ी अस्पताल लाया गया। सभी घायलों में से गगनदेवी पत्नी होशियार सिंह जाटव (40 वर्ष) और सावित्री पत्नी छेदीलाल जाटव (60) वर्ष को गम्भीर हालत में जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। बाकी घायलों में दुर्गेश पत्नी मुनेंद्र जाटव (40) वर्ष,पुष्पा पत्नी रणबीर (35) वर्ष,विष्णु पुत्र राजेंद्र (18 ) वर्ष, टेम्पो चालक मंजीत पुत्र पप्पू (25) वर्ष का उपचार बाड़ी अस्पताल में जारी है।

## सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर कैंपेन 19 दिसम्बर से

**धौलपुर।** प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार 19 दिसंबर से 24 दिसम्बर 2024 तक जिले में गुड गवर्नेंस के अन्तर्गत 'सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर कैम्पेन' का आयोजन किया जा रहा है।अतिरिक्त जिला कलक्टर धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि सुशासन सप्ताह का मुख्य उद्देश्य आमजन को दी जाने वाली सेवाओं मे सुधार लाना एवं उनकी समस्याओं को दूर करना है। सुशासन सप्ताह के दौरान पंचायत, तहसील स्तर पर विशेष कैंप, इवेंट का आयोजन कर आमजन की परिवेदनाओं राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज, सीपीग्राम पोर्टल की परिवेदनाओं का निस्तारण किया जायेगा। इसके अंतर्गत 23 दिसम्बर को जिला स्तर पर कार्यशाला का आयोजन कर जिले में गुड गवर्नेंस हेतु अपनाए गए नवाचार, गुड गवर्नेंस प्रैक्टिस, इनिशिएटिव पर विस्तृत चर्चा की जावेगी।

# सेना की ट्रेनिंग लेकर लौटे 82 जवानों का पृथ्वी डिफेन्स एकेडमी द्वारा किया गया स्वागत




**सुनील मेघाया - समय जगत,बेटमा।** 7 माह की कठिन परिश्रम के पश्चात् 82 जाबाज जवानों ने अपने देश की आन बान और शान की रक्षा के लिये शपथ ली और भारतीय सेना के अभिन्न अंग बन गये 7 ट्रेनिग के पश्चात् अपने प्रथम गृह आगमन पर परिजनों, सभी देशप्रेमी गावं वालो व पृथ्वी डिफेन्स एकेडमी के प्रशिक्षु व उस्तादों ने बड़े ही हर्षोउल्लास व देश प्रेम में ओतप्रोत होकर जोशिले अंदाज से जगह जगह पर जाबाज अग्निवीरो का स्वागत वंदन किया 7 साथ ही संस्था में सभी को बुलाकर सैनिक सम्मान समारोह कर सभी योद्धाओं व उनके माता पिता को शील्ड देकर सम्मानित किया गया 7 विगत सात माह पूर्व यह सभी पृथ्वी डिफेन्स एकेडमी संस्था में प्रशिक्षण करते हुये भारतीय सेना में सलेक्ट हुये थे 7 अपने तात्कालिक अवकाश को खत्म कर यह सभी जवान देश के हिमालय की चोटी से लेकर देश के चारो ओर सीमाओ पर अपनी बटालियन में पदस्थ होकर माँ भारती की सेवा करेंगे।

# सार संक्षिप्त

## सुरेश तिवारी ने किया जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन



**समय जगत, चित्रकूट।** अधिवक्ता संघ चित्रकूट के जिला अध्यक्ष पद के चुनाव में सुरेश तिवारी एडवोकेट ने फिर से अपनी दावेदारी करते हुए आज अपना नामांकन दाखिल कर चुनाव की सरगर्मी बढ़ा दिया है विदित हो कि सुरेश तिवारी पूर्व में भी दो बार जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके हैं जानकारी के अनुसार उनके तीसरी बार अध्यक्ष पद पर नामांकन कराने से चुनाव की सरगर्मी बढ़ गई है और विपक्षी भी पशोपेश में पड़ गए हैं उधर अधिवक्ता संघ से मिली जानकारी के अनुसार इस चुनाव का मतदान 23-12-24 को होना है एवं मतगणना 24-12-2024 को होनी है जिस पर राजापुर, मानिकपुर, मुख्यालय सहित कुल अधिवक्ता 768 हैं ऐसे में कर्वी तहसील में वकीलों के बीच प्रचार प्रसार तेजी से चल रहा है देखना होगा किसके सिर इस बार ताज सजेगा।

## नशे की हालत में ड्यूटी पर पहुंचे चिकित्सक का वीडियो हुआ वायरल




**समय जगत, सूरजपुर।** जिला अस्पताल सूरजपुर में नाइट ड्यूटी पर तैनात एक डॉक्टर के नशे की हालत में ड्यूटी पर पहुंचने का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो मरीज के परिजन ने बनाकर वायरल कर दिया, जिसके बाद अस्पताल अधीक्षक ने मामले की जांच शुरू कर दी है।मिली जानकारी के अनुसार, 16 दिसंबर की रात एक युवक अपने बीमार बच्चे को लेकर जिला अस्पताल पहुंचा। वहां उसने देखा कि ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर अनीश शराब के नशे में थे और अपने कक्ष में बैठे हुए थे। युवक ने आरोप लगाया कि डॉक्टर ने बच्चे का इलाज करने से इनकार कर दिया।डॉक्टर की इस लापरवाही और नशे की हालत को देखते हुए युवक ने घटना का वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। साथ ही उसने तत्काल इसकी शिकायत अस्पताल अधीक्षक से की। शिकायत के बाद अस्पताल अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। अस्पताल अधीक्षक का कहना है कि जांच के बाद दोषी पाए जाने पर संबंधित डॉक्टर के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।मरीजों को हुई परेशानी-डॉक्टर के नशे में होने के कारण रात में इलाज के लिए पहुंचे अन्य मरीजों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन से मांग की है कि इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों और डॉक्टरों को अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाना चाहिए।प्रशासन की प्रतिक्रिया का इंतजार है। यह घटना अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है।

## समाजवादी पार्टी के सीधी जिले के पदाधिकारी पहुंचे भोपाल



**समय जगत, भोपाल।** समाजवादी पार्टी मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव जी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश की प्रभारी बादशाह पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश के नेतृत्व में विधानसभा घेराव का कार्यक्रम किया गया है यहां पर प्रदेश के प्रदेश महासचिव राम प्रताप यादव शिव प्रताप सिंह बुंदेला ,राम सिंह ,धर्मेंद्र सिंह बघेल प्रदेश सचिव, राजमणि सिंह प्रदेश सचिव, मोहम्मद तलत खान प्रदेश सचिव जिला अध्यक्ष राजेंद्र पटेल सीधी, समर बहादुर यादव शहर अध्यक्ष सीधी, उमाकांत नामदेव सिंगरौली जिला अध्यक्ष, दिनेश यादव प्रमुख महासचिव सीधी, ,राजेश साकेत, राममिलन केवट कई पदाधिकारी समाजवादी पार्टी कार्यालय भोपाल में पहुंचकर कर विधानसभा घेराव कार्यक्रम में शामिल हुए।

# नगरी निकाय उप चुनाव का मतदान शांतिपूर्वक कराया गया संपन्न



**बांदा।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप एवं प्रेक्षक भगवान शरण अपर आयुक्त द्वितीय चित्रकूटधाम मण्डल बॉदा तथा अंकुर अग्रवाल पुलिस अधीक्षक बॉदा ने नगर निकाय उप निर्वाचन 2024 के आज सम्पन्न हो रहे मतदान को सकुशल एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पंचायत बबेरू के मतदान केन्द्रों क्रमशः जेपी शर्मा इण्टर कॉलेज बबेरू, कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय बबेरू, प्राथमिक विद्यालय चैबिन थोक बबेरू, प्राथमिक विद्यालय भवानीदीन का पुरवा तथा प्राथमिक विद्यालय प्रथम एवं द्वितीय बबेरू का निरीक्षण करते हुए निर्वाचन की मतदान प्रक्रिया के कार्यों को चेक करते हुए मतदान को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी बबेरू नमन मेहता सहित सम्बन्धित पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अधिकारी एवं कर्मचारियों को सोशल मीडिया प्लेट फार्म पर निगाह रखने के दिए गए निर्देश




**धार।** धार नगर स्थित मौलाना कमालउद्दीन चिश्ती की दरगाह पर,व्यापारिक मेले एवं आगामी नववर्ष को देखते हुए धार पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह के द्वारा आज दिनांक 17-12-2024 को पुलिस अधीक्षक धार कार्यालय स्थित सभागृह में धार जिलें के आसूचना संकलनकर्ता एवं खुफिया विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की मिटिंग ली गई। मीटिंग में पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह एवं उप पुलिस अधीक्षक अजाक आनंद तिवारी द्वारा जिलें के सभी आसूचनाकर्ता एवं खुफिया विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों को संदिग्ध व्यक्तियों,किरायेदारों की बारीकी से सघन चैकिंग तथा प्रतिबंधित संगठनों की गतिविधियों पर नजर रखने हेतु निर्देशित किया गया। धार नगर उर्स, व्यापारिक मेले व नववर्ष आगमन पर विशेष सतर्कता बरतने के साथ सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये गए। साथ ही असामाजिक तत्वो पर विशेष नजर रखने एवं शहर की शांति व्यवस्था भंग करने वालो पर सख्त से सख्त वैधानिक कार्यवाही के संबंध में बताया।

आसूचनाकर्ता एवं खुफिया विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों को सोशल मिडीया प्लेट फार्म जैसे फेसबुक,व्हाट्सअप,इंस्टाग्राम आदि पर वायरल होने वाले आपत्तिजनक फोटो,आडियो,विडियो पर भी निगाह रखने के निर्देश दिए गए।

# द हंस फाउंडेशन ने किसानों को गौपालन का दिया एक दिवसीय प्रशिक्षण

## द हंस फाउंडेशन के सहयोग से गरीब किसान पाल रहे साहीवाल गाय एवं मुर्रा भैंस

**समय जगत, चित्रकूट।** दिनांक 17 12.2024 को द हंस फाउंडेशन के मानिकपुर प्रोजेक्ट ऑफिस में आज हंस आजीविका परियोजना के अंतर्गत उन्नत गौ-पालकों का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया संपन्न। आज के इस कार्यक्रम में मानिकपुर के 10 ग्राम पंचायतों से आए गाय पालकों ने अपने-अपने बारे में परिचय के माध्यम से बताया कि हम द हंस आजीविका परियोजना के द्वारा दिए जा रहे जानवरों को पालकर अपनी आजीविका को बढ़ा रहे हैं। किसानों को जानवरों की रखरखाव एवं प्रबंधन के विषय में हंस आजीविका परियोजना के डॉक्टर श्रीकांत विषय विशेषज्ञ ने बताया कि किसान भाई अपने जानवरों को स्वच्छता एवं साफ-सफाई के साथ रख-रखाव करें समय पर उन्हें हरा चारा एवं पौष्टिक विटामिन युक्त भोजन कराएं, ताकि जानवर को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो।

अगर आपका जानवर गर्म है तो उसको तत्काल नजदीक के अस्पताल में सूचित कर उसका गर्भाधान करा सकते हैं। इसी के साथ आपको हंस आजीविका परियोजना के द्वारा दुधारू जानवरों जैसे गाय भैंस का बीमा करा कर दिया जाता है, समय-समय पर उसकी स्वास्थ्य की जांच अनुभवी पैरावेड एवं डॉक्टर के द्वारा करवाई जाती है आपको भी इसमें रुचि दिखाते हुए प्रत्येक दिन अपने जानवरों की साफ सफाई के साथ उनकी देखरेख करनी चाहिए , ताकि जानवर को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए।

मानिकपुर ब्लाक के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तरुण कुमार साहू ने सभी किसानों को बताया कि हंस आजीविका परियोजना के द्वारा जो 80त्न का अनुदान गरीब किसानों को दिया जा रहा है वह बहुत ही सराहनीय कार्य है।

किसानों को भी चाहिए कि समय पर जानवर को उचित इलाज हो उसकी उचित सेवा हो इसके लिए आपको संस्था के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जानवर के रखरखाव के संदर्भ में बातचीत करते रहना है और अपने-अपने जानवर का बीमा करवाने के लिए जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं बैंक की पासबुक के साथ जानवर की पांच प्रकार की फोटो भी उपलब्ध करा दें, ताकि आपके जानवर को होने वाला रिस्क, का कवर आपको प्राप्त करवाया जा सके इसके लिए संस्था के द्वारा भी काफी सराहनीय कार्य किया जा रहा है। किसानों के जानवर के प्रबंधन के लिए हर समय संस्था के द्वारा पैरावेड उपलब्ध कराकर किसी भी प्रकार की समस्या होने पर किसान के घर-घर भेजकर जानवरों की सुरक्षा के लिहाज से उपचार एवं उनकी देखरेख करवाई जा रही है जो बहुत ही सराहनीय कार्य है।

इसी क्रम में मानिकपुर हंस आजीविका परियोजना के ब्लॉक समन्वयक मुकेश तिवारी ने बताया कि हंस फाउंडेशन अपने हंस आजीविका परियोजना कार्यक्रम के द्वारा हासिए पर रह रहे गरीब किसानों के उत्थान के लिए उन्हें पशुधन वितरित कर उनकी आजीविका को सुधारने का कार्य कर रही है इसके लिए गरीब किसानों को 80त्न का सहयोग कर उन्हें भैंस, गाय एवं बकरियां उपलब्ध कराकर उनकी आजीविका को संवारने का कार्य किया जा रहा है।

जिसमें किसान को स्वास्थ्य सुविधा से लेकर के रखरखाव एवं ट्रेनिंग प्रशिक्षणों के माध्यम से भी किसानों को जानकारी दी जा रही है।

कार्यक्रम के माध्यम से पैरावेड दुर्गेश कुमार ने किसानों को बताया कि हमें जानवर की प्रतिदिन सेवा करनी है उनको अगर पेट में कीड़े हैं तो कीड़ों के लिए एल्बेंडाजोल एवं खुजली की दवाएं संस्था के द्वारा निशुल्क किसानों को समय-समय पर वितरित की जाती हैं।

अगर जानवर को बुखार है तो उसके कान को पड़कर आप पता कर सकते हैं की जानवर का टेंपरेचर नॉरमल है या हाई इसके लिए आप संस्था द्वारा दिए गए सहायक नंबरों पर बात कर अपने जानवर की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य की जानकारी निरंतर ले सकते हैं।

आज के इस उन्नत गौ-पालक प्रशिक्षण में हंस आजीविका परियोजना के कार्यकर्ताओं के साथ मानिकपुर के 10 ग्राम पंचायत के 25 किसानों की उपस्थिति रही।

# कोरिया नीर पुनः शुरू कराने आम आदमी पार्टी ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



**समय जगत, मनेंद्रगढ़।** आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर %कोरिया नीर% को पुनः चालू करने की मांग की। पार्टी के अनुसार, कोरिया नीर योजना के अंतर्गत नगर पालिका और नगर पंचायतों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए स्थापित मशीनें लंबे समय से बंद पड़ी हुई हैं, जिससे आम जनमानस को गंभीर पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा है। आम आदमी पार्टी के कोरबा लोकसभा उपाध्यक्ष और मनेंद्रगढ़ विधानसभा प्रभारी विकास पांडेय ने बताया कि नगर पालिका मनेंद्रगढ़ और नगर पंचायतों - खोंगापानी, झगराखांड एवं लेदरी में कोरिया नीर योजना के तहत स्थापित जल शुद्धिकरण संयंत्र बंद पड़े हैं। इन संयंत्रों के माध्यम से लोगों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल मुहैया कराने की योजना बनाई गई थी।शुद्ध पानी के अभाव में लोग परेशान विकास पांडेय ने कहा कि शासन द्वारा स्वच्छ जल उपलब्ध कराने की पहल के बावजूद कोरिया नीर का बंद रहना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका और नगर पंचायतों द्वारा घर-घर पहुंचाया जा रहा पानी सीधे पीने योग्य नहीं है, जिससे लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा बना हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि हर व्यक्ति के पास घर में पानी फिल्टर लगाने की आर्थिक क्षमता नहीं है, ऐसे में कोरिया नीर आम जन के लिए राहत का एक बड़ा माध्यम है।पूर्व में भी उठाई जा चुकी है मांग,विकास पांडेय ने जानकारी दी कि इससे पहले भी आम आदमी पार्टी ने दो बार इस मुद्दे पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। उन्होंने कलेक्टर से जल्द से जल्द कोरिया नीर संयंत्रों को पुनः चालू करने की मांग की है। आंदोलन की चेतावनी,विकास पांडेय ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आगामी 10 दिनों के भीतर कोरिया नीर संयंत्रों को चालू नहीं किया गया तो आम आदमी पार्टी बड़े आंदोलन की शुरुआत करेगी। इस आंदोलन की जवाबदेही प्रशासन की होगी।उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल हर नागरिक का मौलिक अधिकार है और सरकार को आम जनता की इस बुनियादी जरूरत पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत 15 वार्डों में लगेगा शिविर




**सुनील मेघाया-समय जगत, बेटमा।** नगर परिषद द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु नगर के 15 वार्डो में शिविर आयोजित किए गए हैं। इसके तहत सोमवार को वार्ड दो का शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में लगाया गया। शिविर के दौरान जन्म, मृत्यु, पेंशन, संबल कार्ड, आयुष्मान, लाडली लक्ष्मी, मुख्यमंत्री मातृत्व वंदना आदि से संबंधित 17 आवेदन प्राप्त हुए। वार्ड तीन का शिविर 18 दिसंबर को पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में लगाया जाएगा। शिविर प्रभारी रोहित अरोरा ने बताया कि 11 से 26 जनवरी तक आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार की हितग्राहीमूलक और लक्ष्य आधारित योजनाओं, सेवाओं का लाभ एवं सहायता पात्र हितग्राहियों को दिलवाने हेतु वार्ड वार शिविर आयोजित किए जा रहें हैं। शिविर में प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण भी किया जा रहा है। अभियान के तहत गत 12 दिसंबर को वार्ड एक में और 16 को वार्ड दो में शिविर लगाए गए। दोनों शिविर में कुल 34 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान प्रभारी रोहित अरोरा, नगर परिषद कर्मचारी लता आवटे व ज्योति सोनी, आशा सुपरवाइजर शगुन राठौर, सुपरवाइजर नानूराम डावर, एएनएम अर्चनासिंह, आशा सहायिका आशा पांचाल, शाहिद खान आदि उपस्थित रहे। नगर परिषद अध्यक्ष मनीषा शशि जायसवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी रंजना गोयल ने आगामी दिनों में लगने वाले वार्ड शिविर में शासन की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

इन तारीखों में लगेंगे वार्डवार शिविर : वार्ड चार में 19 को नर्मदा नगर गार्डन में, वार्ड पांच में 23 को शासकीय माध्यमिक विद्यालय कचहरी घाटी में, वार्ड छः में 26 को अभिनंद हायर सेकंडरी स्कूल में, वार्ड सात का 30 को, आठ का 1 जनवरी और 9 का छह जनवरी को शामावि परिसर कचहरी घाटी में लगेगा। वार्ड 10 का 8 जनवरी को पीएमश्री शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय में, वार्ड 11 का 10 जनवरी को शासकीय उर्दू माध्यमिक विद्यालय में, वार्ड 12 का 13 जनवरी को नगर परिषद प्रांगण में, वार्ड 13 का 15 जनवरी को नगर परिषद प्रांगण में, वार्ड 14 का 17 जनवरी को आईडियल पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में व वार्ड 15 का शिविर 20 जनवरी को बेटमा पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में लगाया जाएगा। शिविर सुबह 11 से शाम पांच बजे तक चलेगा।

# पारिवारिक शादी में शामिल होने पर दी जा रही धमकी, पुलिस सुरक्षा की उठाई मांग

**श्योपुर।** साहब मेरे भतीजे को पारिवारिक शादी में शामिल होने पर हमारे पड़ोसियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इसलिए हमे डर है कि उक्त लोग कोई भी घटना कारित कर सकता है। इसलिए हमे पुलिस सुरक्षा दी जाए। ये मांग बड़ा इमामबाड़ा निवासी बाबर बैग पुत्र शप्पू बैग ने पुलिस को आवेदन देकर की है। पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि, बाबर बैग पुत्र शप्पू बैग ने बताया कि मेरी भतीजी शानिया और जौया बैग की 21 दिसंबर को को शादी कार्यक्रम है। उक्त लड़का पक्ष बारात लेकर आएंगे इस प्रकार शादी के उत्सव में परिवार के सभी लोग सम्मलित होंगे। मेरा भतीजा अयान बैग निवासी अननंतपुरा कोटा के विरूद्ध हमारे पड़ोसियों द्वारा रंजिशन रूप से असत्य रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी उक्त रिपोर्ट पर से पुलिस द्वारा न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया हैं। चालान प्रस्तुत होने के बाद मेरे भतीजे अयान बैग को न्यायालय द्वारा जमानत अर्जी पर छोड़ा गया हैं। किन्तु हमारे पड़ोसी वशीम अली, आबिद अली, शाहिद अली, जावेद अली पुत्रगण युनुस अली निवासीगण बड़ा इमामबाड़ा श्योपुर प्रार्थी को फोन लगाकर धमकी दे रहे हैं कि तेरा मतीजा अयान या तुम्हारा भाई शरीफ या उसके कोई भी परिवार के लोग शादी में सम्मलित हुए तो तो उनको हम जिंदा नहीं छोड़ेंगे और जान से खत्म कर देंगे और यह भी धमकी दी हैं कि उनके साथ कोई भी अप्रीय घटना घटित कर सकते हैं। उनका एक्सीडेंट या दुर्घटना कारित करके उन्हे गम्भीर नुक्सान भी पहुंचा सकते है उक्त लोगों ने यह भी धमकी दी हैं कि तुम्हारी शादी को हम नहीं होने देंगे तथा उसमें हम काफी अर्चन तथा उद्रवी लोगों पहुंचाकर तुम्हारे इज्जत को खराब करेंगे तथा शादी नहीं होने देंगे। हम लोग व्यवसायिक एवं इज्जतदार परिवार के हैं तथा शहर में हमारा काफी मान सम्मान है। तथा अपनी लडकीयों की शादी हम शांतिपूर्वक तरीके से करना चाहते हैं किन्तु उक्त दबंग लोगों की धमकियों के कारण हम खुद को असहज एवं डरा हुआ मेहसूस कर रहे हैं। उक्त लोग पूर्व में भी कई बार धमकी देकर लोगो को डरा धमकाते हैं तथा उनका आपराधिक रिकॉर्ड काफी खराब हैं। अगर हमारे परिवार के साथ कोई भी घटना होती हैं या शादी में किसी प्रकार का व्यवधान आता हैं तो उसकी जिम्मेदारी उक्त लोगों की होगी। उक्त लोगों के डर की वजह से हमे शादी स्थगित करना का विचार करना पड़ रहा है अगर शादी स्थगित होती हैं तो हमारे मान सम्मान तथा बच्चीयों के भविष्य पर बीपरीत प्रभाव पड़ेगा इसलिए पुलिस सुरक्षा दी जाए।

# कुपोषण मुक्त झाबुआ : मोटी आई के माध्यम से गंभीर कुपोषण श्रेणी से सामान्य श्रेणी में पहुंची शिवानी



**समय जगत, झाबुआ।** कलेक्टर नेहा मीना के प्रयासों से जिले के कुपोषित बच्चों को कुपोषण के कुचक्र से मुक्त कराने हेतु कुपोषण मुक्त झाबुआ अभियान की शुरुआत की गयी जिसमें नवाचार के तौर पर मोटी आई के माध्यम से बच्चों की देखभाल निरंतर रूप से की जा रही है। कुपोषण मुक्त झाबुआ के सकारात्मक परिणाम नजर आने लगे है। परियोजना मेघनगर के ग्राम ढाढनिया की शिवानी मोटी आई की देखभाल से गंभीर कुपोषण श्रेणी से सामान्य श्रेणी में पहुंची। परियोजना मेघनगर के ग्राम ढाढनिया की आंगनवाड़ी केन्द्र ढाढनिया-2 में शिवानी माता अंजुला पिता शेतान जो की अत्यन्त ही गंभीर कुपोषण श्रेणी में थी। जिसका वजन मात्र 3.1 किग्रा और लम्बाई 56 सेमी थी। कार्यकर्ता प्रेमलतला बोरा द्वारा जब बच्ची के कुपोषित होने का पता चला उसी वक्त बच्ची के घर जा कर बच्ची के माता-पिता से बातचीत की तथा बच्ची को तुरन्त हॉस्पिटल रेफर करने की सलाह दी, परेशानी तब सामने आई जब शिवानी के दादा-दादी से बातचीत के दौरान यह पता चला कि शिवानी की माता की मानसिक स्थिति ठीक नही होने तथा इसी स्थिती में शिशु को जन्म देना एवं उसका पालन पोषण करना एक प्रकार की चुनौती थी। जब इतनी परेशानी चल ही रही थी उसी समय बच्ची की माता का शरीर पर गर्म पानी गिरने से पूरी तरह जल चुका था। माता का शरीर पूरी तरह जल जाने से माता ने शिवानी को अपना दुध नही पिलाया जिस कारण से बालिका शिवानी गंभीर कुपोषण का शिकार हुई थी किन्तु आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा शिवानी की देखभाल एवं समय पर आवश्यकता अनुसार सेवाएं एवं ग्रह भेट कर शिवानी का ध्यान रखा गया तथा घर पर बुढ़ी दादी को ध्यान हेतु सलाह दी गई। बालिका का पिता हर समय केवल नशा करता है तथा घर की कोई जिम्मेदारी नहीं लेता था इस कारण शिवानी की पूरी जिम्मेदारी बुढ़ी दादी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने ली। इसी के चलते 09 अगस्त 2023 को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने शिवानी को एनआरसी मेघनगर में एडमिट किया, जिससे शिवानी की तबीयत में काफी हद तक सुधार हुआ। एनआरसी से लौटने के बाद कुछ समय शिवानी का स्वास्थ्य अच्छा रहा। किन्तु 7-8 माह बाद शिवानी की हालत खराब हुई और वजन में गिरावट हुई तभी झाबुआ जिले के कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार ÷कुपोषण मुक्त झाबुआ÷ के अन्तर्गत कुपोषित बच्चों की नियमित देख भाल हेतु एक ÷मोटी आई÷ नवाचार द्वारा शिवानी के लिए भी एक मोटी आई नियुक्ति की गई जिसका नाम सामा वसुनिया है जो की आंगनवाड़ी केन्द्र के पास ही निवास करती है। मोटी आई को शिवानी की पिछली पुरानी सभी समस्या के बारे में बताया गया तथा मोटी आई शिवानी को जानती थी। मोटी आई सामा को आयुष विभाग के द्वारा तेल मालिश का प्रशिक्षण दिया गया साथ ही कुपोषित बच्चें की देखभाल के संबंध में प्रशिक्षण देकर शिवानी के स्वास्थ्य की देखभाल का दायित्व सौंपा गया। समय-समय पर मोटी आई ने तेल मालिश की शिवानी के पोषण की देखभाल की पहले शिवानी मोटी आई सामा के पास आने से घबराती थी। लेकिन नियमित तेल मालिश करने एवं रोज-रोज शिवानी के साथ रहने से शिवानी मोटी आई से काफी घुल मिल गई। तथा मोटी आई के हाथो से खाना खाने लगी और बहुत ही खुश रहने लगी। शिवानी की दादीजी इन सभी सेवाओं के लिए हमारे कलेक्टर नेहा मीना का हृदय से धन्यवाद करना चाहती है। दादी का कहना है अगर मेरी पोती को इतनी सेवा नही मिलती तो मेरी पोती आज भी कुपोषण की शिकार रहती है। आज शिवानी 7 किलो एवं लम्बाई 68.5 सेमी है जो कि सामान्य श्रेणी में आ चुकी है।

# पेंशनर संघ ने मनाया राष्ट्रीय पेंशन दिवस

**समय जगत, सारंगपुर।** तारीफों के पुल बांधना तो हमें आता नहीं है, लेकिन प्रतिभाशाली व्यक्तित्व के हर काम हमें निशब्द कर देते हैं। रक्षा मंत्रालय के अधिकारी डी एस नकारा यद्यपि इस दुनिया में आज नहीं है, परंतु उनके द्वारा किए गए पेंशनर हितेषी कार्य के लिए 17 दिसंबर पेंशनर दिवस के रूप में हम उन्हें याद करना कभी नहीं भूलते। यह बात पेंशनर संघ के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिकार ने मंगलवार को राष्ट्रीय पेंशन दिवस पर साई मंदिर परिसर मे आयोजित कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीवल्लभ सोनी ने की। वही 8 जनवरी 2025 को होने वाले वार्षिक जिला स्तरीय समारोह को भव्यता व दिव्यता प्रदान करने हेतु शाखा सचिव नंदकिशोर सोनी ने विस्तार से विचार विमर्श कर रूपरेखा भी तैयार की। वही इस माह सदस्यता ग्रहण करने वाले एल आर अंसारी, भंवरलाल पुष्पद, जगदीश प्रसाद वर्मा मंगल तिलक एवं मोतियों की माला पहना कर स्वागत किया। साथ ही पेंशनर्स ने स्व. श्री नकारा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का संचालन प. सत्यनारायण शर्मा ने किया तथा आभार कैलाश चंद राठौर ने माना। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती करुणा सक्सेना, विष्णु प्रसाद जोशी, उमाशंकर दुबे, प्रेम शंकर पांडे, भैरूलाल राठौर, जयहिंद प्रकाश दुबे, राम नारायण टेटवाल, राजेंद्र टेटवाल, प्रदीप शर्मा, सिद्धनाथ शर्मा, राम बच्चन सिंह कुशवाहा, सिद्धू प्रसाद धनगर, गंगाराम सिरोलिया, मदन मोहन अवस्थी, मांगीलाल भारती, रमेश चंद्र माहेश्वरी, कन्हैयालाल वर्मा, रामकिशन पुष्पद, शिव सिंह चौहान, लक्ष्मी चंद शर्मा, कैलाशचंद नागर, मणि शंकर पाटीदार, रमेश चंद्र गुजरिया, नंदकिशोर पुष्पद, शंकर लाल मालवीय, कालुसिंह गुर्जर, आशा सोनी, प्रमिला सक्सेना, आशा बागड़े, नैंसी माइकल, उषा किरण सोलंकी आदि उपस्थित थे।




स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा एवरेस्ट प्रेस ई-49/8 औखला, इंडस्ट्रीयल-एरिया प्लॉट-2 प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं बी-125 सादतपुर कालोनी दिल्ली-110094 से प्रकाशित। RNI NO. DELHIN/2005/14553, **प्रधान संपादक:** अशोक त्रिपाठी * **संपादक** अनिल श्रीवास्तव * **समाचार संपादक** सौरभ वार्ष्णेय
**दिल्ली कार्यालय :** एस-557, हीरा कॉम्पलेक्स 203 द्वितीय तल मुख्य मार्ग शकरपुर दिल्ली- 01142173537, 9899589700, **भोपाल कार्यालय** - 9, रायल हाउस, प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन-1, भोपाल। **फोन :** 0755-4273868, 4203479 **फैक्स :** 4094417 **ई-मेल** dainiksamayjagat.delhi@gmail.com *(समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान : शिविरों में शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को करें लाभान्वित : कलेक्टर

## प्रतिभा पाल ने टीएल बैठक में अफसरों को दिये निर्देश

**समय जगत, रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन सहित मुख्यमंत्री जनकल्याणकारी अभियान तथा अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अन्तर्गत आयोजित किये जा रहे शिविरों में संबंधित क्षेत्र के शत-प्रतिशत हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभांवित करें तथा उन्हें शासन के कार्यक्रमों से भी अवगत कराते हुए लाभ लेने के लिये जागरूक करें। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जनकल्याण शिविर में सभी विभागीय अधिकारी अनिवार्यत~ उपस्थित रहें तथा जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि शिविर स्थल के संबंधित क्षेत्र में विभागीय कर्मचारी व अधिकारी घर-घर जाकर शासन की योजनाओं से लोगों को लाभांवित करायें तथा शिविर में प्राप्त प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण भी हो। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों को संतुष्टि पूर्वक बंद करायें तथा मांग आधारित शिकायतों का निराकरण करें। उन्होंने 50 व 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों तथा चालू माह की शिकायतों को निराकृत करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि आगामी 23 व 24 दिसंबर को एल-1 अधिकारी व कार्यालय प्रमुख शिविर लगाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण करायें। जिन विभागीय अधिकारियों को प्रगति न्यून होगी उनकी वेतनवृद्धि रोकने की कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने रीवा एवं रायपुर कर्चुलियान के जनपद पंचायतों के सीईओ की अधिक लंबित शिकायतें होने व लापरवाही बरतने पर वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिये। उन्होंने आयुष्मान योजना के हितग्राहियों के कार्ड बनाने तथा 70 वर्ष से अधिक व्यक्तियों को आयुष्मान योजना के कार्ड बनाने के लिये शिविर लगाने के निर्देश दिये तथा कहा कि आगामी एक सप्ताह में जिले को प्राप्त लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करायें।

बैठक में कलेक्टर ने धान उपार्जन की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा उपार्जन केन्द्रों से धान के परिवहन के निर्देश दिये। उन्होंने 6 वर्ष तक की आयु के दिव्यांग बच्चों के लिये परीक्षण कैंप आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने ठण्ड से बचाव के लिये नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने एसडीएम को निर्देशित किया कि भ्रमण कर देखें कि कोई खुले में न रहे यदि जरूरत हो तो अस्थाई रैन बसेरा की व्यवस्था करायें। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवड़े, अपर कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित एसडीएम, सीईओ जनपद तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में 815 आवेदन पत्र हुए मंजूर

**समय जगत, रीवा।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में 15 दिसम्बर से प्रत्येक विकासखण्ड की ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकाय के वार्डों में शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में आमजनता के आवेदनों पर मौके पर कार्यवाही करने के साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिले में 15 दिसम्बर और 16 दिसम्बर को आयोजित शिविरों में कुल 1372 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए। इनमें से 815 आवेदन पत्र स्वीकार किए गए हैं। 526 आवेदन पत्रों में संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। अलग-अलग कारणों से 31 आवेदन पत्र अमान्य किए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक ग्रामीण क्षेत्र में कुल 946 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 502 मंजूर किए गए हैं। विकासखण्ड त्योंथर में 517, रायपुर कर्चुलियान में 45, रीवा में 58, सिरमौर में 128, गंगेव में 51 तथा जवा में 147 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए हैं। इनमें से विकासखण्ड त्योंथर में 441, रीवा में 13, सिरमौर में 11 तथा जवा में 37 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं। शहरी क्षेत्र में कुल 426 आवेदन पत्र प्रापत हुए हैं। इनमें से 313 मंजूर किए गए हैं। नगर निगम रीवा में 163, नगर पंचायत सिरमौर में एक, गुढ़ में 54, मनगवां में 9, गोविंदगढ़ में 8, सेमरिया में 56, चाकघाट में 33, त्योंथर में 22, डभौरा में 54 तथा नगर पंचायत बैकुण्ठपुर में 26 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से नगर निगम रीवा में 145, नगर पंचायत सिरमौर में एक, गुढ़ में 53, मनगवां में 9, गोविंदगढ़ में 2, सेमरिया में 52, त्योंथर में 4, डभौरा में 22 तथा नगर पंचायत बैकुण्ठपुर में 25 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं। 16 दिसंबर को दुलहरा, राजगढ़ गंगहरा, लौआ, लक्ष्मणपुर, कपुरी, चौरा, बरा, पिपरवार, रामपुर, घटेहा, गढ़ी तथा नीवा व जनकहाई में शिविर आयोजित हुआ। शेष लंबित आवेदन पत्रों में संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

## सार-समाचार

### निजी स्वामित्व पर बनी अनाधिकृत 39 दुकानों को निगम ने हटाया



**समय जगत, रीवा।** निगमायुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नगर में भयप्रद भवनो को गिराये/हटाये जाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। दिनांक 17.12.2024 को नगर निगम के जोन क्र. 2 कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी, सीएसपी श्रीमती रितु उपाध्याय, नायब तहसीलदार यतीश शुक्ला के नेतृत्व में खन्ना चौराहा से जिला पंचायत की ओर जाने वाले स्टेट बैंक एटीएम तक पश्चिम तरफनिजी स्वामित्व पर बनी अनाधिकृत एवं भयप्रद 39 दुकानों को हटाने की कार्यवाही जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में की गई। भूमि स्वामी के आपसी सामजस्य से भयप्रद भवनो को गिराने/हटाये जाने की कार्यवाही की गई। जिससे रास्ता चौड़ीकरण के साथ ही बाधित यातायात सुगम होगा। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी हरिशंकर तिवारी, नगर निगम के सहायक यंत्री अभिनव चतुर्वेदी, सहायक विधि अधिकारी अभिषेक सिंह, उपयंत्री रमेश सिंह, मनोज सिंह, निखिल रजक के साथ अतिक्रमण अमला व पुलिस बल मौजूद रहा।

### कलेक्टर ने जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को दिया नोटिस

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समर्थन मूल्य में धान खरीदी में लापरवाही बरतने पर जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम अशोक राजपूत को दो वेतनवृद्धियाँ असंचयी प्रभाव से रोकने और निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित करने का नोटिस दिया है। यह नोटिस मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत दिया गया है। जारी नोटिस के अनुसार जिला प्रबंधक द्वारा उपार्जित धान के परिवहन में लापरवाही बरती जा रही है। अधिकांश केन्द्र गोदाम स्तरीय होने के बावजूद उपार्जित धान का केवल 22.24 प्रतिशत परिवहन किया गया है। समय पर धान का उठाव न होने के कारण कई खरीदी केन्द्रों में कठिनाई आ रही है। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए नोटिस दिया गया है। नोटिस का दो दिवस में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

### अधिकारियों द्वारा उपार्जन केन्द्रों का किया जा रहा है निरीक्षण

**समय जगत, रीवा।** जिले में समर्थन मूल्य पर उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर सुव्यवस्थित खरीदी की मानीटरिंग के लिये जिले के समस्त अनुभाग के एसडीएम व संबंधित अधिकारी खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर रहे है। अधिकारियों द्वारा धान खरीदी केन्द्र बरहुला, सगरा, क्योंटी, लौरीगढ़, व्योहरा का निरीक्षण कर उपार्जन व्यवस्थाओं की जानकारी ली गयी तथा किसानों की शिकायतों का समाधान किया गया। भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने तुलाई, स्लॉट की उपलब्धता सहित किसानों को सुविधा के लिये पानी, छाया, अलाव, प्रकाश व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने निर्देश दिये हैं कि खरीदी केन्द्रों में किसानों से उसी दिन खरीदी की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाय। जिस दिन वह धान बेंचने आते हैं।

### नहर के अंदर जल रही लाइट का रहस्य नहीं आया सामने, सभी हैरान व परेशान

**रीवा।** नहर के अंदर से जल रही लाइट का रहस्य सामने नहीं आ पाया है। यदि कोई वाहन या टॉर्च गिरती तो उसकी लाइट पानी में गिरने के बंद हो जाती लेकिन पानी के अंदर यह लाइट जलती रही जो किसी वाहन की होने की संभावना कम ही है। ऐसे में यह रहस्यमयी लाइट क्या थी इसका रहस्य अभी भी बना हुआ है। जिले के गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के टिकरी गांव में एक रहस्यमयी घटना हुई, जिसने सभी को हैरान कर दिया। रविवार की रात करीब 11 बजे से गांव के पास गुजरने वाली नहर के अंदर लाइट जलती हुई देखी गई। पहले तो लोग इसे सामान्य समझते रहे, लेकिन जब उन्हें यह शक हुआ कि कोई वाहन नहर में गिर सकता है, तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन जब गोताखोरों ने जांच की तो नहर में कोई वाहन या अन्य संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने एनडीआरएफ को सूचना दी और आपदा प्रबंधन टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने नहर का पानी बंद कर चेक किया, लेकिन कुछ भी नहीं मिला। सुबह जब जलस्तर कम हुआ, तो एनडीआरएफ के जवानों ने पानी के अंदर उतरकर फिर से जांच की, लेकिन वहां भी कोई संकेत नहीं मिला। इस रहस्यमयी घटना ने गांव में चर्चा का विषय बना दिया है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि नहर में जलती हुई लाइट का कारण क्या था। रात में एक गाड़ी के नहर में गिरने की सूचना मिली थी, जिसकी लाइट जल रही थी। तत्काल पुलिस मौके पर पहुंच गई। एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। नहर में सर्चिंग की गई लेकिन उक्त स्थान पर कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हो पाई। लाइट किस वजह से जल रही थी यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 979544 क्विंटल हुई धान की खरीद

**समय जगत, रीवा।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए पंजीकृत किसानों से जिले भर में बनाये गये 92 खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। जिले में अब तक 15387 किसानों से अब तक 979544 क्विंटल धान की खरीद की गयी है। इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी खाद्य पीके पाण्डेय ने बताया कि अब तक की गयी खरीदी के लिए किसानों को 225 करोड़ 30 लाख 24 हजार 904 रूपये मंजूर किये जा चुके हैं। किसान अपनी सुविधा के अनुसार स्लॉट बुक करके खरीदी केन्द्र और खरीदी के समय का निर्धारण करके समर्थन मूल्य पर धान दे सकते हैं। खरीदी के लिए अब तक 38 हजार 410 किसानों ने स्लॉट बुक कराये हैं। किसान खरीदी केन्द्रों में सुखाकर तथा साफ करके धान लायें जिससे गुणवत्ता के कारण धान के उपार्जन में किसी तरह की परेशानी न हो।

## वृद्ध बंदियों के लिए कार्यक्रम आयोजित

**समय जगत, रीवा।** केन्द्रीय जेल में नालसा, द्वारा मानव अधिकार दिवस समारोह में वृद्ध, बंदियों एवं असाध्य रूप से बीमार बंदियों के लिये एक विशेष अभियान का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला स्तरीय समिति का गठन कर अभियान का आयोजन किया गया। विशेष अभियान मे 70 वर्ष से अधिक आयु के 25 बन्दियों तथा असाध्य बीमारी से ग्रसित 12 बंदियों को शामिल कर उन्हे निःशुल्क विधिक सेवाओं तथा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई। समिति में शामिल विधि विशेषज्ञों द्वारा बंदियों के अपील संबंधी जानकारी तथा स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई तथा उन्हे उचित सलाह प्रदान की गयी। नालसा, नई दिल्ली द्वारा संचालित इस विशेष अभियान का उद्देश्य जेल में निरूद्ध वृद्ध बंदियों एवं असाध्य रूप से बीमार बंदियों को आवश्यक विधिक एवं स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध कराना है। अभियान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गठित समिति के सदस्य अभय मिश्रा जिला विधिक अधिकारी, आनंद पाण्डेय डिप्टी चीफ लीगल एड काउन्सिल, अनीश कुमार पाण्डेय जेल विजिटिंग लायर, भीम सिंह पैरालीगल वालेंटियर, डॉक्टर पीयूष निगम, विवेक मौर्य, प्रियंका धाकड, जेल अधीक्षक सतीश उपाध्याय, उप अधीक्षक संजीव कुमार गेंदले, सहायक जेल अधीक्षक श्याम सिंह कुशवाह, फूलचंद दहायत, राजेश शुक्ला, उपेन्द्र द्विवेदी का विशेष योगदान रहा।

### राजेन्द्र शुक्ल ने की हिनौती गौधाम की व्यवस्थाओं संबंधी समीक्षा

# हिनौती गौधाम के लिये पर्याप्त भूमि कराएं उपलब्ध: उप मुख्यमंत्री



**समय जगत, रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हिनौती गौधाम के लिये पर्याप्त भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करायें ताकि 25 हजार गौवंश के संरक्षण के लिये शेड निर्माण सहित अधोसंरचना निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्य कराये जा सके। उप मुख्यमंत्री ने गत दिवस बैठक में हिनौती गौधाम की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उनके संज्ञान में यह बात आयी कि गौधाम में उपलब्ध 133 हेक्टेयर भूमि में से राजस्व भूमि केवल 100 हेक्टेयर है शेष भूमि वन विभाग के दर्ज है। रीवा से सिंगरौली रेलवे लाइन निर्माण के लिए ली गयी सीधी और सिंगरौली जिले की वन भूमि के बदले हिनौती गौधाम में प्रस्तावित 100 हेक्टेयर राजस्व भूमि का कुछ भाग दिया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि गौधाम की 100 हेक्टेयर राजस्व भूमि में से वन विभाग को जमीन हस्तांरित न की जाय इससे गौवंश के संरक्षण के लिए बनाये जा रहे गौवन्य विहार में जमीन कम पड़ेगी। इसके स्थान पर सिरमौर तहसील में पनगढ़ीखुर्द में उपलब्ध जमीन को वन विभाग को दिया जाय।

उल्लेखनीय है कि गौसंवर्धन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्री राजेश पाण्डेय के प्रयासों से हिनौती गौधाम में भूमि की पर्याप्त उपलब्धता के प्रयास किये गये। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल के संज्ञान में भी इस बात को लाया गया। उप मुख्यमंत्री ने श्री पाण्डेय को गौवंश वन्य विहार निर्माण की बाधाओं को दूर करने के निर्देश दिये। बैठक में जनपद अध्यक्ष गंगेव विकास तिवारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने हुसैन के निधन पर व्यक्त किया शोक

**समय जगत, रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रसिद्ध तबला वादक और पद्म विभूषण से सम्मानित उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह संगीत और कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि उस्ताद जाकिर हुसैन ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा और साधना से भारतीय शास्त्रीय संगीत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनकी तबला वादन शैली, गहन संगीत समझ और साधना ने उन्हें विश्व स्तर पर एक अमिट पहचान दिलाई। ऐसी महान विभूति के जाने से संगीत और कला जगत में एक बड़ा रिक्त स्थान उत्पन्न हुआ है, जिसे भर पाना असंभव है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की है और उनके परिवार, प्रशंसकों एवं शिष्यों को इस अपार कष्ट को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि उस्ताद जाकिर हुसैन की कला और विरासत सदैव प्रेरणास्त्रोत बनी रहेगी।

### उप मुख्यमंत्री पद्मश्री धइया बाई के निधन पर जताया शोक

**समय जगत, रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने उमरिया जिले के ग्राम लोधा की सुप्रसिद्ध बैगा चित्रकार पद्मश्री जोधइया बाई के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि पद्मश्री जोधइया बाई ने अपनी अद्वितीय कला और कौशल से न केवल बैगा जनजातीय संस्कृति को संरक्षित किया, बल्कि उसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। उनकी कलाकृतियां भारतीय परंपराओं, जनजातीय जीवन और सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत उदाहरण हैं, जिनके माध्यम से उन्होंने दुनिया को जनजातीय जीवन का अनूठा दर्शन कराया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि पद्मश्री जोधइया बाई का योगदान हमारी सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध करने में मील का पत्थर साबित हुआ है और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा। उनकी इस अप्रतिम यात्रा और योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। उन्होंने दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## शासकीय कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का आदेश

**रीवा।** समस्त शासकीय सेवकों से यह अपेक्षा है कि वे कार्यालयों में विहित आचरण नियमों का पालन करते हुए अपने दायित्वों का अनुशासनपूर्वक निर्वहन करें, किन्तु हाल ही में शासकीय कार्यालयों, विशेष रूप से शैक्षणिक संस्थाओं में शासकीय सेवकों/शिक्षकों के शराब का सेवन करके कार्यस्थल में उपस्थित होने के प्रकरण संज्ञान में आए हैं, जो आचरण नियमों के विपरीत होकर अशोभनीय कृत्य की परिधि में आता है तथा ऐसी घटनाओं से शासन/प्रशासन की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। 2/- म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 23 अनुसार शासकीय सेवकों को कार्यस्थल तथा सार्वजनिक स्थल पर मादक पेय पदार्थों एवं औषधियों के प्रयोग पूर्णतः निषिद्ध किया गया है. इसका उल्लंघन अनुशासनहीनता के साथ पदीय दायित्वों के प्रतिकूल होकर गंभीर कदाचरण की श्रेणी में आया है। इसलिये समस्त कार्यालय प्रमुखों/संस्था प्रमुखों का यह दायित्व है कि वे स्वयं आचरण नियमों का दृढ़नापूर्वक पालन करें तथा अपने नियंत्रणाधीन शासकीय सेवकों के आचरणों का नियमित रूप से पर्यवेक्षण कर उनका पालन सुनिश्चित कराएं। अतः उपरोक्त के संबंध में निर्देशित किया जाता है कि ऐसे प्रकरणों में दोषी शासकीय मेवकों के विरुद्ध नन्परता पूर्वक कार्यवाही सुनिश्चित करें, यदि ऐसे प्रकरण संज्ञान में आते हैं कि संस्था प्रमुख द्वारा स्वयं निर्देशों का पालन नही किया गया अथवा दोषी शासकीय सेवक के विरूद्ध उनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई और अन्य माध्यम से यह ज्ञात होता है कि कर्मचारी/अधिकारी शराब सेवन कर कार्यालय में उपस्थिन हुए हैं, तो संबंधित शासकीय कर्मचारी/अधिकारी के साथ-साथ संस्था/कार्यालय प्रमुख के विरुद्ध भी कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

## दीपक वेयरहाउस पड़रिया के मालिक की गुंडागर्दी आई सामने

### उपार्जन प्रभारी एवं कर्मचारियों के साथ की गाली गलौज और वेयरहाउस के गेट में जड़ दिया ताला

**समय जगत, रीवा।** जिले की सेवा सहकारी समिति बरहदी क्रमांक 2 पड़रिया की धान की खरीदी दीपक वेयरहाउस में की जा रही थी लेकिन वेयरहाउस के मालिक आशीष पटेल द्वारा शराब के नशे में आकर उपार्जन में कार्य कर रहे सभी कर्मचारियों को बेहद भद्दी भद्दी गाली दी गई खरीदी का कार्य बंद करने को कहा गया उनके द्वारा यह भी बोला गया कि हमारी जमीन खाली करो नहीं तो हम पूरी खरीदी में आग लगा देंगे ऑफिस में जो भी सामान जैसे लैपटॉप प्रिंटर पेपर इत्यादि जो भी सामग्री रखी हुई थी उसे बाहर फेंक दिया और खरीदी में जो लेबर कार्य कर रहे थे उनको भी भगा दिया और में गेट में ताला लगा दिया और बोला कि कोई भी कर्मचारी हमारी जमीन में कदम नहीं रखेगा अभी तक वेयरहाउस में लगभग 5500 बोरियों का टैग लग चुका है लेकिन फिर भी हैंडलिंग चालान जारी नहीं कराया जा रहा है जिससे धान बिक्री किए हुए कृषकों का भुगतान नहीं हो पा रहा है खरीदी प्रभारी ने वरिष्ठ अधिकारियों से अनुरोध करते हुए कहा कि इस मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल कार्यवाही करें ताकि धान खरीदी सुचारू रूप से शुरू हो सके। जब इस संबंध में खरीदी प्रभारी धर्मेंद्र द्विवेदी से बात हुई तो उनके द्वारा बताया गया कि वेयरहाउस के मालिक की लगातार गुंडागिरी से हम और हमारे कर्मचारी काफी परेशान है जब से इनके वेयरहाउस में खरीदी केंद्र आई है तब से हम लोग प्रताड़ित हो रहे हैं वेयरहाउस के मालिक अपने चहेतो का पहले तौल करवाने का दबाव बनाते हैं। न करने पर हमारे कर्मचारियों के साथ मारपीट की जाती है और क्षेत्र के किस भी खरीदी केंद्र में परेशान हो रहे हैं।

### शहर में पलटा ऑटो वृद्ध की मौत, तेरहवीं कार्यक्रम से लौटते वक्त गुढ़ चौराहे में हुआ हादसा

**रीवा।** शहर मे अनियंत्रित ऑटो के पलटने से ऑटो सवार 60 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई है। हादसा उस वक्त हुआ जब वृद्ध रिश्तेदारी में आयोजित 13वीं कार्यक्रम से वापस लौट रहा था, तभी शहर के गुढ़ चौराहे के समीप ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिस दौरान ऑटो सवार वृद्ध की मौत हो गई तो वहीं ऑटो चालक मौके से फरार होगया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक गुढ़ के ग्राम पंती निवासी रामानुज पटेल आज रीवा शहर से सटे सिलपरी गांव में अपने रिश्तेदार के घर आयोजित 13वीं कार्यक्रम में शामिल होने गए थे, जहां से वह गांव की ही ऑटो में सवार होकर वापस लौट रहे थे, तभी शहर के गुढ़ चौराहे के समीप तेज रफ़्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। अचानक हुए इस हादसे के दौरान ऑटो में सवार रामानुज पटेल उम्र 60 वर्ष की मौत हो गई, जबकि ऑटो चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने फिलहाल पंचनावा कार्रवाई कर शव का पीएम करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, वही ऑटो चालक के संबंध में जानकारी एकत्रित कर उसकी तलाश की जा रही है।

### भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष के निधन पर लोगों ने दी श्रद्धांजलि

# केशव पाण्डेय का निधन विंध्य की राजनीति के एक युग का है अवसान: सरयू प्रसाद

**समय जगत, रीवा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, जनसंघ से लेकर भाजपा को सिंचित एवं पुष्पित करने वाले केशव प्रसाद पाण्डेय के निधन पर भारतीय मजदूर संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष वसंत कुमार दुवे ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। श्री दुवे ने कहा कि मैने अपना संरक्षक खो दिया जिसकी भरपाई होना असम्भव है। श्री पाण्डेय एक मृदुभाषी, कार्यकर्ताओं के प्रति बच्चे जैसा भाव रखने वाले, राष्ट्र भक्त थे। उन्होने भारतीय जनसंघ से लेकर भाजपा में अपना जीवन न्योछावर कर दिया। ईश्वर उनको अपने श्रीचरणो में स्थान दे और परिवारजनों को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। भारतीय जनता पार्टी के पित्र पुरुष कहे जाने वाले लोकतंत्र सेनानी केशव पांडे जी का निधन विंध्य की राजनीति के एक युग का अवसान है। उपरोक्त बातें विंध्य में जनसंघ के संस्थापक तथा लोकतंत्र सेनानी प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ वरिष्ठ भाजपा नेता सरयू प्रसाद वैद्य ने जनसंघ से लेकर भाजपा में अभिन्न मित्र के रूप में साथ साथ कामकरने वाले नेता रहे है ने अपनी भावभिनी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही। आगे श्रीबैद्य ने जनसंघ काल में गांव गांव नगर नगर पैदल व साइकिल से साथ साथ रात दिन एक कर पार्टी को खड़ा करने में जो हम भूमिका निभाने के साथ ही एमरजेंसी के दौरान जेल में उनके साथ बिताए दिनो के साथ ही अनेक बार जेल भरो आंदोलन आदि के छालों को याद करते हुए फफक फफक कर रोते हुए अपनी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि मे कहा हमारे अभिन्न मित्र केशव पाण्डेय जी को भगवान बैकुण्ठनाथ से प्रार्थना है कि अपने दिव्य श्रीबैकुण्ठधाम में सायुज्य मुक्ति प्रदान करे। भाजपा मऊगंज जिले के अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हम सब के बीच से हमारा मार्गदर्शन चला गया उनके द्वारा जनसंघ से लेकर भाजपा को वट वृक्ष बनने में जो योगदान दिया गया है उसे बिंदु का प्रत्येक कार्यकर्ता सदैव याद रखेगा। मऊगंज विधायक प्रदीप



पटेल ने श्री पांडे के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पांडे जी बहुत पुराने लीडर थे उनका मार्गदर्शन पार्टी को लंबे समय तक मिलता रहा उनके निधन से पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता दुखी है ईश्वर से कामना है कि परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करें। जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा लाल गुप्ता ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पांडे जी का निधन मानो हमारे सर से हमारे हमारा छाता उड़ गया। हमारे पिताजी की मृत्यु के बाद पांडे जी हमारे बतौर पिता ही गार्जियन के रूप में सदैव मार्गदर्शन किया करते थे। भाजपा हनुमना मण्डल अध्यक्ष सुनील शुक्ला ने कहा कि केशव पाण्डेय के निधन से सिद्धांतवादी राजनीति का पुरोधा चला गया। *हमारे बीच से हमारा मार्गदर्शक उड़ गया वरिष्ठ भाजपा नेता शिव दत्त मिश्र ने कहा कि हर विषम परिस्थिति में हमारा मार्गदर्शन करने वाला हमारे बीच से आज उड़ गया मैं तो अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा हूं। वरिष्ठ भाजपा नेता ज्योति गुप्ता ने कहा कि केशव पांडे जैसे सिद्धांतबादी राजनीतिज्ञ गया का निधन का निधन प्रत्येक सिद्धांतबादी कार्यकर्ताओं की अपूरणीय छती है। हनुमना नगर परिषद अध्यक्ष आशुतोष उर्फ सोनू गुप्ता ने कहा पाण्डेय जी की पार्टी के प्रति योगदान का हर कार्यकर्ता सदैव ऋणी रहेगा।इसके अतिरिक्त वरिष्ठ भाजपा नेता कृपा शंकर मिश्रा, पंडित श्रीनाथ मिश्रा युवामोर्चा मण्डल अध्यक्ष अंकित मिश्रा, मुन्नीलाल गुप्ता तथा राजेश गुप्ता पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष पूनम गुप्ता पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष मोहनलाल कचेर भगवान प्रसाद मिश्र उग्रसेन तिवारी रितेश गुप्ता, लवकुश गुप्ता सुमित गुप्ता पवनपाल सिंघम , अभयविशाल गुप्ता सचिन केशरी, देवराज जायसवाल , लक्ष्मीनारायण गुप्ता आदि ने श्रद्धांजलिअर्पित करते हुए परमात्मा श्रीमन्नारायण से चिर शांति की कामना एवं परिजनों इष्ट मित्रों व शुभचिंतकों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

## पीताम्बरा पीठ संस्कृत विद्यालय के पदक जीतने वाले विद्यार्थियों का दतिया में हुआ सम्मान

**समय जगत, दतिया।** उज्जैन में हुए अष्टम युवा महोत्सव में पीताम्बरा पीठ मंदिर के संस्कृत विद्यालया के छात्र छात्राओं ने विभिन्न विधाओं में अनेक पदक जीत कर दतिया का नाम रोशन किया। पीताम्बरा पीठ संस्कृत विद्यालय के छात्र छात्राओं ने 4 विधाओं में स्वर्ण पदक, 5 विधाओं में रजत और 6 विधाओं में कास्यां पदक जीते। 38 पदक जीतकर दतिया का नाम रोशन करने वाली सोनिया मुदगल, सोनाली यादव, अनुज पाठक, राजीव दुबे, प्रशांत लिटोरिया, निशांत शर्मा, राम यादव और आरती समाधिया का समाज सेवी डॉ. राजू त्यागी ने अंग वस्त्र पहनाकर गीता और कलम भेंट कर सम्मान किया।



## योग, प्राणायाम को अपनी दिनचर्या का बनाएं अनिवार्य हिस्सा : परमार्थ देव

### मानव जीवन में पहला सुख है निरोगी काया






**समय जगत, सिवनी मालवा।** योग आज दुनिया भर में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। योग एकमात्र ऐसी गारंटी है जो पूरी मानवीय संरचना को स्वस्थ रखता है। ऊर्जा, शांति देता है और आध्यात्मिकता से जोड़ता है। इसलिए योग प्राणायाम को सभी लोग अपनी दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा बनाएं। उक्त बात स्थानीय टैगोर पब्लिक स्कूल प्रांगण में पतंजली योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में चल रहें 3 दिवसीय निःशुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर के दूसरे दिन योगाचार्य डॉ.स्वामी परमार्थ देव ने योगसाधकों से कहीं। उन्होंने कहा कि योग एकमात्र ऐसा तरीका है। जिससे आप शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक ग्रोथ की ओर बढ़ सकते हैं। अपने शरीर व व्यक्तित्व को प्रखार कर सकते हैं। योग प्राणायाम से निर्णय लेने की क्षमता का विकास कर सकते हैं। इस तरह योग प्राणायाम एक संपूर्ण पैकेज है। इसलिए कहा गया है कि ÷पहला सुख निरोगी काया÷ यानी अगर हमारा शरीर स्वस्थ है तो जीवन का आनंद दिया जा सकता है। इसलिए आज भारत में ही नहीं संपूर्ण विश्व में योग लोगों की दिनचर्या में अनिवार्य रूप से शामिल हो रहा है। क्योंकि आज की जीवन शैली, खानपान से कई बीमारियों का जन्म हो रहा है। जैसे हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक डायबिटीज, थायराइड, शुगर के मामले भारत में भी अत्यधिक बढ़ रहे हैं। स्वामी परमार्थ देव ने लोगों से अपने परिवार के साथ हर दिन सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार अनिवार्य रूप से करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 18 दिसंबर बुधवार को योग शिविर का अंतिम दिन है। जिसमें सिवनी मालवा और आसपास के अधिक से अधिक योगसाधक कार्यक्रम में शामिल हो ऐसी हमारी अपेक्षा है। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य प्रभारी पतंजली किसान सेवा समिति, दीदी पुष्पांजली, मुन्नीलाल यादव, राज्य प्रभारी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट करणसिंह, जिलाप्रभारी पतंजली किसान सेवा समिति एम.एल.गौर, पंडित बालकृष्ण शर्मा, भाजपा छिंदवाड़ा जिला प्रभारी सन्तोष पारीक, पत्रकार संघ अध्यक्ष नन्दकिशोर व्यास, दीपक पालीवाल, शैलेंद्र यादव, पुष्पा गौर, सरिता उपाध्याय ने दीप प्रज्वलित कर किया।

## दतिया की बेटी ज्योति परिहार के नेतृत्व में एशिया कप चैंपियन बनी भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम, चीन को किया परास्त




**समय जगत, दतिया।** एशिया कप की चैंपियन बनी भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम। उल्लेखनीय है कि झांसी निवासी पूर्व ओलंपियन तुषार खांडेकर को मुख्य प्रशिक्षक है जिनके पास दतिया की बेटी ज्योति सिंह परिहार राज्य महिला हॉकी अकादमी मे प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं उनको कप्तानी की जिम्मेदारी हॉकी इंडिया द्वारा सौंपी गई थी।

फाइनल मैच के चारों क्वार्टर में हॉकी का रोमांच देखने को मिला। दर्शक भी मस्कट में हाथ थाम कर इस रोमांचक मुकाबले के गवाह बने। भारतीय लड़कियों ने चीन पर पेनाल्टी शूट आउट में 4-2 से जीत हासिल कर बैक टू बैक दूसरी मर्तवा इस खिताब को अपने नाम किया। भारत की गोल कीपर निधि चीनी खिलाड़ियों के आगे दीवार बन कर खडी रही। मैच के निर्धारित समय पूरा होने के बाद हूटर बजने तक चीन और भारत की टीम 1-1 के स्कोर के साथ बराबरी पर थी। दूसरे क्वार्टर के 30वें मिनट में चीन की कप्तान जिनझुआंग ने बढ़त दिलाई। इसके बाद तीसरे क्वार्टर में भारत की सिवाच कनिका ने 41वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 बराबर कर दिया था। भारतीय महिला टीम की एशिया चौंपियन बनने पर दतिया के खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड गई। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी अरविंद सिंह राणा और खेल समन्वयक संजय रावत ने ज्योति सिंह और उनके पिताजी धीरज सिंह परिहार को विशेष सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर लेखाकार मोतीलाल कुशवाहा, खेल प्रशिक्षक राजेंद्र तिवारी, कुंवरराज जितेंद्र शर्मा, राजेश जलावड़ा, सोनम सिंह राजपूत, मानवेंद्र यादव, संजय तिवारी, अनवर अली आदि लोगों ने एशिया चौंपियन बनने पर हर्ष व्यक्त किया।

## कार्यालय नगर परिषद बोड़ा जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

mail ID-cmonpbod@gmail.com

क्रमांक//574/रा.शा./2024 — बोड़ा दिनांक 17/12/2024

**दुकान नीलामी विज्ञप्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय स्वमित्व की रोंसला रोड़ काम्प्लेक्स बड़े पुल के पास एवं कार्यालय भवन के सामने पूर्वी भाग की कुल 6 दुकानो की म.प्र. असाधारण राजपत्र दिनांक 4 मई 2021 मे उल्लेखित नियम के तहत विशेष परिस्थिति मे ऑफ लाईन (शील बन्द) लिफाफे मे निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदाऐं दिनांक 03/01/2025 को समय 3.00 बजे तक नगर परिषद बोड़ा के कार्यालय मे अधोहस्ताक्षर कर्ता के समक्ष स्वयं या पंजीकृत डाक से प्रस्तुत की जा सकती है। निविदा टेण्डर प्रपत्र मुल्य 1000/- रुपये जमा कर नगर परिषद कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। प्राप्त निविदा दिनांक 03/01/2025 को समक्ष मे 04.00 खोली जावेगी।

| क्रं. | दुकान क्रमांक | आरक्षण की स्थिती | अनुमानित लागत लाख में | निर्धारित धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रोंसला रोड़ काम्प्लेक्स दुकान क्र 01 | अनारक्षित | 1020320/- | 50000/- |
| 2 | रोंसला रोड़ काम्प्लेक्स दुकान क्र 02 | अनारक्षित | 1244320/- | 50000/- |
| 3 | रोंसला रोड़ काम्प्लेक्स दुकान क्र 06 | अनारक्षित | 896000/- | 50000/- |
| 4 | कार्यालय भवन के सामने पूर्वी भाग दुकान क्ल 02 प्रथमतल | अनारक्षित | 500000/- | 50000/- |
| 5 | बड़े पुल के पास प्रथम तलं दुकान क्र 07 | अनारक्षित | 500000/- | 50000/- |
| 6 | बड़े पुल के पास प्रथम तल दुकान क्र 08 | अनारक्षित | 500000/- | 50000/- |

नोट :-

1. नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिये निकाय के राजस्व शाखा मे अवकाश दिवस को छोड़कर देखी जा सकती है।
2. प्रत्येक दुकानो की नीलामी के लिये प्रथक - प्रथक धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य होगा।

**(ओमप्रकाश शर्मा)** स्वा. शा. प्रभारी नगर परषिद् बोड़ा | **(बी.एस. भिलाला)** मु.न.पा. अधिकारी नगर परषिद् बोड़ा | **(श्रीमति निकिता करण जायसवाल)** अध्यक्ष नगर परषिद् बोड़ा

## विधायक प्रदीप अग्रवाल मिले सीएम से विकास कार्य व सहायता राशि स्वीकृत करने का किया अनुरोध



**समय जगत, दतिया।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिले सेंवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल। सेंवढ़ा क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री से की चर्चा। विधायक श्री अग्रवाल ने क्षेत्र के पीड़ित परिवारों को आकस्मिक मृत्यु सहायता और गंभीर बीमारी के मरीजों को आर्थिक सहायता राशि देने के लिए स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया।

## कार्यालय नगर परिषद मझौली जिला - सीधी (म.प्र.)

PHONE. NO. 07803 – 299–308

Mail id – cmomajholisidhi@mpurban.gov.in

क्र./2043/ न.प./ स्व.भा.मि. / 2024 — मझौली, दिनांक 02/12/2024

**सार्वजनिक सूचना**

नगर परिषद मझौली जिला – सीधी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत खुले में शौच से मुक्त शहर शासन द्वारा निर्धारित मापकों के आधार पर मूल्यांकन की जाकर स्वयं को वाटर प्लस शहर घोषित किया जाता है। उक्त सन्दर्भ में निकाय क्षेत्र से कोई असहमति होने पर आपत्ति कार्यालय नगर परिषद मझौली में 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद मझौली**
**जिला सीधी (म.प्र.)**

## कार्यालय नगर परिषद लटेरी जिला विदिशा (म.प्र.)

Email-emolateri@mpurban.gov.in

क्रमांक / 2073 / राजस्व / ई-निविदा/2024 — दिनांक 12/12/2024

**सप्तम ई-निविदा (E-Tendar) :-**

नगर परिषद लटेरी के स्वामित्व की वार्ड क्रमांक 01, 02 एवं 03 बस स्टेण्ड पर निर्माणाधीन दुकानों की पूर्व में ऑनलाईन नीलामी उपरांत शेष बची 24 दुकानों को 30 वर्षों के लिए अंचल संपत्ति अंतरण नियम- 2016 (संशोधन) दिनांक 04.05.2021 के प्रावधानों के अन्तर्गत उपयोग का अधिकार निर्धारित मासिक किराया एवं अधिकतम प्रीमियम राशि के आधार पर दिया जाने हेतु ई-टेण्डर पद्धति से बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदाएं आमन्त्रित की जाती है।

| क्रं. | टेंडर आईडी. | दुकान क्रमांक | पता/स्थान मूल्य | आरक्षित | धरोहर राशि प्रपत्र मूल्य | निविदा | आरक्षण का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_388239_1 | 5, 6, 7, 13, 18, 20, 22, 23, 26, 28, 30, 31, | बस स्टेण्ड लटेरी | 6.85 लाख | 25,000.00 प्रति दुकान | 2000.00 प्रति दुकान | अनारक्षित पुरूष |
| | | 25, 27, 29 | | | | | अनारक्षित महिला |
| | | 4 | | | | | पिछडा वर्ग पुरूष |
| | | 2, 3, 10, 11, | | | | | अनु. जाति अनु. |
| | | 32, 34, 35, 36 | | | | | जन जाति पुरूष |
| | | | | | | | अनु. जाति अनु. |
| | | | | | | | जन जाति महिला |

- निविदा प्रपत्र अनिवार्य शर्तें एवं अन्य जानकारी मध्यप्रदेश शासन की ई-निविदा बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर दिनांक 16/12/2024 को प्रात: 10.00 बजे से दिनांक 24/12/2024 को शाम 06.00 बजे तक देखी जा सकती है।
- आनलाईन ई निविदा में समस्या होने पर विभागीय ई-मेल आईडी cmolateri@mpurban.gov.in पर या निकाय के कम्प्युटर ऑपरेटर श्री सोहेल खान से मोबाईल नंबर 9425790083 पर संपर्क कर सकते है।
- निविदा में किसी भी प्रकार की तकनीकी या अन्य त्रुटि होने पर परिषद का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।
- निविदा संबंधी किसी भी प्रकार की कोई जानकारी प्राप्त करने हेतु मिथलेश कुमार दीक्षित उपयन्त्री से मोबाईल नंबर 9617078392 पर सपर्क कर सकतें है।

**(शैलेष संजय भण्डारी)** अध्यक्ष नगर परिषद लटेरी | **(मिथलेश कुमार दीक्षित)** उपयन्त्री नगर परिषद लटेरी | **(रणवीर सिंह राजपूत)** मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद लटेरी

## कार्यालय नगर परिषद कोलारस जिला शिवपुरी (म0 प्र0)

Email id: cmokolaras@mpurban.gov.in

क्र. / न.प. / 2024 / 1217 — कोलारस, दिनांक :- 11 / 12 / 2024

**/ / ई-निविदा आमंत्रण सूचना / /**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय कृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर नं. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अवधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि | निविदा कि अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_388486_1 16-12-2024 | एसबीएम 2.0 अंतर्गत एसटीपी एवं नाले निर्माण कार्य | 12 माह 473.09 लाख | 15000/- 2,36,545/- | 17/01/2025 |

**नोट:-** निविदा में किया गया कोई भी संशोधन **www.mptenders.gov.in** वेबसाईट पर किया जावेगा। पृथक से कोई भी प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अध्यक्ष नगर परिषद कोलारस | मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद कोलारस

## कार्यालय नगर निगम भोपाल

### जोन क्र. 19

### निविदा आमंत्रण घोषणा-पत्र

क्रमांक 156430/यां.वि./ 2024 — भोपाल, दिनांक : 16/12/2024

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु परसेन्टेज रेट मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | ठेकेदार श्रेणी | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_388603_1 | PROVIDING AND PAVER BLOCK AT VARIOUS PLACES OF W-84 Z-19 | 4,23,020/- | as per cent relize edregistration | 01-01-25 | 5.30 PM |

नियम व शर्ते :-

1. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवयश्क दस्तावेज आऊनलाईन प्रस्तुत करने होगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

नि.क्र. 952/024/025

सहायक यंत्री
सिविल नगर निगम भोपाल
जोन.क्र. 19

प्रारूप दस (नियम 7 देखिये)

**न्यायालय तहसीलदार, नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल**

(पुराना जिला पंचायत भवन, कोहेफिजा जिला भोपाल)

रा0प्र0क0 1860/अ-6 / 2024-25

**सार्वजनिक नोटिस**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू- अभिलेखों में नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 23/12/2024 को समय दोपहर 03.00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता, जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**अनुसूची**

ग्राम का नाम, पीपलनेर, खसरा नंबर 112/1/1/2/2, क्षेत्रफल हेक्टेयर 0.0057, उस व्यक्ति का विवरण जिनके पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) हेमलता नागर/भारत नागर

आज दिनांक 17/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**नजूल संत हिरदारामनगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल**

**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

**आम सूचना**

अयोध्या नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल भूखण्ड / भवन क्रमांक एल.आई.जी. 423 जी-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री आर.एन. माली आत्मज स्व. श्री चोखेलाल माली के नाम हस्तान्तरण आदेश क्र. 2294-97 दिनांक 13/10/2003 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका क्रिय विलेख दिनांक 06/08/2003 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री आर. एन. माली आत्मज स्व. श्री चोखेलाल माली (पिता) की दिनांक 04/10/2019 को मृत्यु होने के उपरांत उनके पुत्रगण 1) श्री प्रदीप कुमार सैनी आत्मज स्व. श्री आर.एन. माली एवं 2) श्री हरीश कुमार सैनी आत्मज स्व. श्री आर.एन. माली के द्वारा उक्त संपत्ति अपने संयुक्त नाम पर नामान्तरण करने हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, मूल आवंटी के अन्य वारिसों का अनापत्ति शपथ-पत्र, परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं मण्डल प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए है। है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति 1) श्री प्रदीप कुमार सैनी आत्मज स्व. श्री आर.एन. माली एवं 2) श्री हरीश कुमार सैनी आत्मज स्व. श्री आर. एन. माली के संयुक्त नाम से नामान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो ता 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल**

## कार्यालय नगर पालिक निगम सागर म.प्र.

क्रं./नामा.शा/न.नि./2024/25 — सागर दिनांक 16/12/24

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सीमा के अंतर्गत नीचे दिये गये भवनों/प्लाटो पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। अत: इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आयुक्त नगर निगम सागर के नाम प्रस्तुत कर सकते है।

| क्रं. | प्र.क्रं. भवन/प्लाट | वार्ड का नाम | किस आधार पर दानदाता, वंशानुक्रम | नाम बेचवार, वसीयतनामा, | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1461/24-25 | अम्बेडकर | रजि. बैनामा शपथ पत्र | लम्बरदार डेव्ल. द्वारा राहुल पिता सीताराम कुशवाहा एवं सुनील कुमार पिता किशोरीलाल सोनी | राजेन्द्र पिता पवन कुमार यादव |
| 2 | 1462/24-25 | अम्बेडकर | रजि. बैनामा शपथ पत्र | प्रदीप कुमार पिता विमल कुमार जैन | मैनादेवी पति लक्ष्मीनारायण सोनी |
| 3 | 1463/24-25 | बाघराज | रजि. बैनामा शपथ पत्र | महेश पिता चेनसींग पटैल | रवि प्रकाश पिता प्रेमनारायण श्रीवास्तव |
| 4 | 1464/24-25 | बाघराज | रजि. बैनामा शपथ पत्र | महेश पिता चेनसींग पटैल | अनिल कुमार पिता श्रीनिवास शर्मा |
| 5 | 1465/24-25 | पुरव्याऊ | मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र | रविकांत पिता रमेश चौरसिया | डाली पति स्व. रविकांत, सेजल पिता स्व. रविकांत एवं सुनील पिता स्व.रमेश कुमार |
| 6 | 1466/24-25 | तिलकगंज | रजि. बैनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र | अशोक कुमार पिता भैयालाल विश्वकर्मा | रेखा, कमला, रजनी पिता अशोक कुमार विश्वकर्मा |
| 7 | 1467/24-25 | शुक्रवारी | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | रामअवतार पिता श्रीराम पांडे | श्रीराम पिता मिठाईलाल केशरवानी |
| 8 | 1468/24-25 | शुक्रवारी | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | रामअवतार पिता श्रीराम पांडे | शिवम पिता स्व. सुभाष केशरवानी |
| 9 | 1469/24-25 | विट्ठलनगर | रजि. बैनामा, शपथ पत्र | लखनलाल पिता मोहनलाल जाटव | विक्की पिता प्यारेलाल जाटव |
| 10 | 1470/24-25 | गुरूगोविन्द | रजि. हक त्याग शपथ पत्र | राजकुमारी पति स्व. उत्तम सिंह ठाकुर | पूनम पुत्री स्व. उत्तम सिंह ठाकुर |

**कृत्ते आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**सागर म.प्र.**

## जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन द्वारा जमकर किया गया प्रदर्शन

# राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**समय जगत, पन्ना।** पन्ना जिले में केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा अनेक परियोजनाए स्वीकृत की गई है, उक्त परियोजनाए अधिकांश आदिवासी बहुल्य ईलाको में है, जैसे केन बेतवा लिंक परियोजना, पवई मध्यम, बहुउद्देशीय परियोजना, मझगांय बांध, रूंज बांध परियोजना स्वीकृत की गई है, उक्त परियोजनाओं मे प्रभावित आदिवासी परिवारो को अभी तक मुआवजा की राशि नहीं दी गई है, उन्हे केवल विस्थापित करने के आदेश जारी किये गये है, पवई मध्यम परियोजना को पूर्ण हुए चार वर्ष बीत गये, उसके बावजूद प्रभावित परिवारों को मुआवजा नहीं दी गई। इसी प्रकार मझगांय एवं रूंज बांध में आने वाले आदिवासी परिवारो भी आज दिनांक तक निर्धारित मुआवजा राशि नहीं दी गई है, इसी



प्रकार केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना केन बेतवा लिंक परियोजना में पन्ना जिला के आठ आदिवासी बहुल्य ग्राम प्रभावित हुए है, जिसमें कुड़न, गहदरा, रक्सेहा, कोनी, कटेहरी बिलहटा, खमरी, मरहा आदि, उक्त ग्रामो को अन्य स्थानो पर विस्थापित किया जा रहा है, लेकिन उन्हे न तो कहीं पर जमीन आवंटित की गई, न ही परिवार के सदस्यों के हिसाब से मुआवजा राशि दी जा रही है, उनकी चल तथा अचल संपत्ती का निर्धारण भी नहीं किया गया है, और न ही उस हिसाब से राशि आवंटित की गई है। उक्त तमाम मामलो को लेकर जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन के नेत्रत्व में हजारो की संख्या में एकत्रित हो कर आदिवासी वर्ग द्वारा कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया गया तथा मुआवजा राशि तत्काल दिये जाने की मांग की गई। आदिवासी वर्ग द्वारा जमकर तीन घंटा तक धरना दिया गया, एवं निर्धारित मानदण्ड के अनुसार मुआवजा दिये जाने की बात कही गई। संगठन तीन घंटा तक प्रदर्शन करता रहा, तथा कलेक्टर को ही ज्ञापन देने की मांग पर अड़ा रहा अन्तःता कलेक्टर के द्वारा ज्ञापन लेकर आश्वासन देते हुए मुआवजा राशि निर्धारित मापदण्ड अनुसार दिलाये जाने की बात कही गई है। उक्त ज्ञापन देने वालो में जयस के अध्यक्ष मुकेश गौड़, रामपाल सिंह, महेश प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद, दयाराम, प्रताप पटेल, रवी करण, कन्हैया लाल, गोरीबाई, मुलिया, मीना, रघुनाथ, वीरेन्द्र, अरविन्द, बुद्धु, सहित सैकडो की संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# ईश्वरीय कृपा से ही जीवन में मिलती है सामर्थ्य: हरिराय

**समय जगत, आगर मालवा।** राजा भैया रोड स्थित मुंशी परिवार सक्सेना जी की निजी हवेली में आयोजित छप्पन भोग महामहोत्सव में पधारे अनंत विभूषित द्वितीय पीठ युवराज इंदौर नाथद्वारा पूज्यपाद गोस्वामी 108 हरि राय ने अपने वचनामृत में कहा की प्रभु जब प्रेरणा देते हैं तब हमारे द्रव्य का उपयोग मनोरथ में होता है आपने कहा कि जीव की क्या सामर्थ्य वह ठाकुर जी को कुछ आरोगा सके यह ठाकुर जी की कृपा के बिना संभव नहीं है।जब हमारे मन में भगवत्सेवा सम्बन्धी, प्रभुसेवा सम्बन्धी कोई इच्छा या आकांक्षा हो वो मनोरथ है मनोरथ मतलब जिसमें हमारे माथे विराज रहे प्रभु के सुख का विचार हो व रितु अनुसार मनोरथ किया जाए। आपने कहा कि मुंशी परिवार पर द्वितीय पीठ की विशेष कृपा रही है आज 200




वर्षों से प्रभु यहां सुखेन विराज रहे हैं इस कलिकाल में प्रत्येक वैष्णव को श्रीमद् भागवत गीता श्रीमद् भागवत सुबोधिनी जी षोडशग्रंथ का एक श्लोक एक अध्याय का नित्य पाठ करना चाहिए जिससे प्रभु की शरणागति प्राप्त हो सके। महामहोत्सव के पूर्व आप की बैंड बाजे के साथ भव्यअगवानी की गई जिसमें आगे महिलाएं सिर पर कलश लिए चल रही थी रास्ते में जगह-जगह उनका पुष्पमाला से स्वागत किया गया। वैष्णव परिषद के सर्व प्रवीण मूंदड़ा प्रदीप मेठी रमेश अटल पंकज अटल सरयू सचिन सोडाणी शेलू सुर्जन राजेश मेठी राजेंद्र शर्मा गोविंद शर्मा बृजेश पालीवाल सुमित दिसावल नटवर सुरजन चेतन गवली जुगल अटल पंकज राठी सुशील लड्डा शरद मालानी सहित पदाधिकारी ने आप का परिषद की ओर से ऊपरना उडाकर स्वागत किया।

## संक्षिप्त समाचार

### लटेरी में प्रहार दिवस के रूप में मनाया गया विजय दिवस



**समय जगत, लटेरी।** सरस्वती विद्यालय लटेरी में प्रहार महायज्ञ के रूप में मनाया विजय दिवस इसमें बड़ी संख्या में लटेरी के स्वयंसेवकों ने भाग लिया लटेरी के प्रत्येक मंडल में प्रहार दिवस मनाया गया खड सहकारवा श्री राजेंद्र जी राजपूत ने बताया कि आज प्रहार दिवस के रूप में क्यों मनाते हैं आज ही के दिन 1971 में भारतीय सेना की वीरता के आगे पाकिस्तान की सेना ने आत्म समर्पण किया और बांग्लादेश को आजादी मिली थी यह युद्ध 12 दिन चला था हर वर्ष भारत में 16 दिसंबर का दिन विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### नगरीय प्रशासन मंत्री विजयवर्गीय ने सद्दाम पटेल कांट्रेक्टर को गमछा पहना कर भाजपा में किया शामिल

**समय जगत, पीथमपुर।** औद्योगिक नगरी पीथमपुर में रविवार देर शाम प्रदेश सरकार के दिग्गज मंत्री पूर्व राष्ट्रीय महासचिव व वर्तमान नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे।भाजपा नेता इस्लाम पटेल की होटल का शुभारंभ किया साथ ही कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के युवा नेता सद्दाम पटेल ठेकेदार अपने कई साथियों के साथ भाजपा में शामिल हुवे। कैलाश विजयवर्गीय ने सद्दाम पटेल को गमछा पहना कर भाजपा में शामिल किया सद्दाम पटेल कांट्रेक्टर ने मीडिया से बातचीत में बताया कि भाजपा की रीति नीतियों और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं कैलाश विजयवर्गीय के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थाम है।इस मौके पर संघटन मंत्री बड़वानी नंदकिशोर पाटीदार प्रमोद झा भाजपा जिला अध्यक्ष धार मनोज सोमानी इंदौर जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा देवास बहादुर मुकाती भाजपा नेता इस्लाम पटेल इसराईल पटेल मोमिन पटेल पत्रकार अमजद पटेल अंकित परिहार आदि व छेत्र के कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### रामलीला मेले के दूसरे दिवस शहर में धूमधाम के साथ निकली शिव बारात



**रायसेन।** शहर में ऐतिहासिक रामलीला मेले के चलते सोमवार को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नगर के पाटन देव स्थित श्री हनुमान मंदिर से शिव बारात निकाली गई जिसमें नगर के धर्म प्रेमी बाराती बनकर उत्साह के साथ शामिल हुए। शिव बारात सागर रोड भोपाल सागर तीराहा महामाया चौक सांची रोड होते हुए रामलीला मार्ग से होकर रामलीला मैदान शाम को पहुंची जहां सभी धर्म प्रेमियों ने भगवान शिव की महा आरती में उत्साह के साथ भाग लिया एवं हर हर महादेव, जय जय सियाराम के जयकारों से शिव बारात में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। शिव बारात में मेला समिति के कार्यकारी अध्यक्ष बृजेश चतुर्वेदी, पंडित राजेंद्र शुक्ला, बबलू ठाकुर, सीएल गौर, शंकर लाल चक्रवर्ती, अशोक कुमार, विजय सिंह राठौड़, जगत महाराज, आदित्य शुक्ला सहित अनेक धर्म प्रेमी शामिल

### भाजपा ने घोषित किए नौ मंडल अध्यक्ष, चन्देरी अशोकनगर पर संशय बरकरार

**अशोकनगर।** भाजपा में संगठन के चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। सबसे पहले अध्यक्षों का चयन किया जा रहा है। मंडल अध्यक्षों की घोषणा से पहले रायशुमारी की गई थी। इस रायशुमारी के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश निर्वाचन अधिकारी विवेक नारायण शेजवलकर के अनुमोदन एवं जिला पर्यवेक्षक अरुण भीमावत की सहमति के उपरांत अशोकनगर में मंडल अध्यक्षों के नाम घोषित किए गए हैं। इसके अलावा मंडल प्रतिनिधि भी बनाए गए हैं। अशोकनगर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष चंद्रजीत यादव और मंडल प्रतिनिधि शीला जाटव को बनाया गया है। इस तरह बहादुरपुर मंडल अध्यक्ष राजाबाबू दांगी और मंडल प्रतिनिधि चंद्रभान दांगी को बनाया गया है। मुंगावली मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र परिहार और मंडल प्रतिनिधि राजेश यादव जबकि पिपरई मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सिंह और मंडल प्रतिनिधि प्रद्युम्न यादव को बनाया गया है। शाढ़ौरा मंडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी और मंडल प्रतिनिधि देवेन्द्र रघुवंशी, सोनेरा मंडल अध्यक्ष अशोक रघुवंशी एवं मंडल प्रतिनिधि दिग्विजय सिंह रघुवंशी, राजपुर मंडल अध्यक्ष गोरेलाल कुशवाह और मंडल प्रतिनिधि नरेन्द्र रघुवंशी को बनाया गया है। पछार मंडल अध्यक्ष के रूप में सनत शर्मा और मंडल प्रतिनिधि श्रीमती लखन यादव को बनाया गया है।

# विधायक की उपस्थिति में लाठीचार्ज कराने वाले थाना प्रभारी पर आखिर क्यों नहीं हुई कार्यवाही ?

**समय जगत, पन्ना।** पन्ना जिले में नियम कानून की धज्जियां उडाने वाले जिम्मेवार अधिकारीयों पर वरिष्ट अधिकारी कार्यवाही करने के लिए क्यो डर रहें है, यह आम आदमी के समझ से परे है, तथा संविधान के भी विपरीत है, लेकिन राजनैतिक दबाओं के चलते बड़े अधिकारी अपने से छोटे अधिकारीयो पर ही कार्यवाही करने का साहस नहीं कर रहे है तथा उन्हे अभयदान दे रहें है, जिससे उनके होसले बुलंद है, तथा आम जनता एवं वरिष्ट अधिकारीयो के प्रति गैर जिम्मेदारना व्यवहार कर रहे है। इसी प्रकार का घटना क्रम 13 दिसम्बर को घटित हुआ, जेके सीमेंट कंपनी के सामने एक घटना क्रम को लेकर चक्का जाम हुआ, क्षेत्रीय विधायक, क्षेत्र की जनता, के साथ खड़े हुए तथा उन्होने दोनो ओर से मामले



को शांत करने का प्रयास किया लेकिन अमानगंज थाना में पदस्थ गैर जिम्मेवार थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह भदोरिया द्वारा विधायक राजेश वर्मा की उपस्थित मे ही लाठी चार्ज करा दिया गया तथा दर्जनो लोगो को बेरहमी से पीटा गया, विधायक के निजी अंग रक्षक पर भी पत्थर से हमला हुआ और वह लहू लुहान हो गये, इससे और भी अधिक स्थीति बिगड़ गई, लेकिन किसी प्रकार विधायक श्री वर्मा नें लोगो को समझा बुझाकर मामला शांत कराया, लेकिन वह इस बात से हत्यप्रव हो गये कि सत्ताधारी पार्टी के विधायक की उपस्थिती में ही बिना किसी वरिष्ट अधिकारी के निर्देशन एवं स्थिती नियंत्रण होने के बावजूद थाना प्रभारी भदोरिया द्वारा लाठी चलवाकर माहोल बिगाडने का काम किया गया। लगभग 4 दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस अधीक्षक तथा वरिष्ट अधिकारीयों द्वारा संबंधित थाना प्रभारी के खिलाफ आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिससे आम जनता में गलत संन्देश जा रहा है तथा संबंधित थाना प्रभारी को होसले बुलंद हो रहे है। ज्ञात हो कि थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह भदोरिया, द्वारा अमानगंज क्षेत्र में अवैध शराब, जुंआ, सट्टा सहित अपराधो को रोकने में ना कामयाब है, तथा आम जनता को न्याय दिलाने एवं फर्जी मुकदमे लोगो पर लगाने के मामले मे चर्चाओं मे है। उसके बावजूद किस के संरक्षण मे उन्हे अभयदान दिया जा रहा है, यह चर्चा का विषय है।

### नवनिर्वाचित भाजपा मंडल अध्यक्षों का किया स्वागत



**समय जगत, बड़वाह।** भाजपा मंडल अध्यक्षों की सूची जारी हो गई है।जिनकी सूची भाजपा मप्र के सोशल मीडिया के माध्यम से प्रकाशित की गई है।भारतीय जनता पार्टी के खरगोन जिले के मण्डल अध्यक्षो के निर्वाचन निर्विघ्न रुप से संपन्न हुए।प्रदेश निर्वाचन अधिकारी विवेक सेजवलकर की अनुशंसा पर जिले के पर्यवेक्षक महेन्द्र भटनागर की सहमति से नगर मंडल अध्यक्ष अंकित गुप्ता एवं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष खुमान जाट को निर्वाचित घोषित किया गया।भाजपा समर्थकों के द्वारा मैन चौराहा नर्मदा रोड एमजी रोड पर जमकर आतिशबाजी की ओर नए अध्यक्ष को मिठाई से मुंह मीठा करवाया साथ ही पुष्पमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।

**युवा चेहरे को बनाया नगर मंडल अध्यक्ष :** विधायक सचिन बिरला नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बताया कि संगठन की नई नीति के तहत युवा चेहरों को पार्टी की जिम्मेदारी को लेकर कई कयास लगाए जा रहे थे। ऐसा पहली बार हुआ है कि 33 वर्षीय अंकित गुप्ता को नगर मंडल अध्यक्ष की बागडोर सौंपी गई है।इस पद के चलते संगठन में कई युवाओं के नाम भी सामने आए थे।गुप्ता की नियुक्ति पर महिम ठाकुर सुरेंद्र पंड्या परमीतसिंह सन्नी भाटिया आकाश दांगी रमेश विजयवर्गीय अभिजीत उमड़ेकर जिम्मी तोमर सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित की। पार्टी के इस स्पष्टीकरण से जहां वर्तमान अध्यक्षों के एक बार फिर अध्यक्ष बनने की उम्मीद पर विराम लग गया है, वहीं उनके विरोधी खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई है। वह दावेदार भी उत्साहित हो गए हैं, जो वर्तमान अध्यक्षों के आए दिन किए जा रहे दावों के चलते अपनी दावेदारी को कई बार कमजोर पा रहे थे और हतोत्साहित हो जा रहे थे।

# अधिकारी प्रभावी ढंग से करें अपने दायित्वों का निर्वहनः कलेक्टर

**समय जगत, खरगोन।** मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान आज से प्रारंभ हो गया है। सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को अपने दायित्व का पूर्ण रूप से पता होना चाहिए, हमें केवल खाना पूर्ति नहीं करनी है, जिन विभागों को लक्ष्य दिए गए हैं वह शत-प्रतिशत लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करें। यह सख्त निर्देश कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक के दौरान दिए। कलेक्टरने कहा कि शिविर लगने के पूर्व ही सर्वे कर प्रकरण चिन्हित कर ले, जिससे शिविर के दिन ही उनका निराकरण किया जा सके। अधिकारियों से कहा कि जनपद्वार व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर कार्य की प्रगति की जानकारी डालते रहे। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव द्वारा की गई घोषणाओं के प्राक्कलन एवं प्रस्ताव तत्काल तैयार कर स्वीकृति के लिए शासन को भेजने के निर्देश दिए गए।



## अभियान के तहत् जनपद पंचायत नलखेड़ा के समस्त सेक्टर अधिकारी , शिविर प्रभारी एवं मैदानी अमले की बैठक सम्पन्न

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में सभी पात्र व्यक्ति को लाभ दें : कलेक्टर



**आगर-मालवा।** मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभ देकर उसके जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण अभियान है, संपर्क दल घर-घर जाकर सर्वे करें, सर्वे से कोई भी घर छूटे नहीं, प्रयास करे कि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिले, संपर्क दल एवं सभी अधिकारी अभियान को पूरी गंभीरता से ले यह निर्देश कलेक्टर श्री सिंह ने मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अन्तर्गत आज आजीविका मिशन नलखेड़ा में जनपद पंचायत नलखेड़ा के समस्त सेक्टर अधिकारी , शिविर प्रभारी एवं फील्ड स्टाफ की बैठक में दिये। कलेक्टर ने कहा कि अभियान अन्तर्गत प्राप्त प्रत्येक आवेदक का आवेदन सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज करवाए, किसी भी आवेदक का आवेदन दर्ज होने से लंबित नहीं रहे। अभियान में कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजना का लाभ प्राप्त करने से वंचित नहीं रहे। राज्य शासन के निर्देशानुसार जनकल्याणकारी योजनाओं में पात्र व्यक्ति को लाभान्वित करने हेतु 11 दिसम्बर से 26 जनवरी 2025 तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान और 11 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व चलाया जा रहा है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम सर्वेश यादव,लोक सेवा प्रबंधक लखनसिंह, एसएलआर प्रीति चौहान, परिवहन अधिकारी बरखा गौड़, जनपद सीईओ नलखेड़ा जितेन्द्र सिंह सेंगर, जनप्रतिनिधि श्रीमती केसरबाई, मुकेश चौहान, ईश्वर सिंह, जनपद सदस्य, ग्राम पंचायतों के सरपंच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं संबंधित विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

### सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव ने किया बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह धौलपुर का निरीक्षण



**समय जगत, धौलपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर सदस्य सचिव के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में 16 दिसंबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सचिव रेखा यादव द्वारा राजकीय बाल संप्रेषण एवं शिशु गृह धौलपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संप्रेषण गृह के सभी बालकों से रूबरू होकर गृह में बच्चों के भोजन, आवास, चिकित्सीय व्यवस्था, रसोई घर, शौचालय, स्नानगृह इत्यादि सुविधाओं का जायजा लिया तथा शिशु गृह के बच्चों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड धौलपुर, क.स. संप्रेषण गृह धौलपुर संजय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर के आशुलिपिक राहुल डंडोतिया मौजूद रहे।

### भारत रत्न से सम्मानित होंगे, फिल्म शोमैन राजकपूर मरणोपरांत राहु ग्रह दिलाएगा यह सम्मान

**समय जगत, कटनी।** आर के पाठक भविष्यवक्ता मध्य प्रदेश के कटनी जिला के जन्म कुंडली विश्लेषक एवं भविष्यवक्ता पंडित आर के पाठक ने फिल्म अभिनेता ओर निर्माता और निर्देशक राज कपूर के स्वर्ण जयंती 100 वर्ष पूर्ण होने पर उनकी जन्म कुंडली का विश्लेषण किया। राज कपूर की जन्म कुंडली में सूर्य ग्रह ओर राहु ग्रह बलवान स्थिति में है जब वो जीवित थे तब उन्हें पद्म श्री ओर फिल्म जगत का सबसे बड़ा पुरस्कार दादा साहेब फाल्के पुरस्कार भी दिया गया था। अब मरणोपरांत भी राहु ग्रह के कारण सम्मान मिलेगा। 14 दिसम्बर 1924 को सुबह 10 बजे मकर लग्न और कर्क राशि में पेशावर अब पाकिस्तान में पंजाबी परिवार में जन्म हुआ था। 14 दिसम्बर 2024 को 100 स्वर्ण जयंती वर्ष हो गए हैं। अभी वर्तमान में उनकी जन्म कुंडली में कलयुग के राजा राहु ग्रह की महादशा चल रही है। जिस किसी भी की जन्म कुंडली में सूर्य ग्रह और राशि स्वामी एवं लग्न का स्वामी ,पब्लिक और सत्ता सरकार के स्थान के स्वामी बलवान स्थिति में होते हैं तो उनको मृत्यु के बाद भी सम्मान मिलता रहता है। शुक्र अपनी तुला राशि और शनि की उच्च राशि ने उन्हें सफल अभिनेता निर्माता और निर्देशक बनाया था । भविष्य वक्ता पाठक जी सन 2001से भविष्यवाणी कर रहे हैं और अभी तक 95प्रतिशत भविष्यवाणी सच हुई है। प्रमुख रूप से 6 नवम्बर 2024 को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा शिवसेना एवं एनसीपी महायुति की सरकार बनने की भविष्यवाणी की गई थी जो 6 दिसंबर 2024 को शपथ के साथ सरकार बनने पर सच हुई हैं। भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीनों कार्यकाल की चुनाव के 1 ओर 2 वर्ष पूर्व में की गई थी। सन 2014 के लिए 2013 में और 2019 के लिए 2017 में 2024 के लिए 2022 में भविष्यवाणी प्रकाशित हुई थी। जो सभी सत्य हुई है।

# एडीजे रेखा यादव ने किया जिला कारागृह एवं जेल लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण

**समय जगत, धौलपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अध्यक्ष सतीश चंद के निर्देशन में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रेखा यादव द्वारा जिला कारागृह धौलपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिला कारागृह में स्थापित प्रिजिन लीगल एड क्लिनिक के संबंध में माननीय नालसा द्वारा जारी एस.ओ.पी. में वर्णित दिशा-दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित



किये जाने एवं केस टेबिल संधारित किये जाने के निर्देश दिये। निर्धन बंदियों के लिए आर्थिक सहायता बाबत अभियान, अपराध के समय से नाबालिग बंदियो को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये तथा निःशुल्क विधिक सहायता के प्राप्त प्रार्थना पत्रों के संबंध में जानकारी ली। बंदियों को कारागृह मे मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे भोजन, आवास, नाश्ता, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सीय सुविधाओं व रसोईघर, बैरक इत्यादि का जायजा लिया तथा उन्होंने कारागृह के निरुद्ध नये बंदियों सहित एक-एक बंदीगण से वार्ता कर उनके प्रकरणों में पैरवी हेतु अधिवक्ता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जेल में स्थित रसोई घर में पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया तथा आवश्यक निर्देश दिये। इस मौके पर चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अमित कम्ठान, असिस्टेंट एलएडीसी दीपक सिंह सिकरवार, जेल क्लीनिक पर कार्यरत पीएलवी इंद्रेश शर्मा, प्राधिकरण के आशुलिपिक राहुल डण्डोतिया, जेल अधीक्षक सुमन मीणा सहित कारागृह का स्टॉफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

## बस स्टैंड आश्रय स्थल की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने निगमायुक्त ने जारी किया आदेश

# शीत लहर के प्रकोप से बचाने बेघर व्यक्तियों को पहुंचाएं आश्रय स्थल:आयुक्त

**समय जगत, कटनी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रदेश में शीत ऋतु में शीत लहर के प्रकोप से विशेषकर खुले आसमान के नीचे सोने वाले बेघर व्यक्तियों को राहत प्रदान करने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने जारी निर्देशों के अनुपालन में आयुक्त नीलेश दुबे ने नगरपालिक निगम कटनी द्वारा संचालित आश्रय स्थल रैन बसेरा बस स्टैण्ड में कार्य व्यवस्थाओं हेतु आदेश जारी कर विभिन्न दायित्व सौपे है। श्री दुबे ने आश्रय स्थल का होर्डिंग एवं समाचार पत्रों के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करने,आश्रय स्थल में साफ़-सफ़ाई कीटनाशक दवा



छिड़काव, सैनिटाइज़र हैंडवॉश उपलब्ध कराने, ठंड से बचाव हेतु अलाव व्यवस्था कराने, आश्रय स्थल में ठहरने वाले हितग्राहियों के स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था किए जाने के साथ साथ अतिक्रमण दल को सर्दी के मौसम में मोबाइल वैन के माध्यम से रात्रि के समय नगर में भ्रमण कर बेघरों को आश्रय स्थल तक सुविधाजनक पहुंचाये जाने के निर्देश दिये है।आयुक्त ने रैन बसेरा में संपूर्ण व्यवस्थाओं का समय समय पर निरीक्षण हेतु पवन कुमार अहिरवार उपायुक्त वित्त को मॉनिटरिंग अधिकारी बनाया है साथ ही संपूर्ण कार्य व्यवस्था कराये जाने हेतु प्रभारी अधिकारी रैन बसेरा जागेश्वर प्रसाद पाठक राजस्व अधिकारी को निर्देशित किया हैं।

अच्छे जवाब के लिये मंत्री को देना चाहिये धन्यवाद : विधानसभा अध्यक्ष

# शासन की नीति के अनुसार किया जाएगा बुरहानपुर मिल के श्रमिकों की देनदारियों का भुगतान : मंत्री श्री काश्यप



**समय जगत, रतलाम।** एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने राज्य विधानसभा में भाजपा विधायक श्रीमती अर्चना चिटनीस को आश्वस्त किया कि बंद पड़ी सहकारी सूत मिल बुरहानपुर के श्रमिकों एवं कर्मचारियों को देय वेतन एवं अन्य देनदारियों का भुगतान शासन की नीति के अनुसार किया जायेगा। आवश्यक हुआ तो इस संबंध में श्रमिकों और विधायक जी से चर्चा भी की जायेगी। श्रीमती चिटनीस ने सवाल पूछा था कि मिल के परिसमापन के 25 वर्षों बाद भी श्रमिकों और कर्मचारियों के बकाया वेतन और ग्रेच्युटी का भुगतान कब तक किया जायेगा? अपने जवाब में मंत्री जी ने कहा कि शासन ने पिछले दिनों इंदौर की बंद पड़ी हुकुमचंद मिल के कर्मचारियों को 224 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। इसी तरह उज्जैन और रतलाम की बंद मिलों के कर्मचारियों के बकाया भुगतान की प्रक्रिया भी चल रही है। बुरहानपुर का मामला मेरे संज्ञान में अभी आया है। शासन की नीति के अनुसार इसमें भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि बुरहानपुर मिल का मामला न्यायालय में लंबित है, इसलिये समय-सीमा बताना संभव नहीं है। बुरहानपुर की मिल वर्ष 1999 से परिसमापन में है और उस समय कर्मचारियों की एक करोड़ 51 लाख रुपयों की देनदारी बाकी थी। कर्मचारियों के अलावा बैंकों की देनदारियाँ भी बाकी है। श्रीमती चिटनीस ने मंत्री जी को अवगत कराया कि नेशनल हाईवे पर मिल की 57 एकड़ जमीन है। हुकुमचंद मिल की तरह इस मिल की जमीन विक्रय कर कर्मचारियों की देनदारियों का भुगतान किया जाये। उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि मंत्री जी ने समुचित जवाब दिया है। इस पर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने विधायकों से आग्रह किया कि जब मंत्री प्रश्नों के समाधानकारक जवाब देते हैं, तो उन्हें धन्यवाद भी दिया जाना चाहिये।

# समय पर स्कूल पहुंचने वाली शिक्षिकाओं को पुष्प भेंटकर किया स्वागत




**समय जगत, गंजबासौदा।** डीपीसी आर पी लखेर के निर्देशानुसार विकासखंड के शिक्षकों को समय पर स्कूल पहुंचने हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उन्हें सम्मानित करने की पहल जिला शिक्षा केंद्र के द्वारा की गई है। इसके तहत विकासखंड के बीआरसी एवं जन शिक्षकों द्वारा स्कूलों का दौरा करके उन शिक्षकों को सम्मानित करेगी, जो नियमित रूप से समय पर विद्यालय पहुंचते हैं और अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाते हैं। तो वही मंगलवार को बीआरसी बृजेंद्र सिंह रघुवंशी द्वारा सुबह 10.05 पर शासकीय माध्यमिक एबं प्राथमिक विद्यालय हथौडा का औचक निरीक्षण किया गया। जहां उन्होंने मा. शाला मे निर्मला द्विवेदी माधवी भाटिया सरिता रानी मंजीता भारती एबं प्रा.शा. मे रमा श्रीवास्तव भारती शर्मा प्रीति शर्मा को पुष्प भेटकर सभी शिक्षिकाऔ का सम्मान किया। बीआरसी बृजेंद्र सिंह ने बताया कि शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने और शिक्षक समय से आये और जाये इस उद्देश्य से ये पहल की जा रही है। समय पर स्कूल पहुंचने वाले शिक्षक न केवल अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाते हैं, बल्कि वे बच्चों के लिए एक आदर्श भी बनते हैं। इस पहल के जरिए उन्हें सराहा जाएगा और उनके कार्यों को समाज के सामने लाया जाएगा। स्कूलों में देरी से पहुंचने वाले शिक्षकों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। सोमवार से टीम विकास खंड के स्कूलों का दौरा शुरू कर रही है और शाला में समय पर पाये जाने वाले शिक्षकों को सम्मान स्वरूप फूल माला से स्वागत भी कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### गरीब जरूतमंदों की आवाज थे श्री खरया



**समय जगत, मण्डला।** महाकौशल के प्रसिद्ध अधिवक्ता प्रमोद खरया का निधन बीते दिनों ईलाज के दौरान हो गया था उनके निधन का समाचार राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेयी को प्राप्त हुआ। वे श्री खरया के गृह निवास पहुंचे और श्रृद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके पुत्र अधिवक्ता आलोक खरया से दुख व्यक्त करते हुए कहा कि महाकौशल ने आज एक ऐसे अधिवक्ता को खोया है जिसकी पूर्ति जीवन पर्यंत नही हो पाएगी। मण्डला जिले के ही नही पूरे महाकौशल के वरिष्ठ अधिवक्ताओं में सुमार प्रमोद भाई उनके अच्छे मित्र भी हुआ करते थे उन्होंने कभी वकालत को व्यवसायिक रूप से नही दिया, गरीब और जरूरतमंदो के लिए उन्होंने हमेशा निश्शुल्क सेवा दी है। श्रृद्धांजलि के दौरान पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, कैलाश डहेरिया उमाशंकर गुड्डू सिंधिया, दीपक कछवाहा, रोहित बघेल, अनमोल अग्रवाल के साथ परिजन व मित्र उपस्थित रहे।

### शोकाकुल परिवार से मिले राष्ट्रीय संयोजक




**समय जगत, मण्डला।** सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक नजीर अहमद खान के इंतकाल हो जाने पर शोकाकुल परिवार से मिलने के लिए राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेयी पहुंचे और श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राजस्व विभाग में नजीर अहमद खान का कार्यकाल सराहनीय ही नही उम्मदा रहा है गरीब जरूरतमंदो की मदद के लिए अब्बा जी को जाना और पहचाना जाता था इस दौरान उन्होंने उनके पुत्र पत्रकार इस्माइल खान से कहा कि पिता की पूर्ति कोई नही कर सकता संकट का समय जरूर है लेकिन विधि का विधान कौन मिटा सकता है। इस दौरान पत्रकार परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, कैलाश डहेरिया उमाशंकर गुड्डू सिंधिया, दीपक कछवाहा, रोहित बघेल, अनमोल अग्रवाल, गुड्डा भाईजान के साथ परिजन व मित्र उपस्थित रहे।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

**समय जगत, चुरहट।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक चुरहट जिला सीधी में विकासखंड स्तरीय नि:शुल्क चिकित्सक मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष उर्मिल साकेत एवं चुरहट नगर परिषद अध्यक्ष मोनिका गुप्त ,विकासखंड के बीआरसी रामपुर नैकिन श्रीप्रकाश जायसवाल ,सहायक जिला परियोजना समन्वयक आईडी जिला शिक्षा केंद्र सीधी रजनीश श्रीवास्तव राजेश तिवारी एमआरआई बृजेश कुमार त्रिपाठी संदीप कुमार नामदेव अकाउंटेंट शिवदयाल शर्मा चिकित्सीय मूल्यांकन सिविल में 153 दिव्यांग छात्रों दारा उपस्थिति दि गई है।

# सीएमसीएलडीपी के छात्रों ने सीखी कानून की बारीकियां




**समय जगत, बीनागंज।** मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अध्ययन केंद्र-शासकीय कन्या महाविद्यालय बीनागंज विजयश्री जनकल्याण परिषद नवांकुर संस्था, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद और विधिक सेवा प्राधिकरण जिला गुना के संयुक्त संयुक्त तत्वाधान में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। विधिक साक्षरता शिविर में सुश्री रोमिका गुर्जर एडवोकेट एडीजे कोर्ट चांचौड़ा ने छात्रों को विधिक साक्षरता अधिनियम 1987 के अंतर्गत महिलाओं, अनुसूचित जाति, जनजाति,18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गंभीर बीमारी से पीड़ित, 500000 प्रतिवर्ष से कम आय वाले व्यक्ति को विधिक सेवा समिति को या माननीय न्यायालय को आवेदन देकर निशुल्क न्याय प्राप्त करने हेतु आवेदन दे सकते हैं,इसके अंतर्गत निशुल्क शासकीय अधिवक्ता, प्रकरण से संबंधित नकल,अनुवाद नकल,टाइप, कागजों का शुल्क और गवाहों का किराया खर्चा सर्वोच्च न्यायालय तक निशुल्क प्रदान किया जाता है। रोमिका गुर्जर नें मास्टर ऑफ सोशल वर्क और बैचलर ऑफ सोशल वर्क के छात्रों को पास्को एक्ट के बारे में बताते हुए कहा कि 18 साल से कम आयु के बच्चों के यौन उत्पीड़न के मामले दिन प्रतिदिन बढ़ रहे हैं,इनको रोकने की जिम्मेदारी हम सब की है, गुड टच और बैड टच की जानकारी देते हुए बताया कि अगर कोई बच्चों को बेड टच करता है तो बच्चों को इसकी शिकायत अपनी मां और अपने स्कूल की महिला शिक्षिका घटना बताते हुए करना चाहिए, माता-पिता और अभिभावकों को बच्चों से मित्रवत व्यवहार किया जाना चाहिए,जिससे किसी बात को नहीं छुपा सके। घरेलू हिंसा अधिनियम के अंतर्गत महिलाओं के साथ होने वाली शोषण की घटनाओं को महिलाएं नजरअंदाज नहीं करें वह प्रोटेक्शन ऑफिसर महिला बाल विकास अधिकारी परियोजना ब्लॉक मुख्यालय पर आवेदन देने परियोजना अधिकारी स्वयं प्रकरण सीधे न्यायालय में प्रस्तुत करेगा। महिलाएं पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करने जाती हैं अगर एफआईआर दर्ज नहीं करते हैं, तो सीधे न्यायालय में प्रकरण दर्ज करवा सकते हैं।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक छात्रावास में छात्रों को वितरित किए कंबल



**समय जगत, हरदा।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक छात्रावास में सिख समाज, पंजाबी समाज, एवं समस्त समाज समाजसेवियों के सहयोग से छात्रावास के सभी 100 छात्रों को उपहार स्वरूप ऊनी कंबल प्रदान किए गए।इस आयोजन में मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल के करकमलों द्वारा कंबलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जितेंद्र सिंह खनूजा, सलूजाजी, मल्होत्राजी, टुटेजाजी, सुरजीत बजाज विधानी जी, जुनेजाजी, शिक्षा विभाग से डीपीसी बलवंत पटेल,पी.एन.कीर एपीसी जिला शिक्षा विभाग हरदा के अधिकारी उपस्थित रहे।छात्रावास के सहायक वार्डन आर.एल. रावत एवं विक्रम भुवन पांडे सहित अन्य समाजसेवियों एवं दानदाताओं ने भी समारोह में भाग लिया।इस अवसर पर कमल पटेल ने सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए उनकी सेवा भावना की सराहना की।

सचिवों की अनुकंपा नियुक्ति के 19 मामले अटके

# अगस्त और सितंबर माह में संचालनालय ने दो बार मांगी जानकारी, सीईओ ने नहीं भेजा प्रस्ताव




**समय जगत, ब्यौहारी।** ब्यौहारी सहित जिले के जिले की अलग-अलग जनपद पंचायत में सचिवों की आकस्मिक मृत्यु के बाद उनके परिजन अनुकंपा नियुक्ति के लिए 6 साल से कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। ऐसे आवेदकों की संख्या 19 बताई जा रही है। पहले तो इन आवेदकों को जिले में पद खाली नहीं होने की बात कहकर मामले को पेंडिंग में रखा गया। इस बीच अनुकंपा नियुक्ति की राह तक रहे पीड़ितों की परेशानी तब और बढ़ गई जब भोपाल से राज्य स्तर पर खाली पदों को अनुकंपा नियुक्ति से भरने के लिए जानकारी मांगी गई और शहडोल जिला पंचायत सीईओ आर अंजली ने दो माह में जानकारी भोपाल नहीं भेजी। इस बीच प्रदेश के अन्य जिलों से जानकारी पहुंची तो वहां के आवेदकों को भोपाल से नौकरी के लिए ज्वाइनिंग का पत्र भी मिल गया। इधर, शहडोल के आवेदक अभी भी जिला पंचायत से लेकर कलेक्टर और कमिश्नर कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। अनुकंपा नियुक्ति की राह तक रहे ऐसे 6 आवेदक सोमवार को भी अलग-अलग जगहो से कार्यालय पहुंचे और न्याय की गुहार लगाई। बता दें कि पंचायत राज संचाल नालय द्वारा मध्यप्रदेश के सभी जिला पंचायत सीईओ को पहला पत्र 30 अगस्त 2024 को लिखा गया। इसमें मध्यप्रदेश शासन के उस संशोधन का भी जिक्र किया गया जिसमें अनुकंपा नियुक्ति की पात्रता तीन वर्ष से बढ़ाकर मृत्यु दिनांक से सात वर्ष की गई और 1 अप्रैल 2018 के बाद के प्रकरणों की ।

आवेदकों का कहना है कि राज्य शासन ने राहत दी तो अब जिला पंचायत के अधिकारी इसमें बड़ी बाधा बन गए हैं। जिन आवेदकों को अनुकंपा नियुक्ति का इंतजार है। उनमें सौरभ गुप्ता, राजेंद्र सौंधिया, ओमप्रकाश गुप्ता, सुनील कुमार मिश्रा, प्रदीप तिवारी, मनीष कनकने, हिमांशु रिछारिया, आशीष गुप्ता, सनल साहू, ओमप्रकाश बर्मन, अखिलेश मिश्रा, मोहम्मद निषाद सहित अन्य शामिल हैं। इनका कहना है कि पिता की मृत्यु के बाद अनुकंपा नियुक्ति की राह तक रहे परिवारों को राज्य शासन ने मृत्यु दिनांक से तीन वर्ष तक अनुकंपा की शर्तों में संशोधन कर सात वर्ष किए जाने के बाद यहां कई आवेदकों की नौकरी को लेकर उम्मीद जगी है।

**संचालनालय से मांगी गई जानकारी**

संचालनालय से भेजे गए इस पत्र पर एक माह में जानकारी नहीं पहुंची तो दूसरा पत्र 27 सितंबर 2024 को भेजा गया। इस पत्र में भी जल्द जानकारी प्रेषित करने की बात कही गई। जानकर ताज्जुब होगा कि इस पत्र के दो माह बाद भी शहडोल जिला पंचायत से जानकारी भोपाल के लिए प्रेषित नहीं हुई।

### डाली विश्नोई ने कैनोइंग कयाकिंग में 2 ब्राउंज और 1 सिल्वर मेडल जीतकर हरदा जिले का नाम किया रोशन



**समय जगत, हरदा।** जिले के अबगांवकलां निवासी किसान महेश विश्नोई की पुत्री डाली विश्नोई ने कैनोइंग कयाकिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीत दर्ज की है।

36वीं सीनियर कैनोइंग कयाकिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता टिहरी डैम उत्तराखंड में आयोजित हुई थी। डाली विश्नोई ने 1 किमी, 500 मीटर एवं 200 मीटर रेस में 2 ब्राउंज और 1 सिलवर मेडल जीता। डाली ने प्रतियोगिता में विजय प्राप्त कर अपना,परिवार,समाज और जिले का नाम रोशन किया है। इससे पहले भी डाली ने राष्ट्रीय स्तर की कई प्रतियोगिताओं में मेडल जीते हैं। इसी साल जून में डाली ने थाईलैंड में आयोजित अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी हिस्सा लिया था। ध्यान रहे कि डाली बिटिया पत्रकार विजय विश्नोई की भांजी हैं।

# अमृत 2.0 के कार्यों व सफाई व्यवस्था का महापौर प्रहलाद पटेल द्वारा निरीक्षण

**समय जगत, रतलाम।** शहर के नागरिकों को पर्याप्त मात्रा व दबाव से पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिछाई जा रही नवीन पेयजल पाईप लाईन कार्य का निरीक्षण महापौर प्रहलाद पटेल ने कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधितों को दिये साथ ही इंदिरा नगर सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर सफाई का कार्य नियमित करने तथा कचरा यथा समय उठाने के निर्देश संबंधित को दिये। इंदिरा नगर में बिछाई जा रही पेयजल पाईप लाईन का महापौर प्रहलाद पटेल ने अवलोकन कर कार्य में गुणवत्ता बनाये रखने के निर्देश संबंधितों को दिये साथ ही यह भी निर्देया दिये कि पाईप लाईन को ढंकने से पहले पानी के प्रेशर से टेस्टींग अनिवार्य रूप से की ताकि लीकेज आदि की समस्या का समाधान तत्समय हो सकें। इसके अलावा उन्होने नवीन पेयजल पाईप लाईन से नल कनेक्शन करने से पहले जलकर डायरी, बकाया राशि इत्यादी की जांच करने के निर्देश दिये। रतलाम नगर की सफाई व्यवस्था को ओर अधिक सुदृढ़ बनाये जाने हेतु महापौर प्रहलाद पटेल द्वारा सत्त निरीक्षण किया जाकर संबंधितों को निर्देशित किया कि जहां पर भी कचरा एवं गंदगी पाई गई तो संबंधितों के विरूद्ध निलंबन/सेवा से पृथक कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान महापौर प्रहलाद पटेल ने बताया कि रतलाम नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जायेगी। कार्य में लापरवाही बररतने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरूद्ध निलंबन/सेवा से बर्खास्त करने की कार्यवाही की जायेगी। महापौर प्रहलाद पटेल ने निरीक्षण के दौरान नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने घर व दुकानों से निकलने वाले कचरे यहां-वंहा ना डालते हुए गीले एवं सूखे कचरे का स्त्रोत पर ही पृथक्कीकरण कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में डाले। उन्होने कहा कि स्वच्छता हेतु नगर निगम तो अपना कार्य कर ही रही नागरिकों का भी कर्तव्य है कि वे भी स्वच्छता में अपना अमूल्य योगदान देवें। निगम आयुक्त हिमांशु भट्ट ने वार्ड क्रमांक 49 व बाजार क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर तत्परता से सफाई का कार्य करने के निर्देश दिये इस दौरान बिना सूचना के 3 अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन काटने तथा कारण बताओ सूचना-पत्र जारी करने के निर्देश दिये।

# केन्द्रीय मंत्री ने आशुतोष जायसवाल का किया सम्मान



**समय जगत, मण्डला।** 16 दिसंबर को केन्द्रीय सडक़ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में खेल प्रतिभाओं का सम्मान किया। जिसमें मंडला जिले के आशुतोष जायसवाल एवं पूर्णिमा रजक को सम्मानित किया गया है। बता दें कि आशुतोष जायसवाल ने अभी हाल ही में पंजाब में आयोजित सब जूनियर नेशनल वूशु स्पर्धा में मध्यप्रदेश का नेतृत्व किया था एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। वही पूर्णिमा रजक ने राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पदक प्राप्त किए हैं। यह कार्यक्रम जनसंपर्क कार्यालय कमला रोड नागपुर में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में श्री गडकरी एवं अनेक नामचीन हस्तीयों ने शिरकत की है। वहीं इस दौरान श्री गडकरी ने आशुतोष से चर्चा करते हुए बुशू खेल के बारे में पूछा आशुतोष ने अपना परिचय दिया और इस खेल की विधि को बताया श्री गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार खिलाडिय़ो के लिए अनेक आयोजन समय-समय पर करती है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय पर खिलाडिय़ों को और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होगी। उन्होंने आशुताष और पूर्णिमा को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है। इस दौरान विकास जायसवाल, श्रीमति ज्योति जायसवाल, किशोर रजक, माया रजक सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

शिवपुरी में लगेगा स्वदेशी मेला

# कार्यक्रम को लेकर स्वदेशी जागरण मंच की बैठक संपन्न




**समय जगत, शिवपुरी।** शिवपुरी जिले में स्वदेशी मेला स्थानीय पोलो ग्राउंड परिसर में लगाए जाने हेतु स्वदेशी जागरण मंच संगठन द्वारा तय किया गया है! जानकारी देते हुए स्वदेशी जागरण मंच के प्रांतीय संघर्ष वाहिनी प्रमुख सुरेश दुबे एवं शिवपुरी जिला संयोजक गोपाल गौड़ ने संयुक्त रूप से बताया कि स्वदेशी जागरण मंच संगठन के द्वारा संपूर्ण भारत में जगह-जगह स्वदेशी मेला का आयोजन किया जाता है! इसी क्रम में 31 जनवरी से 25 फरवरी तक शिवपुरी के स्थानीय पोलो ग्राउंड परिसर में स्वदेशी मेला का आयोजन संपन्न कराया जावेगा! इसके संबंध में वृहद स्तर पर बैठक का आयोजन एक कार्यक्रम के साथ स्थानीय मातोश्री होटल सभागार में किया गया! कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल से क्षेत्रीय संगठक केशव दुबौलिया उपस्थित थे वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्वालियर से पधारे स्वावलंबी भारत अभियान के सहसंमन्वयक राकेश शर्मा एवं गंगाचल गैस एजेंसी के संचालक राकेश शर्मा शिवपुरी ने की! कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत माता का पूजन करने के पश्चात अतिथियों द्वारा विभिन्न जानकारियां दी गई! इसी क्रम में शिवपुरी में लगने वाले स्वदेशी मेला की समिति का गठन किया गया! जिसमें लवलेश जैन को संयोजक, डॉक्टर सुखदेव शर्मा, डॉ सतीश भार्गव, श्रीमती सुषमा पांडे, गोपाल गॉड एवं राहुल गोयल को सहसंयोजक का उत्तरदायित्व सोपा गया! स्वदेशी मेला के पालक की जिम्मेदारी अतुल शर्मा एवं उमेश शर्मा को दी गई! कार्यक्रम के दौरान अन्य समितियां गठित करने का उत्तरदायित्व प्रांतीय संघर्ष वाहिनी प्रमुख सुरेश दुबे को सौंपा गया! सुरेश दुबे द्वारा बताया गया कि शीघ्र ही अन्य समितियां गठित कर आगामी कार्यवाही प्रारंभ की जावेगी।

# नव निर्वाचित मंडल अध्यक्षों को मिली बधाई



**समय जगत, चुरहट।** भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के महामंत्री एवं चुरहट के पूर्व विधायक शरदेनदु तिवारी ने जिले के सभी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।चुरहट विधानसभ के अंतर्गत नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष रजनीश शुक्ला प्रमोद सिंह,नीरज मिश्र हीरा सिंह गौड़ विनोद पटेल और बुदसेन शाहू भाजपा प्रदेश महामंत्री शरदे तिवारी से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया।नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को मिठाइयां खिलाकर अभिनंदन करते हुए मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश महामंत्री तिवारी ने कहा कि आप सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सरकार के कार्यक्रमों को जनता जनार्दन तक पहुंचाएं। जनता के कल्याण के लिए कार्य करें। इसके साथ ही पार्टी की गतिविधियों एवं कार्यक्रमों को अच्छ से लागू करें।रचनात्मक कार्यक्रम और सेवा भावना से जनता के दिल को जीते।नए मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति से पार्टी को और मजबूती प्राप्त होगी और साथ ही कार्यकर्ता ओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार होगा।इस दौरान सभी मंडल अध्यक्षों ने प्रदेश महामंत्री तिवारी का माल्यार्पण कर उनके प्रति आभार व्यापित किया।इस अवसर पर चुरहट एवं परखुडी मंडल सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।